जबलपुर
मंगलवार, 16 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-09
वर्ष : 20, अंक : 140
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com







## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को पीएम मित्रा पार्क की सौगात

# मुख्यमंत्री ने कहा- हम इसे देश का मॉडल पीएम मित्रा पार्क बनाएंगे, यह प्रदेश की कॉटन इंडस्ट्री को पुनर्स्थापित करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में कुल 7 पीएम मित्रा पार्क (पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) मंजूर किए गए हैं। जहां दूसरे राज्य पीएम मित्रा पार्क की स्थापना के लिए प्राथमिक तैयारियां ही कर रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हमारी सरकार 17 सितंबर को धार जिले के भैंसोला गांव में देश के पहले और सबसे बड़े पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन कराने जा रही है। उन्होंने कहा कि हम इसे देश का मॉडल पीएम मित्रा पार्क बनाएंगे।

> पार्क में भूमि आवंटन के लिए 114 कंपनियों के आवेदन मिले , 91 कंपनियों को लैंड अलॉटमेंट किए गए

### मालवा क्षेत्र के किसानों के उत्पादित कपास की खपत लोकल लेवल पर ही हो जाएगी


सीएम ने पीएम के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

### एक से डेढ़ साल में उत्पादन भी शुरू होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क प्रदेश की कॉटन इंडस्ट्री को पुनर्स्थापित करेगा। यहां कपास से धागा, धागे से कपड़ा और रेडीमेड गारमेंट्स, होजियरी आइटम्स सहित ऑल वेदर वियरिंग्स तैयार किए जाएंगे। पीएम मित्रा पार्क की स्थापना के बारे में प्रदेश के किसानों को हर तरीके से जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क में अधोसंरचना विकास के लिए सभी जरूरी निर्माण कार्य जारी हैं। इन निर्माण कार्यों के साथ लैंड अलॉटमेंट पाने वाली कंपनियों की ओर से अपने कारखाने और निर्माण इकाइयां भी समानांतर रूप से निर्मित की जाएंगी। इससे आने वाले एक से डेढ़ साल के दौरान ही निवेशक कंपनियों की निर्माण इकाइयों में उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।

### भूमिपूजन से पहले ही लैंड अलॉटमेंट की कार्रवाई पूरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि देश के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल पार्क (पीएम मित्रा पार्क) में भूमिपूजन होने से पहले ही लैंड अलॉटमेंट की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। पीएम मित्रा पार्क में भूमि आवंटन के लिए 114 कंपनियों के आवेदन मिले थे। इन कंपनियों ने पीएम मित्रा पार्क में निवेश करने की प्रबल रुचि व्यक्त कर लैंड अलॉटमेंट के लिए के लिए आवेदन किया है। आवेदन करने वाली कंपनियों में से 91 कंपनियों के आवेदन मंजूर कर इन्हें लैंड अलॉटमेंट कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम मित्रा पार्क में लैंड अलॉटमेंट कमेटी की ओर से विभिन्न कंपनियों और निर्माण इकाइयों को कुल 1294.19 एकड़ भूमि आवंटित करने की अनुशंसा कर दी गई है।

### प्रमुख निवेश प्रस्ताव कुछ इस तरह से मिले

देश की जिन अग्रणी टेक्सटाइल कंपनियों को पीएम मित्रा पार्क में भूमि आवंटित की गई है, उनकी ओर से बड़े स्तर पर निवेश के प्रस्ताव दिए गए हैं। इसमें प्रमुख रूप से वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड 2000 करोड़ रुपए का निवेश कर 190 एकड़ भूमि पर इकाई स्थापित करेगा।

### जिला अलीराजपुर अब आलीराजपुर

राजस्व विभाग की अधिसूचना अनुसार सोमवार को मालवा के जिला अलीराजपुर को आलीराजपुर करने की अधिसूचना जारी की गई।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

### एशिया कपः श्रीलंका ने हांगकांग को 4 विकेट से हराया

दुबई

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 एशिया कप में सोमवार देर रात तक चले मैच में ग्रुप बी के आठवे मैच में श्रीलंका ने हांगकांग को 7 गेंद रहते 4 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही 3 मुकाबले गंवाने के चलते हांगकांग टूर्नामेंट से बाहर हो गया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर हांगकांग को पहले बल्लेबाजी करने का अवसर दिया। हांगकांग ने 6 विकेट खोकर 149 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 18.5 ओवर में ही 6 विकेट खोकर जीत का आंकडा पार कर लिया। मेन ऑफ द मैच श्रीलंका के पथुम निसानका ने 44 गेंद मे 68 रन बनाए तथा वशिंगु हसरंगा ने तेज 20 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान यासिम ने 2 विकेट चटकाए। हांगकांग की तरफ से निजाकत ने सबसे ज्यादा 52 रन बनाए थे।

## सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की बेंच ने वक्फ कानून के खिलाफ दायर 5 याचिकाओं पर की सुनवाई

# वक्फ कानून बरकरार, 3 सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकेंगे, लेकिन 5 साल की शर्त खारिज

### कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर को लेकर कोई फैसला नहीं दिया

> *कोर्ट ने साफ किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के अधिकार तय नहीं कर सकती*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुछ महीने पहले संसद के बजट सत्र में जब वक्फ बोर्ड (संशोधन) अधिनियम 2025 पेश हुआ, तो देश के कई हिस्सों में इसका विरोध किया गया। दोनों सदनों में बहुमत से पास होने के बाद राष्ट्रपति ने भी इसे मंजूरी दे दी। वहीं, अब वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है।

अदालत ने फिलहाल उस प्रावधान पर रोक लगाई है, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए कम से कम 5 साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त रखी गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में उचित नियम बनने तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा।



### सुप्रीम कोर्ट ने कुछ धाराओं पर लगाई रोक

#### कार्यपालिका के अधिकारों पर दिखाया आइना

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी कलेक्टर या कार्यपालिका को संपति के अधिकार तय करने की अनुमति देना शक्तियों के पृथक्करण के खिलाफ है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जब तक धारा 3(सी) के तहत वक्फ संपति के मालिकाना हक का अंतिम फैसला वक्फ ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट से नहीं हो जाता, तब तक न तो वक्फ को संपति से बेदखल किया जाएगा और न ही राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ होगी। साथ ही, इस दौरान किसी तीसरे पक्ष के अधिकार भी नहीं बनाए जाएंगे।

#### *5 साल वाली शर्त खारिज*

*मुख्य आपत्ति धारा 3(आर), 3(सी), 3(डी), 7 और 8 सहित कुछ धाराओं पर थी। इनमें से धारा 3(आर) के उस प्रावधान पर कोर्ट ने रोक लगा दी, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए पांच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने कहा कि जब तक सरकार इस पर स्पष्ट नियम नहीं बनाती, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा, वरना यह मनमाना साबित हो सकता है।*

### कोर्ट का फैसलाः पहले क्या था अब क्या होगा

#### कौन बन सकेगा वक्फ बोर्ड का सदस्य

- **पहलेः** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान था कि पांच साल से ज्यादा समय तक इस्लाम धर्म का पालन करने वाले ही वक्फ बोर्ड के सदस्य बन सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान पर रोक लगा दी।
- **अबः** कोर्ट के अनुसार, जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई उचित नियम नहीं बना लेती, तब तक वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए यह शर्त लागू नहीं होगी।

#### गैर-मुस्लिमों की संख्या कितनी

- **पहलेः** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान किया गया था कि वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में गैर-मुस्लिम सदस्य भी शामिल होंगे।
- **अबः** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते हैं। वहीं, केंद्रीय वक्फ परिषद में भी 4 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं होंगे। इसके साथ कोर्ट ने कहा है कि अगर मुमकिन हो ।

#### जिला कलेक्टर के अधिकार पर क्या कहा

- **पहलेः** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के अनुसार, वक्फ बोर्ड जिस भी संपत्ति पर अतिक्रमण करेगा, वो संपति सरकारी है या नहीं? यह तय करने का अधिकार जिला कलेक्टर के पास था।
- **अबः** इस पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिला कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों पर फैसला लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।



#### निर्णय का सम्मान करेंगेः सीएम डॉ.यादव

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया है, वह हम सबके सामने है। देश को विश्वास में लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोर्ट के निर्णय को लागू कराने की क्षमता को देश ने कई बार देखा है।

## सुप्रीम कोर्ट की दो टूक, कहा



# नहीं माने तो... पूरा एसआईआर ही रद्द कर देंगे

**कोर्ट ने चेताया कहा रद्द करना पड़ा तो पूरे देश में लागू होगा**

**आखिरी सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा हो रहे वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि अगर चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार अवैध गतिविधि होती है तो फिर कोर्ट पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर ऐसा फैसला लिया गया तो वो केवल बिहार के एसआईआर के लिए नहीं बल्कि पूरे देश पर लागू होगा। एसआईआर पर जारी सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे इस मामले में कोई भी फैसला टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं दे सकते। इसलिए जो भी फैसला होगा, वह पूरे देश के लिए लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह यह मानता है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी के तौर पर भारत निर्वाचन आयोग वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण का काम पूरा करने में कानून और अनिवार्य सभी नियमों का पालन कर रहा है। बिहार एसआईआर की वैधता पर आखिरी बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2025 की तारीख तय की है।

### विपक्ष ने उठाए चुनाव आयोग पर सवाल

बता दें कि विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान पर सवाल उठाए थे। इसके चलते ही सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई हो रही है। विपक्ष द्वारा कथित तौर पर उचित सत्यापन के बिना वास्तविक मतदाताओं के नाम हटा दिए जाने की बात कही गई है, जिसको लेकर लगातार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का दौर जारी है।

## एसआईटी वनतारा के कामकाज से संतुष्ट

# वनतारा को मिली सुप्रीम कोर्ट की क्लीन चिट, केस खारिज

## मानहानि का मुकदमा करने को स्वतंत्र है वनतारा – सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीमकोर्ट ने वनतारा पर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे क्लीन चिट दे दी है। शीर्ष अदालत, गुजरात के जामनगर में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर) की जाँच की माँग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। वनतारा पर जो आरोप लगाए गए थे, भविष्य में वैसे ही आरोपों पर की गई शिकायतों या कार्यवाही पर भी शीर्ष अदालत ने कुछ शर्तों के साथ रोक लगा दी है। वनतारा और संबंधित अधिकारियों को एसआईटी द्वारा सुझाए गए उपायों पर विचार करने और उन्हें लागू करने का निर्देश भी कोर्ट ने दिया। इससे पहले मामले की जाँच कर रही सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने भी अपनी रिपोर्ट में जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि वनतारा में अनुपालन और नियामों की पालना के मुद्दे को लेकर एसआईटी संतुष्ट है।एसआईटी की रिपोर्ट को सीलबंद करके, गोपनीय रखने का आदेश कोर्ट ने दिया। हालांकि वनतारा को उसके अपने उपयोग के लिए इसकी प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। शीर्ष कोर्ट ने एसआईटी की जांच के निष्कर्षों को गोपनीय नही माना। कोर्ट ने कहा कि "हम प्रतिवादी - वनतारा को किसी भी आपत्तिजनक प्रकाशन को हटाने या गलत सूचना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने या मानहानि के लिए कार्रवाई करने की स्वतंत्रता देते हैं।

" कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर-सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। पिछले माह 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी गठन का आदेश दिया था। एसआईटी ने शुक्रवार को सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी थी।''

'' कोई भी इस तथ्य से इंकार नहीं कर सकता कि न्यायमूर्ति चेल्लमेश्वर हमारे समय के सबसे बड़े न्यायविद हैं। उन्हें राजनीतिक वर्ग और अन्य सभी के दबावों और खींचातानी से अप्रभावित देखा गया है। वे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखे जाते हैं जिनके पास दिल है, जो तर्क की आवाज हैं और जो धारा के विपरीत तैरने से भी नहीं डरते। वे असहमति की सबसे मजबूत ताकत और असहमत लोगों की सबसे बड़ी आशा हैं। जब वे किसी विषय पर अपनी राय रखते हैं, तो वे ऐसा नैतिक साहस के साथ करते हैं, जो आज के समय में बहुत कम लोगों के पास है। जब उन्होंने वंतारा में भी कोई गलती नहीं पाई, तो यह न केवल सबसे कट्टर आलोचकों को भी आश्वस्त करना चाहिए बल्कि उन्हें हमेशा के लिए चुप करा देना चाहिए। ''

### पृष्ठभूमि

* दो रिट याचिकाओं में वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं राधे कृष्णा टेंपल एलीफ़ेंट वेलफ़ेयर ट्रस्ट) में अवैधताओं और अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे।
* इससे पहले (25.08.2025) न्यायालय ने कोई ठोस प्रमाण नहीं पाया था, लेकिन गंभीरता को देखते हुए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तथ्यान्वेषी जाँच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया।

### एसआईटी जाँच

* SIT ने कई भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं (CZA, CBI, ED, DRI, कस्टम्स, CITES निकाय आदि) के साथ समन्वय किया।
* अभिलेखों, हलफ़नामों, स्थल निरीक्षण, विशेषज्ञ राय और व्यक्तिगत सुनवाई की जाँच की।
* पशु अधिग्रहण, तस्करी, अवैध लेन-देन, पशु कल्याण, संरक्षण, वित्तीय अनियमितताओं और पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित आरोपों की जाँच की।

### मुख्य निष्कर्षः

1. कोई कानूनी उल्लंघन नहीं:
* वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, ज़ू नियम, CZA दिशा-निर्देश, कस्टम्स अधिनियम, FEMA, PMLA या CITES का कोई उल्लंघन नहीं पाया गया।
* सभी अधिग्रहण और आयात विधिवत अनुमति प्राप्त एवं दस्तावेज़ित पाए गए।

2. पशु कल्याण एवं सुविधाएँ:
* वनतारा की सुविधाएँ कल्याण, प्रबंधन एवं पशु-चिकित्सा देखभाल के निर्धारित मानकों से बेहतर पाई गईं।
* मृत्यु दर वैश्विक प्राणी उद्यानों के औसत के अनुरूप पाई गई।
* ग्लोबल ह्यूमेन सोसाइटी द्वारा "ग्लोबल ह्यूमेन सर्टिफ़ाइड™ सील ऑफ़ अप्रूवल" प्रदान किया गया।

3. वित्तीय आरोप:
* कार्बन क्रेडिट, पानी या मनी लॉन्ड्रिंग के दुरुपयोग के दावे निराधार पाए गए।
* धन के प्रवाह में कोई अनियमितता या तस्करी से संबंध नहीं पाया गया।

4. बार-बार की जाने वाली शिकायतें:
* न्यायालय ने नोट किया कि वनतारा के विरुद्ध बार-बार इसी तरह के आरोप लगाए गए, जिनका कोई आधार नहीं निकला।
* ऐसी अटकलों पर आधारित याचिकाओं को प्रक्रिया का दुरुपयोग माना गया।




### न्यायालय के निर्देश :

* SIT की रिपोर्ट सीलबंद की गई; वंतारा को आंतरिक उपयोग हेतु पूर्ण प्रति दी जाएगी।
* SIT रिपोर्ट का सार गोपनीय नहीं है और न्यायालय के आदेश का हिस्सा है।
* अनुसूची A में उल्लिखित सभी शिकायतें/याचिकाएँ समाप्त मानी जाएँगी।
* समान आरोपों पर भविष्य में किसी भी मंच पर कोई नई शिकायत स्वीकार नहीं की जाएगी।
* वनतारा एवं संबंधित प्राधिकरणों को SIT द्वारा सुझाए गए उपायों को लागू करना होगा।
* वनतारा मानहानिकारक प्रकाशनों के विरुद्ध कानूनी उपाय कर सकता है।
* SIT सदस्यों (सेवारत IRS अधिकारी को छोड़कर) को उनके कार्य हेतु मानदेय प्रदान किया गया।

### निष्कर्षः

सुप्रीम कोर्ट ने SIT की जाँच को पूर्णतः स्वीकार करते हुए मामलों को बंद कर दिया और समान मुद्दों पर बार-बार मुकदमेबाजी पर रोक लगा दी। न्यायालय ने वनतारा के कल्याण मानकों और संरक्षण प्रयासों की प्रशंसा की और निराधार आरोप लगाने के प्रति सावधान किया।



**वनतारा अर्थात जंगल का तारा :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्थापित एक पशु बचाव, देखभाल और पुनर्वास पहल है । यह भारत के गुजरात के जामनगर जिले के मोतीखावड़ी गाँव में 3,500 एकड़ की हरित पट्टी में स्थित है । इस परियोजना को आधिकारिक तौर पर 26 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था और बाद में 4 मार्च 2025 को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था।

उपलब्धि

## पीएम मित्र पार्क से टैक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को मिलेगा नया आयाम

# पीएम मोदी का भरोसेमंद राज्य है मप्र: इसी वजह से देश के पहले पीएम मित्र पार्क की शुरुआत धार से हुई

जिम्मेदारी उसी को मिलती है जो उसे पूरी कर सके। मध्यप्रदेश को पीएम मित्र पार्क की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौंपी है। उन्हे भरोसा है कि राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस जिम्मेदारी को बखूबी पूरी कर लेंगे। वैसे तो देश में 7 पीएम मित्र पार्क खोले जाने हैं लेकिन शुरुआत मध्य प्रदेश के धार जिले से हो रही है। ये राज्य के लिए गौरव की बात है। इधर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी भरोसा दिलाते हुए प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने राज्य को प्राथमिकता में रखा हुआ है।

### अपार संभावनाओं और स्थिरता का आदर्श निवेश स्थल है मध्यप्रदेश

### पीएम मोदी 17 सितंबर को धार में करेंगे भूमिपूजन

भोपाल

मध्यप्रदेश में उत्पादित आर्गेनिक कॉटन की मांग अनेक देशों में है। प्रदेश टेक्सटाइल का हब बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 7 पीएम मित्र पार्क स्वीकृत किए, उसमें से पहले पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन करने प्रधानमंत्री मोदी 17 सितम्बर को धार जिले में आ रहे हैं।

उद्योगपतियों को निवेश के लिए मध्यप्रदेश में एक सुनहरा मौका है। राज्य सरकार निवेशकों को पीएम मित्र पार्क में हर संभव सहायता और सुविधा उपलब्ध कराएगी। धार का पीएम मित्र पार्क भारत के औद्योगिक विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण आयाम जोड़ेगा। मध्यप्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के लिए सबसे भरोसेमंद और अवसरों से भरा राज्य है जहां रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, देश के मध्य में स्थित होने के कारण उत्तम कनेक्टिविटी, विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा और औद्योगिक शांति इसे उद्योगपतियों के लिए आदर्श निवेश स्थल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्क राज्य के टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर को वैश्विक मानकों तक पहुंचाने के साथ रोजगार और आर्थिक विकास में नए आयाम खोलेगा।

मध्यप्रदेश की शुद्ध और ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन क्षमता इसे टेक्सटाइल निवेश के लिए विशेष बनाती है। पीएम मित्र पार्क के माध्यम से राज्य में उत्पादन और प्रोसेसिंग के उच्च मानक स्थापित होंगे, जिससे निवेशकों को लाभ के साथ रोजगार के अवसर भी सुनिश्चित होंगे। उन्होंने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि राज्य में निवेश स्थिर, पारदर्शी और सुरक्षित वातावरण में किया जा सकता है।



### 7 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मित्र पार्क को प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक सौगात बताया। उन्होने कहा कि इस पार्क से एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और 6 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह पार्क प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में नया आयाम जोड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, पीएम मित्र पार्क प्रदेश के विकास और युवाओं के भविष्य की दिशा तय करेगा। लाखों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और यह परियोजना एमपी की औद्योगिक ताकत को नई पहचान देगी।

#### जन्म दिन की सौगात

प्रधानमंत्री मोदी की जन्मदिन के अवसर पर मध्यप्रदेश को पीएम मित्र पार्क की सौगात मिल रही है। यह देश के सात पीएम मित्र पार्क में से प्रथम पार्क होगा, जहां शीघ्र कार्य प्रारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पार्क में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को आमंत्रित किया है। धार जिले सहित मालवा-निमाड़ अंचल के कपास उत्पादक किसानों के जीवन में पीएम मित्र पार्क निर्णायक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेगा। पीएम मित्र पार्क के माध्यम से एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। पीएम मित्र पार्क युवाओं, महिलाओं, किसानों और निर्धन वर्ग के कल्याण की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार की ठोस पहल है। धार जिले में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कियोस्क के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संयोजन किया गया है।

कपास उत्पादन में मप्र देश में अग्रणी

## कपास उत्पादक किसानों के लिए धार का पीएम मित्र पार्क खोलेगा समृद्धि के द्वार



भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास रंग लाने लगे हैं। पीएम मोदी का सीएम डॉ.मोहन यादव पर भरोसा और उनकी कार्य करने की शैली का ही परिणाम है कि राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 17 सितम्बर को अपने जन्मदिन के अवसर पर धार जिले में देश के प्रथम पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया जाएगा। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत को वैश्विक पहचान दिलाने वाला ऐतिहासिक क्षण है। यह प्रदेश के औद्योगिक भविष्य की आधारशिला और किसानों के लिए नई संभावनाओं का द्वार बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह विजन किसानों को खेतों से सीधे वैश्विक बाजार तक पहुँचाने वाला है, जिसमें मध्य प्रदेश की कपास उत्पादक धरती सबसे मजबूत आधार बनी है। यह पार्क कपास उत्पादक किसानों के लिये समृद्धि के द्वार खोलेगा। मध्य प्रदेश लंबे समय से कपास उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। प्रदेश के लगभग 18 जिलों की धरती कपास की फसल से लहलहाती है। करीब 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हर साल लगभग 24 लाख टन कपास पैदा होता है।

#### लगभग 40% ऑर्गेनिक कॉटन मप्र से आता है

इतना ही नहीं, देश में जितना ऑर्गेनिक कॉटन पैदा होता है, उसका लगभग 40 प्रतिशत अकेले मध्यप्रदेश से आता है। यही वजह है कि वस्त्र उद्योग के लिए मध्यप्रदेश सबसे उपयुक्त गंतव्य साबित हुआ है और धार का पीएम मित्र पार्क इसी प्राकृतिक सामर्थ्य का परिणाम है। करीब 2,158 एकड़ में विकसित हो रहा यह पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं।निवेशकों का भरोसा भी इस परियोजना पर साफ दिखाई देता है। अब तक कुल 27 हजार 109 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

पार्क के विकास के लिए केन्द्र सरकार ने 2 चरण में 500 करोड़ रूपए की राशि प्रदान करेंगी

# 1670 करोड़ की लागत से 2177 एकड़ भूमि पर तैयार हो रहा पार्क, 7 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

भोपाल

मध्यप्रदेश में पीएम मित्र पार्क इन्दौर संभाग के धार जिले में बदनावर के पास स्थित भैंसोला में लगभग 2177 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है। इस स्थान का चयन पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के लिए सर्वाधिक अनुकूल मानते हुए किया गया है। पार्क की भूमि एम.पी.आई.डी.सी. के आधिपत्य में है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1670 करोड़ है। इस पार्क के विकास के लिए केन्द्र सरकार 2 चरण में 500 करोड़ रूपए की राशि प्रदान करेंगी। पार्क में मध्यप्रदेश की उद्योग संवर्धन नीति में मिलने वाले समस्त लाभ उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके साथ ही भारत सरकार ने 100 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली इकाईयों को टर्न ओवर का 3 प्रतिशत (अधिकतम 15 करोड़ एवं 30 करोड़ रुपए तीन वर्ष तक प्रदान करने का निर्णय लिया है।

इस पार्क के लिये केन्द्र और मध्यप्रदेश शासन के मध्य एक एस.पी.वी. का गठन किया गया है, जिसमें राज्य शासन की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत एवं केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत है। टेक्सटाइल पार्क में निवेश के लिए 19 इकाईयों ने रूचि व्यक्त की है। इनके द्वारा करीब 6 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि का निवेश किया जाना प्रस्तावित है। इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 7 लाख रोजगार प्राप्त होंगे। टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग सेक्टर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अशिक्षित और अकुशल व्यक्तियों के लिए भी रोजगार के भरपूर अवसर होते हैं। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ शामिल होती हैं। इस नाते महिला सशक्तिकरण के दृष्टि से भी टेक्सटाइल पार्क का बहुत महत्व रहेगा। मध्यप्रदेश शासन ने ऐसे उद्योग, जिनमें रोजगार के अवसर अन्य उद्योगों की तुलना में अधिक होते है, उनकी स्थापना पर लगातार जोर दिया है। इसके फलस्वरूप देश के टेक्सटाइल एवं गारमेन्ट उद्योग में मध्यप्रदेश को लेकर उत्साहजनक माहौल बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि इंदौर में आयोजित हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में टेक्सटाइल उद्योगों के लिए बड़ी संख्या में निवेशकों ने भी रुचि ली थी।

**करीब 6 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि का निवेश किया जा रहा है**

**प्रदेश में हैं विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और सहज कनेक्टिविटी**

#### पीएम मोदी का 5 एफ विजन हो रहा साकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 एफ विजन (फार्म टू, फाइबर टू, फैक्टी टू, फैशन टू, फॉरेन) को साकार करने के लिए पी.एम. मित्र पार्क को विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय ने देश के सात राज्य में सात पी.एम. मित्र पार्क स्वीकृत किए है। इनमें मध्यप्रदेश में भी एक पी.एम. मित्र पार्क शामिल है। इनमें कपास से धागा, धागे से वस्त्र निर्माण और तैयार वस्त्र की बिक्री एवं निर्यात का कार्य एक स्थान पर होगा।



#### 2023 में प्रधानमंत्री मोदी ने की थी घोषणा

दरअसल वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा था कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेंगे, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे। उन्होंने इसे एक्स पर भी एक पोस्ट में कहा था कि यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी और यूपी में स्थापित किए जाएंगे। पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करेंगे, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे। यह 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का एक बेहतरीन उदाहरण होगा।

### पार्क से जुड़ी कुछ खास बातें




इस पार्क के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इस पार्क से करीब दो लाख युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इस पार्क का ले-आउट बांग्लादेश और इथियोपिया में कपड़ा इकाइयों वाले उद्योगों से लिए सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। इस पार्क में कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग, रंगाई, छपाई, और परिधान निर्माण जैसी गतिविधियां होंगी। इस पार्क के माध्यम से लागत को कम किया जाकर वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कपड़ा क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करते हुए भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती प्रदान करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के कपड़ा उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत, सात राज्यों में पीएम मित्र पार्क बनाए जाने हैं।

शुभारंभ

## आदिवासियों के जीवन स्तर में होगा सुधार, ये भी होंगे समृध्द

### पीएम मित्र पार्क: रोजगार का बनेगा बड़ा अड्डा, बूस्ट होगा टेक्सटाइल उद्योग

# पार्क में कपास से धागा, धागे से कपड़े और तैयार कपड़े की बिक्री और निर्यात का होगा काम

भोपाल

मध्यप्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर संभाग के धार जिले में आने वाले भैंसोला में 2177 एकड़ में पीएम मित्र पार्क आकार ले रहा है। पीएम मित्र यानी प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क। इसे पीएम मोदी के 5 एफ विजन फार्म टू, फाइबर टू, फैक्ट्री टू, फैशन टू, फॉरेन के आधार पर विकसित किया जा रहा है। पीएम मित्र पार्क को मध्य प्रदेश के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है। इंदौर संभाग के कई जिले हैं जहां आदिवासियों की बाहुल्यता है। यहां इन्हे भी रोजगार मिलेगा और इनकी आमदनी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर बढोत्तरी होगी। इसलिए ये कहा जाने लगा है कि इंदौर संभाग के लिए पीएम पार्क किसी वरदान से कम नहीं होगा। यहां रोजगार होगा और लोगों की आमदनी भी बढ़गी। इसके अलावा आसपास के पब्लिक ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोग हों या फिर आटो या ठेले वाले हों, इनकी आमदनी में इजाफा होगा। इस पार्क में कपास से धागा, धागे से कपड़े और तैयार कपड़े की बिक्री और निर्यात तक का काम एक ही स्थान से किया जा सकेगा। यानी यहां कटाई, बुनाई, प्रोसेसिंग, रंगाई, छपाई और परिधानों के निर्माण जैसे सभी काम होंगे। इस सौगात को मध्य प्रदेश के विकास और कपड़ा उद्योग के नए युग की शुरूआत माना जा रहा है। इस पार्क के लिए अभी तक 14 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं। देश और विदेश की कई बड़े टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने यहां निवेश को लेकर रूचि दिखाई है। धार जिले में यह उद्योग होने से आदिवासी अंचल को भी लाभ मिलेगा, जिसमें झाबुआ और रतलाम जिला होगा। पीएम मित्र पार्क को लेकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का कहना है कि मध्य प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम मित्र पार्क की जो सौगात दी है, वह एमपी के विकास और कपड़ा उद्योग के लिए नई शुरूआत है। जो कपड़ा उद्योग को नई रफ्तार देगा।



**विदेश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने यहां निवेश में रुचि दिखाई है**

### मोदी के विजन को पूरा करेगा पीएम मित्र पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप यह पार्क "फार्म से फाइबर, फैक्ट्री से फैशन और विदेश" की संपूर्ण वैल्यू चेन को साकार करता है। यहां किसानों से प्राप्त कच्चा कपास उद्योगों में धागा बनेगा, वहीं से वस्त्र और परिधान तैयार होंगे और यही उत्पाद विदेशों तक जाएंगे। इस तरह पूरी वैल्यू चेन एक ही स्थान पर पूरी होगी। यही इसे अन्य पार्कों से अलग और आदर्श बनाती है। नए रोजगार होंगे सृजित पीएम मित्र पार्क से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे। कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा। यह अवसर केवल रोजगार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव तक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा और स्थानीय बाजारों से लेकर निर्यात तक नई संभावनाएँ पैदा करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भैंसोला में पीएम मित्र पार्क की तैयारियों का जायजा भी ले चुके है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर व्यवस्था समयबद्ध और सुव्यवस्थित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा प्रदेश के औद्योगिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उनका मानना है कि यह परियोजना किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं सभी के जीवन को छूने वाली है। कपास उत्पादन में अग्रणी मध्य प्रदेश के लिए यह पार्क इसलिए और भी खास है क्योंकि यह सीधे किसानों को उद्योगों से जोड़ता है।

D-13011/25

भारत आए ट्रंप के खास अधिकारी ब्रेंडन लिंच

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर फिर शुरू होगी बात, आज होगी अहम बैठक

## वार्ता वैश्विक आर्थिक माहौल और द्विपक्षीय रणनीतिक रिश्तों के लिहाज से बेहद अहम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर लगातार सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में व्यापार वार्ता पर आगे की बातचीत करने के लिए अमेरिका से मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच सोमवार रात भारत पहुंच चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और वार्ता के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच, यूएस ट्रेड रिप्रजेंटेटिव फॉर साउथ एंड सेंट्रल एशिया के अस्सिटेंट हैं। वे अपने भारतीय समकक्ष से द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए नई दिल्ली पहुंच चुके हैं।

दोनों पक्षों के बीच आज ट्रेड डील पर बात होगी। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अबतक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। वार्ता का छठा दौर 25-29 अगस्त के बीच होना था लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद इसे टाल दिया गया था। इस बैठक से भारत-अमेरिका संबंधों में आ रही तल्खी को कम करने की उम्मीद है।

*यह बातचीत छठे दौर की वार्ता से पहले की तैयारी*

*ऑनलाइन साप्ताहिक बातचीत करते रहे दोनों देश*

*अक्टूबर-नवंबर 2025 तक वार्ता को पूरा करने का लक्ष्य*

**प्रस्तावित व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। वार्ता का छठा दौर 25-29 अगस्त के बीच होना था लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद इसे टाल दिया गया था**


ब्रेंडन लिंच

### पिछले कई महीनों से बातचीत जारी

*बीटीए पर भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमने पहले भी संकेत दिए हैं कि हमारे बीच बातचीत जारी है। हालांकि, यह बीटीए पर छठे दौर की बातचीत नहीं है लेकिन यह निश्चित रूप से व्यापार वार्ता से जुड़ी चर्चा है। यह पता करने की कोशिश होगी कि भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हम किस तरह पहुंच सकते हैं। यह बातचीत छठे दौर की वार्ता से पहले की तैयारी होगी। दोनों देश ऑनलाइन माध्यम से साप्ताहिक आधार पर बातचीत करते रहे हैं।*

### टैरिफ तनाव के चलते रुकी थी वार्ता

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता इस साल मार्च में शुरू हुई थी, और इसे अक्टूबर-नवंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था। ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के चलते बातचीत रुक गई थी। अब दोबारा बातचीत शुरू होने से दोनों देशों के बीच व्यापार विवाद सुलझाने और सहयोग को आगे बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। यह वार्ता वैश्विक आर्थिक माहौल और द्विपक्षीय रणनीतिक रिश्तों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है।

### बड़ी संभावना नजर आ रही

राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमारी बातचीत चलती रही है लेकिन हम अधिक प्रगति नहीं कर पा रहे थे। असल में, व्यापक परिदृश्य ही अनुकूल नहीं था। अब हमें एक



संभावना नजर आ रही है। लिंच एशिया के इस क्षेत्र के 15 देशों के साथ अमेरिका की व्यापार नीति तैयार करने और उसके क्रियान्वयन की देखरेख करते हैं। इसमें भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच (टीपीएफ) का प्रबंधन और क्षेत्रीय भागीदारों के साथ व्यापार एवं निवेश रूपरेखा समझौतों (टीआईएफए) के तहत गतिविधियों का समन्वय शामिल है।

### ट्रंप ने दिए राहत के संकेत

हाल के दिनों में पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोशल मीडिया पर सकारात्मक संदेशों के आदान-प्रदान ने रिश्तों में गर्माहट का संकेत दिया था। ट्रंप ने पीएम मोदी को अच्छा दोस्त और भारत व अमेरिका बेहतर व्यापारिक साझेदार बताया है। इसके जवाब में पीएम मोदी ने भी कहा कि भारत और अमेरिका वैश्विक सहयोगी हैं। दोनों नेताओं के बयानों के चलते टैरिफ से जुड़ी चिंताएं कम होने और ट्रेड डील होने की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं।

---

## खबर संक्षेप

### गुजरात उच्च न्यायालय को दी धमकी फर्जी



**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की सोमवार को मिली धमकी अफवाह निकली। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परिसर की गहन जांच के बाद इसे झूठा करार दिया गया। इस वर्ष जून के बाद से न्यायालय को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोला पुलिस थाने के निरीक्षक केएन भुकेन ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए कोर्ट के ईमेल में दावा किया गया कि कोर्ट की इमारत में आरडीएक्स रखा गया है।

### देवव्रत ने ली महाराष्ट्र के राज्यपाल पद की शपथ



**मुंबई।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर ने उन्हें राजभवन के दरबार हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। देवव्रत ने संस्कृत में शपथ ली। समारोह में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

---

कोलकता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले

# चुनौतियों से निपटने आपसी सहयोग, नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना आवश्यक

एजेंसी ▶▶| कोलकता

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर में अनुकरणीय भूमिका के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने यहां विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में तीनों सेनाओं के सैन्य कमांडरों के तीन दिवसीय 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों में आपसी सहयोग, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने समुद्री डकैती रोधी अभियानों व संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा।

उन्होंने राष्ट्र निर्माण व मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में भी सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। सम्मेलन के दौरान पीएम ने 'भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047' दस्तावेज भी जारी किया। यह दस्तावेज भविष्य के लिए तैयार भारतीय सशस्त्र बलों का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल हुए, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस तरह का पहला सम्मेलन है। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों ने भी भाग लिया।

*पीएम मोदी ने समुद्री डकैती रोधी अभियानों व संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण व मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में भी सशस्त्र बलों की प्रशंसा की*



### वर्ष 2025 रक्षा क्षेत्र में सुधारों का वर्ष, ठोस कदम उठाएं

पीएम मोदी ने वर्ष 2025 को रक्षा क्षेत्र में सुधारों का वर्ष बताते हुए रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और किसी भी परिस्थिति में विजयी होने के लिए आपसी सहयोग, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु ठोस कदम जल्द से जल्द लागू किए जाएं। इस दौरान, पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने नए परिदृश्य में सशस्त्र बलों की संचालनिक तत्परता, उभरती प्रौद्योगिकियों और युद्धक रणनीतियों के परिप्रेक्ष्य में भविष्य के युद्ध तथा बीते दो वर्षों में लागू सुधारों और आने वाले दो वर्षों की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

### आगे के रोडमैप पर होगी चर्चा

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि आगामी दो दिनों में यह सम्मेलन विभिन्न संरचनात्मक, प्रशासनिक और संचालनिक मुद्दों की व्यापक समीक्षा करेगा। इसमें सभी सेनाओं से प्राप्त फीडबैक, वैश्विक अस्थिरताओं के बीच भारत की सैन्य तैयारी और पीएम के विजन के अनुरूप आगे की रोडमैप पर गहन चर्चा की जाएगी। भारतीय सशस्त्र बलों की यह एक बेहद महत्वपूर्ण 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस' है। सम्मेलन का विषय है 'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन'। यहां साझा रणनीति, संयुक्त ऑपरेशन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा।

संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस

### रणनीतिक मुद्दों पर होगा गहन विचार

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस में थलसेना, वायुसेना व नौसेना सेना के टॉप कमांडर्स मौजूद हैं। यहां रणनीतिक मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, जिसमें सेना का आधुनिकीकरण, संयुक्तता, एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय युद्ध के लिए परिचालन तत्परता को बढ़ाना शामिल है। यह द्विवार्षिक सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है, जो देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। सम्मेलन का ध्यान संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण के प्रति सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही बहु-क्षेत्रीय अभियानगत तैयारियों के उच्च स्तर को बनाए रखना भी इसमें शामिल है।*

---

टैरिफ युद्ध के बीच मॉस्को का बयान

# भारत और रूस के संबंधों को तोड़ने के प्रयास होंगे 'विफल'


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का आरोप लगाकर अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इतना ही नहीं अमेरिका द्वारा जी7 देशों पर भी दबाव बनाया जा रहा है कि वे रूस से तेल खरीदने के लिए भारत के सामान पर भारी-भरकम टैरिफ लगाएं। इसे लेकर रूस ने बयान जारी किया है और कहा है कि भारत और रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतर चुके हैं और लगातार आगे बढ़ रहे हैं। रूस ने चेतावनी दी कि दोनों देशों को संबंधों को तोड़ने की हर कोशिश विफल होगी। रूस के विदेश मंत्रालय से मीडिया ने सवाल किया कि अमेरिका और पश्चिमी देशों का भारत पर टैरिफ दबाव बढ़ता जा रहा है। इसके जवाब में रूसी विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के टैरिफ दबाव के बावजूद भारत के अडिग रुख की तारीफ की।

### राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का यह रुख भारत-रूस की दोस्ती की उस भावना और परंपरा में निहित है, जो अंतरराष्ट्रीय मामलों में रणनीतिक स्वायत्तता को प्रदर्शित करता है। मॉस्को ने कहा कि भारत-रूस की साझेदारी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की सर्वोच्चता को प्राथमिकता देती है। दोनों देशों के संबंध विश्वसनीय, पूर्वानुमानित और रणनीतिक प्रकृति के हैं। भारत और रूस नागरिक और सैन्य उत्पादन, मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन, परमाणु ऊर्जा और रूसी तेल अन्वेषण जैसी संयुक्त परियोजनाओं में मिलकर काम कर रहे हैं। रूसी मंत्रालय ने नई भुगतान प्रणालियों के विकास, राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग बढ़ाने और वैकल्पिक परिवहन एवं रसद मार्गों को बेहतर बनाने के लिए प्रयासों पर भी जोर दिया।

### रूस ने दी यूरोपीय देशों को चेतावनी

रूस ने यूरोपीय देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह उस यूरोपीय देश के विरुद्ध कार्रवाई करेगा, जो उसकी संपत्ति हड़पने की कोशिश करेगा। कुछ ऐसी खबरें आई हैं, जिसमें दावा किया गया है कि यूरोपीय संघ यूक्रेन की मदद के लिए सैकड़ों अरब डॉलर की जब्त रूसी संपत्ति का लाभ उठाने के नए तरीके तलाश रहा है। रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा अगर ऐसा होता है, तो रूस सदी के अंत तक उन यूरोपीय संघ के देशों पर दबाव बनाएगा, जो हमारी संपत्ति को हड़पने की कोशिश करेंगे।

---


कटड़ा में फिर भूस्खलन

# बनी-बसोहली मार्ग 16 घंटे रहा बंद, बड़ी संख्या में फंसे वाहन

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर में कटड़ा में तेज बारिश और कई जगह भूस्खलन से सांझी छत और भवन मार्ग पर भारी मात्रा में मलबा आ गया। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के कर्मचारी मार्ग को साफ करने में जुट गए हैं। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार इसके चलते यात्रा रविवार ऐन मौके पर स्थगित कर दी थी। कठुआ के बनी-बसोहली मार्ग पर टिकरी के पास भूस्खलन से 16 घंटे आवाजाही बंद रही। रातभर बड़ी संख्या में वाहन फंसे रहे। बीआरओ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग बहाल किया।

### हाईवे बंद, हजारों ट्रक चालक फंसे



जम्मू-कश्मीर में पिछले 15 दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। इस कारण हजारों ट्रक हाईवे पर कतार में फंसे हुए हैं और ड्राइवरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### हिमाचल में 601 सड़कें बंद, हमीरपुर में मां-बेटी मलबे में दबीं

हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें ठप हैं।राज्य में सोमवार सुबह 10:00 बजे तक तीन नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं। 500 बिजली ट्रांसफार्मर व 184 जल आपूर्ति स्कीमें भी प्रभावित हैं। कुल्लू जिले में - 172, मंडी 201 व शिमला में 57 सड़कें बंद हैं। वहीं, नगर परिषद कांगड़ा के तहत वार्ड-1 में गोशाला गिरने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गोशाला गिरने से एक स्कूटी, कार और दो गाय भी मलबे में दब गईं। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। हमीरपुर में स्लेटपोश मकान जमींदोज हो गया और मां-बेटी मलबे में दब गईं।

---

सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

# झारखंड में एक करोड़ के इनामी सहदेव सहित तीन नक्सली ढेर

एजेंसी ▶▶| हजारीबाग



झारखंड के हजारीबाग जिले में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त ऑपरेशन में सोमवार सुबह एक करोड़ के इनामी माओवादी नक्सली सहदेव सोरन उर्फ प्रवेश सहित कुल तीन नक्सली मारे गए।

मुठभेड़ बरकट्ठा-गोरहर थाना क्षेत्र के पनतीतरी जंगल में हुई। पुलिस मुख्यालय ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए। घटनास्थल से तीन एके-47 राइफल भी बरामद की गई। मारे गए दो अन्य नक्सलियों में 25 लाख का इनामी और भाकपा माओवादी संगठन की झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य रघुनाथ हेम्ब्रम और 10 लाख का इनामी वीर सेन गंझू शामिल हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में दो दिन के भीतर झारखंड पुलिस की यह दूसरी बड़ी सफलता है। इसके पहले रविवार को पलामू के मनातू जंगल में सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के बीच मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली मुखदेव यादव मारा गया था।

---

नेपाल में पीएम सुशीला कार्की के मंत्रिमंडल का विस्तार

# तीन मंत्रियों ने ली शपथ, अगले साल 5 मार्च तक कराने होंगे नए 'चुनाव'

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में पीएम सुशीला कार्की ने सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया। मंत्री के रूप में रामेश्वर खनाल, ओमप्रकाश अर्याल और कुलमान घीसिंग को शपथ दिलाई गई। पूर्व मुख्य न्यायाधीश और अंतरिम पीएम सुशीला कार्की के पास 5 मार्च तक नए चुनाव कराने और पीएम के लिए पद खाली करने का समय है, जिसका चुनाव संसद द्वारा किया जाएगा। खनाल वित्त मंत्री, अर्याल गृह मंत्री और कुलमान घीसिंग ऊर्जा मंत्री बने। अर्याल के पास कानून मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी रहेगी। घीसिंग के पास भी ऊर्जा के अलावा भौतिक पूर्वाधार, यातायात व शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी है। खनाल आर्थिक सुधार सुझाव आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह पूर्व सचिव भी रह चुके हैं। अर्याल पेशे से वकील हैं। घीसिंग नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व कार्यकारी निदेशक हैं। ओली सरकार में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। उनका नाम पीएम पद को लेकर भी चर्चा में था।

### तोड़फोड़ और हिंसक घटनाओं की जांच होगी



अंतरिम पीएम कार्की ने परिवारों को यह भी आश्वासन दिया कि सरकार मृतकों के शवों को उनके गृह जिलों तक पहुंचाने में मदद करेगी। उन्होंने विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई तबाही, जिसमें निजी संपत्ति को नुकसान भी शामिल है, को स्वीकार किया और कहा कि सरकार मदद के लिए आगे आएगी। सरकार तोड़फोड़ और हिंसा की घटनाओं की जांच करेगी।

### 79 कैदियों को पकड़ा

नेपाल की विभिन्न जेलों से भागे कुल 79 कैदियों को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा पर विभिन्न चौकियों के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया है। इन कैदियों में से दो नाइजीरियाई, एक ब्राजीलियाई और एक बांग्लादेशी है। ये चारों विदेशी नागरिक 29 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के हैं।

---

'पैसिफिक रीच 2025' में शामिल होने नौसेना का 'निस्तार' पहुंचा चांगी नेवल बेस

15 सितंबर से शुरू हो गया है युध्याभ्यास

# साउथ चाइना सी में करेगा बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास

## 40 से अधिक देश सीधे प्रतिभागी या पर्यवेक्षक के रूप में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का नवीनतम डाइविंग सपोर्ट वेसल आईएनएस निस्तार साउथ चाइना सी में होने वाले सैन्य अभ्यास में शामिल होने जा रहा है। आईएनएस निस्तार अपनी पहली विदेशी यात्रा के तहत सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर पहुंच चुका है। यह समुद्री जहाज स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित है।

सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर मौजूद यह भारतीय नौसेनिक पोत यहां बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर-25)' में हिस्सा लेगा। यह सैन्य अभ्यास सोमवार 15 सितंबर से शुरू हो गया है। इसका आयोजन सिंगापुर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 40 से अधिक देश सीधे प्रतिभागी या पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हैं।

*हार्बर फेज में पनडुब्बी बचाव प्रणाली पर गहन चर्चा होगी*

*सी फेज में रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास करेगा 'निस्तार'*



### दो चरणों में होगा अभ्यास

यह अभ्यास दो चरणों में होगा, इनमें से एक हार्बर फेज है और दूसरा सी फेज। हार्बर फेज एक सप्ताह तक चलेगा। इसमें पनडुब्बी बचाव प्रणाली पर गहन चर्चा होगी। साथ ही सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट एक्सचेंज, मेडिकल सिम्पोजियम तथा प्रतिभागी देशों के बीच क्रॉस डेक विजिट भी इसमें शामिल होंगे। वहीं सी फेज में आईएनएस निस्तार अन्य देशों के साथ मिलकर अनेक इंटरवेंशन और रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास करेगा। इस बहुपक्षीय युद्धाभ्यास का उद्देश्य विभिन्न देशों द्वारा संचालित पनडुब्बी बचाव प्लेटफॉर्म और साधनों को एक मंच पर लाना, प्रक्रियाओं को सरल बनाना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और आपसी इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाना है।

### 18 जुलाई को कमीशन हुआ 'निस्तार'

*आईएनएस निस्तार ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के कमांड और नियंत्रण में है। इस समुद्री जहाज को 18 जुलाई 2025 को नौसेना में कमीशन किया गया था। आईएनएस निस्तार भारत की आत्मनिर्भरता और शिपबिल्डिंग क्षेत्र में उपलब्धियों का प्रतीक है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरण और तकनीक का प्रयोग हुआ है। जहाज में साइड स्कैन सोनार, वर्क व ऑब्जर्वेशन क्लास आरओवी तथा उन्नत डीप सी डाइविंग सिस्टम लगे हैं।*

### 650 मीटर गहराई तक बचाव कार्य करने में सक्षम

यह जहाज गहरे समुद्र में सबमरीन रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए डीप रेस्क्यू व्हीकल के रूप में कार्य करेगा। यह प्रणाली 650 मीटर गहराई तक बचाव कार्य करने में सक्षम है। आवश्यकता पड़ने पर इन्हें वेसल्स ऑफ अपॉर्च्युनिटी पर तैनात किया जा सकता है। यही नहीं, हवाई मार्ग से किसी भी तट पर भेजकर दूर समुद्रों में इनकी तैनाती की जा सकती है। अभ्यास के समुद्री चरण में आईएनएस निस्तार और एसआरयू (ईस्ट) दक्षिण चीन सागर में सहभागी देशों की नौसैनिक इकाइयों के साथ मिलकर कई हस्तक्षेप एवं बचाव अभियानों का अभ्यास करेंगे।

---

भारतीय मूल के शख्स की हत्या पर ट्रंप सख्त

# अवैध अप्रवासी 'अपराधियों' के प्रति नरम रुख अपनाने का समय खत्म

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के चंद्र नागमल्लैया की हत्या की निंदा की। नागमल्लैया का क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने उनकी पत्नी और बेटे के सामने सिर धड़ से अलग कर दिया था। ट्रंप ने रविवार को इस घटना को भयानक बताया। उन्होंने कहा कि उनके शासन में अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरम रुख अपनाने का समय खत्म हो गया है। उन्होंने हत्यारे के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लिया।



### नस्लीय भेदभाव बर्दाश्त नहीं: पीएम कीर स्टार्मर

लंदन में हुई दक्षिणपंथी रैली के दौरान अचानक हिंसा भड़क गई थी। इसे लेकर ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा कि देश में किसी भी तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों के बैकग्राउंड और उनकी त्वचा के रंग के आधार पर उन्हें निशाना बनाना किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया।



# कांतारा चैप्टर 1 में नागा साधु बने हैं ऋषभ शेट्टी

**मुंबई।** 'कांतारा चैप्टर 1' के भी राइटर, डायरेक्टर और लीड एक्टर ऋषभ शेट्टी ही हैं। फिल्म का निर्माण विजय किरागंदूर ने होम्बले फिल्म्स के बैनर तले किया है। कदंब वंश के शासनकाल के दौरान 300 ईस्वी में स्थापित 'कांतारा: चैप्टर 1' दर्शकों को बनवासी के रहस्यमय जंगलों में ले जाता है, जहां दिव्य आत्माएं जागृत होती हैं और दैव परंपरा की जड़ें जमती हैं।' ऋषभ फिल्म में एक नागा साधु की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो नश्वर और दिव्य के बीच एक पुल की तरह है। 'ऋषभ एक भयंकर नागा साधु के रूप में नजर आने वाले हैं। एक योद्धा, एक रहस्यवादी, जिसकी नियती में नश्वर और दिव्य के बीच पुल बनना लिखा है।

लाइफ Style



# अनन्या

## व्लॉग में संजोईं मालदीव की झलकियां

अनन्या पांडे मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी मालदीव वेकेशंस की झलकियां फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। इन छुट्टियों के दौरान अनन्या ने एक नई चीज में हाथ आजमाया है। उन्होंने व्लॉग मेकिंग में पहली कोशिश करते हुए वीडियो शेयर किया है। इस पर नेटिजन्स के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


अनन्या पांडे ने सोमवार को एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें उन्होंने सुबह उठने से लेकर नाश्ता, स्विमिंग, साइकिलिंग, लंच, डिनर और घुमक्कड़ी के कुछ पल शेयर करते हुए वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा है, 'व्लॉग मेकिंग में मेरा पहला प्रयास, लेकिन मालदीव में बेहद खुशनुमा वक्त बिताने को मिला है'। अनन्या पांडे के इस वीडियो पर नेटिज्स ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। कोई अनन्या की क्यूटनेस की तारीफ कर रहा है तो कोई व्लॉगिंग के लिए उनका उत्साह बढ़ा रहा है। कुछ यूजर्स तो उन्हें यूट्यूब चैनल खोलने का ही सुझाव दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'हम आज व्लॉगर अनन्या पांडे से मिल रहे हैं'। कुछ यूजर्स और व्लॉग्स बनाने का सुझाव दे रहे हैं। कुछ नेटिजन्स तंज भी कस कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपके पास जब कोई स्किल न हो तो फेमस होने का इकलौता जरिया'। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म का नाम है, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी'। यह फिल्म 31 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अनन्या पांडे के साथ कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक समीर विद्वांस हैं।

हॉलीवुड मसाला



## अपनी लाइफ में पहली बार बर्फ देखी

**लॉस एंजिल्स।** टॉक शो की फेमस होस्ट और कॉमेडियन एलेन डीजेनेरेस अपनी बीवी पोर्टिया डि रॉसी के साथ अब कैलिफोर्निया छोड़कर इंग्लैंड में रहती हैं। उन्होंने ब्रॉडकास्टर रिचर्ड बेकन से कहा था, 'ये बहुत खूबसूरत है। हमें इस तरह की खूबसूरती देखने की आदत नहीं है। गांव, कस्बे और वास्तुकला - आप जो कुछ भी देखते हैं, वो मनमोहक है और ये जीवन जीने का एक सरल तरीका है। उन्होंने आगे कहा, 'हम यहां नवंबर में आए थे, जोकि सही समय नहीं है, लेकिन मैंने अपनी लाइफ में पहली बार बर्फ देखी। यहां बहुत अच्छा लगता है।



## 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। ट्रेनिंग डे, रिमेम्बर द टाइटन्स, क्रिमसन टाइड और ही गॉट गेम जैसी फिल्मों से बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर और आर्टहाउस फिल्मों के बीच गजब का संतुलन बनाया है। इसी साल 2025 में डेनजेल की फिल्म हाईएस्ट 2 लोएस्ट रिलीज हुई। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।



## सनी संस्कारी... में रोमांस कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का सोमवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का देखने को मिल रहा है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान जान्हवी और वरुण समेत फिल्म की पूरी कास्ट पारंपरिक लुक में नजर आई।'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' से होगी। इस इवेंट के दौरान जान्हवी कपूर ने अपनी शादी की प्लानिंग को लेकर भी बात की।इस सवाल के जवाब में जान्हवी ने साफ कहा कि अभी मेरी प्लानिंग सिर्फ फिल्मों को लेकर है। मैं फिल्मों की प्लानिंग कर रही हूं।



## हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी जटाधारा

**मुंबई।** सिनेमा के प्रेमियों के लिए इस साल की आखिरी तिमाही काफी दिलचस्प होने वाली है। अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक कई दिलचस्प फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। फिल्मों की इस सूची में सोनाक्षी सिन्हा की पहली साउथ फिल्म 'जटाधरा' का नाम भी जुड़ गया है, जो इस साल नवंबर में रिलीज होगी। यह फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में दस्तक देगी। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। रिलीज डेट के साथ इसका कैप्शन लिखा है, 'अंधकार की गहराइयों के बाद एक उदय जरूर होता है'। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसके लिए दर्शक उत्साहित हैं। फिल्म में दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।

टीवी मसाला




## बिग बॉस: नगमा के बेघर होते ही इमोशनल हुए आवेज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट इस वक्त काफी बढ़ी हुई है। शो में कंटेस्टेंट कब क्या नया रंग दिखा दें किसी को नहीं पता। एक तरफ जहां शो के कई कंटेस्टेंट खुलकर खेल रहे हैं तो वहीं, कई ऐसे हैं जो शांत रहकर अपना गेम प्ले कर रहे हैं। ऐसे में बिग बॉस के तीसरे हफ्ते शो में डबल एविक्शन हुआ जो काफी शॉकिंग रहा। शो से दो कंटेस्टेंट नतालिया जानोसजेक और नगमा मिराजकर घर से बेघर हुईं। नगमा के जाने से आवेज दरबार को काफी बुरा लगा और दोनों वीकेंड का वार में काफी इमोशनल भी हुए। 'बिग बॉस 19' में तीसरे हफ्ते ही नगमा मिराजकर का सफर शो से हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो गया है। नगमा के जाने से आवेज दरबार खुद को इमोशनल होने से रोक नहीं पाए। आवेज और नगमा काफी रोए और उन्हें इमोशनल होता देख फैंस और घरवाले सभी दुखी थे। जाते-जाते नगमा ने आवेज को ऐसी बात कही, जिसे सुनकर वो यकीनन बेहद खुश हुए होंगे। नगमा ने कहा कि अब वो बाहर जाकर शादी की तैयारी करती हूं। जी हां, नगमा और आवेज जल्द ही शादी करने वाले हैं। इस बात से दोनों के फैंस काफी खुश हैं। सभी को उनका निकाह में कबूल है बोलते हुए देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। बिग बॉस 19 से नतालिया जानोसजेक और नगमा मिराजकर के घर से बेघर होने के बाद अब फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, बसीर अली, अशनूर कौर, अवेज दरबार, अभिषेक बजाज, तान्या मित्तल, नेहल चुडासमा, अमाल मलिक, आईजी प्रणित मोरे, कुनिका सदानंद, जीशान कादरी, नीलम गिरी, मृदुल तिवारी और शहबाज बदेशा घर में बचे हैं।

### संगीता ने बीच में छोड़ा राइज एंड फॉल

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा है और सुर्खियों में छाया हुआ है। इसमें अलग-अलग फील्ड के धुरंधरों को बतौर कंटेस्टेंट लाया गया है। भारतीय पहलवान संगीता फोगाट ने भी बतौर कंटेस्टेंट एंट्री की थी लेकिन उन्हें बीच में ही शो छोड़ना पड़ा। बीते एपिसोड में रेसलर को ससुर बलवान पुनिया के निधन की जानकारी दी गई, जिसके बाद वह फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने फिर इस शो से जाने का फैसला किया। 'राइज एंड फॉल' के एक एपिसोड में संगीता फोगाट को लाइब्रेरी रूम में बुलाया जाता है। वह जाती हैं और फिर जब लौटती हैं तो आंखों में आंसू होते हैं। वह सिसक-सिसककर रोती हैं। हर कंटेस्टेंट्स हैरान हो जातें है कि आखिर क्या हो गया। इसकी क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस एक्स पर भी शेयर की गई है। जहां बाकी उनसे पूछते हैं कि अचानक क्या हो गया तो वह ससुर के निधन की न्यूज सुनाती हैं।



## काजोल-ट्विंकल के चैट शो टू मच का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर नया चैट शो शुरू होने वाला है, जिसे बॉलीवुड की दो चर्चित अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किया जाएगा। अब इस शो का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें कई आगामी मेहमानों की झलक दिख रही है। हालांकि, सलमान और आमिर खान की जोड़ी दर्शकों का ध्यान खींच रही हैं। काजोल-ट्विंकल के चैट शो 'टू मच' के ट्रेलर में कई मेहमानों की झलक दिखती है। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान आमिर-सलमान की जोडी ने खींचा। वीडियो में दिखता है कि काजोल ने पूछा कि वो उनके शो का कैसे प्रचार करेंगे? इसके जवाब में सलमान ने कहा, 'ट्विंकल-ट्विंकल लिटिल स्टार्स।' ये सुनते ही सब हंस पड़ते हैं। शो में दोनों खान को खूब मस्ती करते देखा गया। इतना ही नहीं आमिर खान ने खुश होकर सलमान के गाल पर चूम लिया। शो के ट्रेलर में गोविंदा और चंकी पांडी की भी जोड़ी नजर आ रही है। इसमें देखा



जाता है कि गोविंदा अपने आइकॉनिक डॉयलॉग को बोलते हैं, 'इत्ती खुशी।' इसके अलावा चंकी पांडे भी खूब मजाकिया करते दिखते हैं। इसमें वरुण धवन और आलिया भट्ट भी शो की शोभा बढ़ाने पहुंचे हैं। इसके अलावा विक्की कौशल, कृति सैनन, करण जौहर, जान्हवी कपूर जैसे दिग्गज कलाकार नजर आ रहे हैं। काजोल और ट्विंकल खन्ना का यह नया टॉक शो 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है।

## घाटी की परफॉर्मेंस से सदमे में अनुष्का सोशल मीडिया से लिया ब्रेक....

*अनुष्का शेट्टी ने 'बाहुबली' में देवसेना के रोल में सबका दिल जीत लिया और हर कोई उनका फैन बन गया था। उन्होंने इसके बाद कई और फिल्में कीं, पर अब एक्ट्रेस के एक फैसले ने फैंस को चौंका दिया है। अनुष्का शेट्टी ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला किया है और पोस्ट लिखा है। अनुष्का ने यह फैसला अपनी हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'घाटी' को मिले ठंडे रिस्पॉन्स के बाद लिया है।*



**मुंबई।** अनुष्का शेट्टी का असली नाम है स्वीटी है, पर ऑनस्क्रीन ऐसी धाकड़ हैं कि बड़े-बड़े स्टार्स भी इनके आगे फीके पड़ जाते हैं। फैंस तो उन्हें 'लेडी सुपरस्टार' कहकर बुलाते हैं, पर अब यही सुपरस्टार सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही है। अनुष्का ने बताया कि वह अब असली दुनिया से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हैं। अनुष्का शेट्टी ने लिखा, 'ब्लू लाइट से कैंडल लाइट की ओर जा रही हूं। कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हूं ताकि असली दुनिया से दोबारा जुड़ सकूं। जल्द लौटूंगी और भी कहानियों और ढेर सारा प्यार लेकर।'

अनुष्का शेट्टी की फिल्म 'घाटी' 5 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठंडी पड़ गई और एक हफ्ते में सिर्फ 6.64 करोड़ रुपए ही कमा पाई है। इसे कृष्णा जगर्लामुड़ी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अनुष्का के साथ विक्रम प्रभु हैं। अनुष्का शेट्टी अब जल्द ही रोजिन थॉमस की हॉरर-फैंटेसी थ्रिलर 'कथानार-द वाइल्ड सोर्सरर' में नजर आएंगी। इससे वह मलयालम फिल्मों में डेब्यू करने जा रही हैं। इसमें वह नीला नाम की बुनकर का रोल प्ले करेंगी।

### 77वें एमी अवॉर्ड्स में बने कई अनोखे रिकॉर्ड्स, अलग-अलग देखने को मिले अंदाज

# द स्टूडियो को मिले 13 अवॉर्ड्स, 15 साल के ओवेन ने रचा इतिहास

*लॉस एंजिल्स। टेलीविजन के सबसे बड़े और चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। ये अवॉर्ड्स लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में हुए। 77वें एमी अवॉर्ड्स में कई अनोखे रिकॉर्ड्स भी बने और ऐसे पल भी आए जो पहली बार एमी अवॉर्ड्स में हुए। साथ ही इस दौरान रेड कार्पेट पर भी कलाकारों के अलग-अलग अंदाज देखने को मिले। 77वें एमी अवॉर्ड्स के दौरान नेटफ्लिक्स के ओरिजिनल शो 'एडोलसेंस' में अभिनय करने वाले ओवेन कूपर एमी पुरस्कार जीतने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के अभिनेता बन गए। उन्होंने लिमिटेड सीरीज या फिल्म कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड जीता। उन्होंने यह अवॉर्ड सिर्फ 15 साल की उम्र में अपने नाम किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह वाकई अद्भुत है। सच कहूं तो, जब मैंने थिएटर क्लासेज शुरू की थीं, तो मुझे यह पुरस्कार जीतने की उम्मीद नहीं थी। तीन साल पहले मैं कुछ भी नहीं था, लेकिन अब मैं यहां हूं।*

### टिलमैन बने एमी जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति

ट्रैमेल टिलमैन ने एमी अवॉर्ड्स 2025 में इतिहास रच दिया। वो सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का एमी पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बन गए। उन्हें 'सेवरेंस' में मिलचिक की भूमिका निभाने के लिए यह अवॉर्ड मिला। उन्होंने अपनी मां को अपने इस खास अवॉर्ड को समर्पित किया, जिन्हें वो अपना पहला एक्टिंग कोच भी मानते हैं।

### स्टीफन ने नमस्ते के साथ खत्म किया भाषण

इस दौरान स्टीफन ग्राहम को नेटफ्लिक्स की 'एडोलसेंस' के लिए लिमिटेड या एंथोलॉजी सीरीज या फिल्म कैटेगरी में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। इस दौरान अपने भाषण के दौरान अंत में नमस्ते कहकर उन्होंने भारतीय फैंस को खुश कर दिया। उनका भाषण अब वायरल है।

### ओलिवर के स्पीच को दो जगह करना पड़ा बीप

77वें एमी अवॉर्ड्स में जॉन ओलिवर को 'लास्ट वीक टुनाइट' के लिए बेस्ट स्क्रिप्टेड वैरायटी सीरीज का एमी पुरस्कार जीता। लेकिन इस दौरान 15 सेकंड के उनके विनिंग स्पीच को लाइव टेलीविजन पर दो बार बीप किया गया। जिसके बाद उनका भाषण का चर्चा का विषय बन गया। हालांकि, बाद में सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके उस बिना बीप वाले भाषण का भी वीडियो शेयर किया। इसमें ओलिवर कुछ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हैं। इसी वजह से उन्हें बीप कर दिया गया।



***द स्टूडियो ने जीते सबसे अधिक अवॉर्ड :*** *कॉमेडी सीरीज 'द स्टूडियो' ने भी एमी अवाड्र्स में इतिहास रचा। यह सीरीज एमी के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा पुरस्कार जीतने वाली कॉमेडी सीरीज बन गई है। 77वें एमी अवॉर्ड्स में इस शो ने कुल 13 ट्रॉफी अपने नाम कीं। इसके साथ ही इस शो ने किसी कॉमेडी सीरीज का सबसे अधिक अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले यह अवॉर्ड 'द बियर' के नाम था, जिसने 2023 के एमी में 10 ट्रॉफी जीती थीं।*

### एमी अवॉर्ड्स 2025 के विनर्स

लीड एक्ट्रेस इन कॉमेडी सीरीज- जीन स्मार्ट – हैक्स
लीड एक्टर इन कॉमेडी सीरीज- सेठ रोजन- द स्टूडियो
बेस्ट एक्ट्रेस इन ड्रामा- ब्रिट लोअर, सेवरेंस
बेस्ट एक्टर इन लिमिटेड सीरीज- स्टीफन ग्राहम- एडोलसेंस
बेस्ट एक्ट्रेस इन लिमिटेड सीरीज- क्रिस्टिन मिलिओटी- दे पेंगुइ
बेस्ट ड्रामा सीरीज द पिट
लीड एक्टर इन ड्रामा सीरीज- नूह वाइल - द पिट
बेस्ट कॉमेडी सीरीज- द स्टूडियो
बेस्ट लिमिटेड एंथोलॉजी सीरीज- एडोलसेंस
बेस्ट टॉक सीरीज- द लेट शो विद स्टेफिन
बेस्ट स्क्रिप्ट वैरायटी सीरीज- लास्ट वीक टू नाइट विद जन ऑलिवर
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर इन ड्रामा- ट्रैमेल टिलमैन, सेवरेंस
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन ड्रामा- कैथरीन लानासा- द पिट
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर इन कॉमेडी- जेफ हिलर- समबडी समव्हेयर
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन कॉमेडी- हन्नाह आइनबिंदर- हैक्स
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट लिमिटेड सीरीज- ओवेन कूपर- एडोलसेंस
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन लिमिटेड सीरीज- एरिन डोहर्टी- एडोलसेंस
डायरेक्टिंग फॉर ए ड्रामा सीरीज- एडम रैंडल - स्लो हॉर्सेस
डायरेक्टिंग फॉर ए लिमिटेड या एंथ्रोलॉजी सीरीज- फिलिप बैरंटिनी – एडोलेसेंस
डायरेक्टिंग फॉर ए कॉमेडी सीरीज- सेठ रोजेन- द स्टूडियो

पूर्व आदेश में त्रुटि पाकर नए सिरे से निर्णय लेने के दिए गए थे निर्देश

# हाईकोर्ट के आदेश पर निचली अदालत ने 15 दिन में सुनाया उम्रकैद का फैसला

## संबंधित न्यायाधीश के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की हुई थी अनुशंसा

**जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश इरशाद अहमद की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी धर्मेंद्र राठौर, मनीष तिवारी, अजीत तिवारी व भागवती बाई का दोष सिद्ध पाया। चारों को उम्रकैद की सजा सुनाई । साथ ही 30-30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। विशेष बात यह है कि यह फैसला हाई कोर्ट के आदेश के पालन में महज 15 दिन के भीतर सुना दिया गया।**



हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने अभियुक्त कथन में त्रुटि पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नंदेश्वर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दे दिए थे। इसके साथ ही 30 दिन के भीतर अभियुक्त परीक्षण लेखबद्ध कर नए सिरे से निर्णय लेने के निर्देश दे दिए थे। प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने अभियोजन की ओर से पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गढ़ा पुलिस ने 28 अप्रैल, 2014 को पिंटू उर्फ सुधीर जैन की हत्या के मामले में धर्मेंद्र राठौर, मनीष तिवारी, अजीत तिवारी व भागवती बाई के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया था। मृतक पिंटू का शव लक्ष्मीनारायण मंदिर, रमनगरा की झाडियों में मिला था। आरोपितों ने धारदार हथियार से हत्या के बाद जुर्म छिपाने की मंशा से शव को पेट्रोल डालकर जला दिया था। हत्या की वजह रंजिश थी। आरोपितों ने ट्रायल प्रक्रिया में गुमराह करने के लिए मनमाने कथन दर्ज कराए थे। यही बात रेखांकित होने पर हाईकोर्ट ने सख्ती बरती थी।

## सोसायटी में नाम दर्ज करने के संबंध में लंबित आवेदन पर लो निर्णय

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने सहकारिता विभाग के जिला पंजीयक को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता का नाम सोसायटी में दर्ज करने के संबंध में लंबित आवेदन पर निर्णय लें। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी ।जबलपुर निवासी अजीत सिंह आनंद की ओर से याचिका दायर कर बताया गया कि पुरुषार्थी गृह निर्माण समिति आदर्श नगर ग्वारीघाट में उसका नाम सदस्य के रूप में दर्ज नहीं किया जा रहा है। दलील दी गई कि उक्त सोसायटी में याचिकाकर्ता का 27 सौ वर्गफुट पर मकान बना है। दरअसल, याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ शिकायतें की गई थीं, जिनकी जांच भी हुई। कोर्ट ने पाया कि जांच रिपोर्ट में याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ भी नहीं आया है। याचिकाकर्ता ने सोसायटी में नाम दर्ज कराने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को आवेदन दिया है, जिस पर निर्णय नहीं लेने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।



# एएसआई की बेटी सुरभि बनी सहायक संचालक

## एमपीपीएससी में 33वीं रैंक हासिल कर पुलिस परिवार का बढ़ाया मान, पुलिस कप्तान ने किया सम्मान

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) परीक्षा 2024 में शानदार सफलता अर्जित कर जबलपुर का नाम रोशन करने वाली कु. सुरभि सुरकेल को सोमवार को पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया और सीएसपी कैंट उदयभान बागरी भी उपस्थित रहे। कप्तान उपाध्याय ने सुरभि को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम से सुरभि ने यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जबलपुर पुलिस परिवार के लिए गर्व का विषय है।

### पिता की वर्दी, बेटी का सपना

सुरभि के पिता विनोद सुरकेल हनुमानताल थाना में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं। पारिवारिक प्रेरणा और अपनी मेहनत से सुरभि ने परीक्षा में 33वीं रैंक प्राप्त करते हुए सहायक संचालक (वित्त विभाग) का पद हासिल किया।

### पढ़ाई के साथ जारी रही तैयारी

सुरभि ने स्कूली शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय खमरिया से पूरी की और स्नातक की पढ़ाई सेंट अलॉयसियस कॉलेज जबलपुर से की। पढ़ाई के साथ ही उन्होंने सतत तैयारी जारी रखी और एमपीपीएससी परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर युवाओं के लिए मिसाल कायम की।

### शहर के लिए प्रेरणा

सम्मान समारोह में सुरभि की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उनकी मेहनत से प्रेरणा लेकर शहर के युवा भी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



# लंबित पत्रों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत और अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। पचास दिन से अधिक के लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशति किया कि यदि प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता बरती जाती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने अनुभागवार फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति की समीक्षा कर कहा कि इसमें प्रगति लायें। कलेक्टर श्री सिंह ने भूमि आवंटन के प्रकरण, एक बगिया मां के नाम, एक पेड़ मां के नाम, एएनसी रजिस्ट्रेशन, ऋण वसूली, चलित पशु चिकित्सा इकाई, फसल कटाई, नरवाई प्रबंधन, बैंक से जुड़ी स्कीमों के क्रियान्वयन, ई-केवायसी, दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण, राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विस्तार से चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस दिशा में प्रगति लाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान किये जाने वाले कार्य, सुराज योजना, राशन वितरण, 21 सितंबर को आयोजित होने वाली मैराथन, स्कूल वाहन व चालकों के सत्यापन, छात्रावासों के निरीक्षण पर भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने समाचार पत्रों में प्रकाशित विभिन्न समस्याओं व जनहित के मुद्दों से जुड़े समाचारों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा।शान्ति समिति की बैठक आजआगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक आज मंगलवार 16 सितंबर की शाम 4 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में आहूत की गई है।

## जीएसटी पोर्टल में एंटी प्रॉफिट जांच सिस्टम बंद क्यों...?

**जबलपुर**। जीएसटी एंटी प्राफीटरिंग जांच सिस्टम 31 मार्च से बंद कर दी गई है। नतीजन 1 अप्रैल से नई शिकायत लेना बंद कर दिया गया है। केवल पुरानी दर्ज शिकायतों पर ही जांच जारी है। ऐसे में यदि 22 सितंबर से जीएसटी रेट घटाने के आदेश के तहत उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिलता है तो उनके पास शिकायत दर्ज करने का अब दूसरा फोरम बचा नहीं है, क्योंकि एंटी प्राफीटरिंग जांच सिस्टम बंद करने के बाद उसके विकल्प में दूसरे नए सिस्टम का नोटिफिकेशन अभी तक नहीं किया गया है। अतः नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे ने सचिव, जीएसटी कौंसिल नई दिल्ली को पत्र भेजकर इस बिन्दु पर नोटिफिकेशन जारी करने का निवेदन किया है। जीएसटी एक्ट के अनुसार यदि रेट घटाने का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया जाता है तो उसे प्राफीटरिंग माना जाता है। इसी के खिलाफ यह एंटी प्राफीटरिंग सिस्टम है।

**जीएसटी कौंसिल से नोटिफिकेशन जारी करने मांग**

एंटी प्राफीटरिंग जांच सिस्टम में ऑनलाईन शिकायतों के पोर्टल में 1 अप्रैल से नई शिकायत स्वीकार करना बंद हो गया है। अतः इसे पुनर्जीवित किया जाए। बैठक में रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# विश्वास का दुश्मन निकला परिचित युवक

## घर में घुसकर 6 लाख के सोने के गहने उड़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार, बेलबाग पुलिस ने चोरी की वारदात का किया खुलासा

हरिभूमि, जबलपुर।

बेलबाग थाना अंतर्गत घर में घुसकर 6 लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने चोरी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 19 वर्षीय काव्य साहू निवासी फूटाताल के रूप में हुई है, जो पीड़िता का परिचित था और उसके घर आता-जाता रहता था।

### इलाज के लिए गया परिवार, लौटे तो टूटा मिला ताला

टीआई राजकुमार खटीक ने बताया कि रत्ना मेश्राम निवासी फूटाताल, ने पुलिस को बताया कि 30 अगस्त को वह अपने परिवार के साथ नागपुर इलाज के लिए गई थीं और घर की चाबी अपने एक विश्वसनीय परिचित को सौंप गई थीं। 13 सितंबर को लौटकर जब उन्होंने सामान की पेटी देखी तो उसमें रखे दो कंगन, एक हार और एक सोने की चेन गायब थे। पेटी का ताला टूटा हुआ था। चोरी गए गहनों की कीमत करीब 6 लाख आंकी गई।



### टीम की सराहनीय भूमिका

आरोपी की गिरफ्तारी और जेवर की बरामदगी में एसआई विजय सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक राजेश मालवीय, आरक्षक अभिमन्यु, कुनाल राजपूत और अखिलेश पांडे की भूमिका उल्लेखनीय रही।

### आरोपी को बेटे के तरह मानती थी

टीआई खटीक ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पतासाजी के दौरान पुलिस को पता चला कि घर के सामने रहने वाला युवक काव्य साहू, जिसे पीड़िता अपने बेटे की तरह मानती थी चोरी में शामिल हो सकता है। पूछताछ में काव्य ने अपराध स्वीकार कर लिया।

### घर से बरामद हुए सोने के गहने

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए सोने के गहने दो कंगन, एक हार और एक चेन उसके घर से बरामद कर लिए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



## 6 दिवसीय महिला योग शिविर शुरु

**जबलपुर**। महिला पतंजलि योग समिति जबलपुर के महिला योग शिविर का उद्घाटन प्रसिद्ध योगाचार्य एवं संरक्षिका सुशीला वर्मा व जिला प्रभारी राजुल बड़कुल ने सोमवार को किया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। जिला प्रभारी राजुल बड़कुल ने कहा कि योग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। संरक्षिका सुशीला वर्मा ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से लोगों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायामों के बारे में जानकारी दी जा रही है। शिविर आयोजक कविता सिंह ने बताया कि इस योग शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के लोग भाग ले रहे हैं। शिविर में योग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और प्रतिभागियों को योग के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में सरवाईकल स्पोडलईसिस, फ्रौजन शोल्डर, स्लिप डिस्क, कमर दर्द, सैटिका इत्यादि रोगों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। यह शिविर लोगों में योग के प्रति जागरूक करेगा। तरुणा सराफ, अंजली गालव, कविता विश्नोई एवं रश्मि यादव शिविर के आयोजन में सहयोग कर रहीं हैं। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 7.30 से 8.30 बजे तक सरस्वती कॉलोनी में आशीर्वाद भवन के पास चल रहा है।



खाद की कमी व धान, गेंहू, मूंग, उड़द के रूके भुगतान से आक्रोश

# किसानों की ट्रैक्टर रैली से प्रशासन की नींद उड़ी

जबलपुर।

जबलपुर की सड़कों पर लैंड पुलिंग एक्ट के खिलाफ व मूंग उड़द के भुगतान को लेकर बड़ा किसान आंदोलन देखने मिला। सैकड़ों की संख्या में दूरदराज गांवों के किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों ट्रैक्टरों की संख्या के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय घंटाघर पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम अपनी समस्याओं के मांग पत्र सौंपे। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल व प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने घंटाघर में किसान सभा को संबोधित करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश का किसान लैंड पुलिंग एक्ट के खिलाफ है। यह कानून किसानों की हाइवे की जो जमीन है वो उनसे छीनने का पुलिंदा मात्र है। जिसमें किसानों को भूमिहीन बनाकर मजदूरी करने मजबूर होना पड़ेगा। किसान संघ ने इसे तत्काल वापिस लेने की मांग सरकार से की। खाद की कमी के खिलाफ किसान खाद की बोरियों को पहने दिखे और जमकर नारेबाजी की।

### किसानों में दिखा भारी आक्रोश

किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटैल व जिला मंत्री धनंजय पटैल ने अतिरिक्त कलेक्टर रिषभ जैन व नाथूराम गौंड़ को ज्ञापन सौंपते हुये किसानों के एमएलटी वेयरहाउस में मूंग उड़द के रूके हुये भुगतान तत्काल करने की मांग रखी। ज्ञापन के दौरान भृष्टाचार व किसानों के रूके भुगतान और खाद की कमी के कारण किसानों में भारी आक्रोश दिखा और प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेवाजी की।






### सड़कों पर उतरे सैकड़ों ट्रैक्टर

भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों ट्रेक्टरों की किसान अधिकार रैली से प्रशासन की नींद उड़ी दिखी। रातभर प्रशासन के आला अधिकारी किसान नेताओं से संपर्क करते रहे और ट्रैक्टर रैली शहर में न लाये इसका आग्रह करते दिखे। किसान संघ ने जिला प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया और रैली मार्ग में प्रमुख चैराहों पर किसान संघ के पदाधिकारी यातायात में सहयोग करते देखे गये।

### ये रहे शामिल

भारतीय किसान संघ के धरना प्रदर्शन व रैली में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, आलोक पटैल, जिलाध्यक्ष रामदास पटैल, जिला मंत्री धनंजय पटैल, सह मंत्री सुनील पटैल, संभाग उपाध्यक्ष दामोदर पटैल, तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, रीतेश, पटैल, वीरेंद्र पटैल, धरम पटैल, भानू पटैल, शरद भुर्रक, लकी ग्रोवर, मनीष पटैल, राजकुमार पटेल, सुरेश पटैल, रामकृष्ण सोनी, आशीश पटैल सहित सैकड़ों की संख्या में गावों के किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## संस्कारधानी में सुरों की भव्य संध्या, हेमंत बृजवासी की प्रस्तुति ने मोहा मन

# एक शाम बंसी वाले के नाम...

हरिभूमि जबलपुर।

पंजाबी महासंघ, जबलपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक शाम बंसी वाले के नाम भव्य सुर संध्या का आयोजन एमएलबी ग्राउंड में किया गया। इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संध्या की मुख्य प्रस्तुति सुप्रसिद्ध भजन सम्राट हेमंत बृजवासी (वृंदावन) ने दी, जिनकी स्वर लहरियों ने समूचे वातावरण को कृष्णमय कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें पूजनीय साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी जी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, एवं राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के संरक्षक दीपक कपूर (भोपाल) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सुर संध्या की शुरुआत जबलपुर की ही बेटी व जी म्यूजिक (मुंबई) की गायिका प्रियंका श्रीवास्तव की सुंदर प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात देवी गीतों के प्रसिद्ध गायक नयन कपूर ने अपनी गायकी से श्रोताओं का मन मोह लिया। जैसे ही हेमंत बृजवासी मंच पर पहुंचे, उपस्थित हजारों श्रोताओं की भीड़ भजनों की रसधारा में डूब गई। सांसों की माला पे सिमरूं पी का नाम और मैं जानूं या वो जाने जैसे लोकप्रिय भजनों ने पूरे वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। तालियों की गूंज और श्रद्धालु जनों की भावविभोर प्रतिक्रियाएं, कार्यक्रम की सफलता की साक्षी बनीं। इस अवसर पर पूजनीय जगद्गुरु राघव देवाचार्य जी, स्वामी गिरिशानंद जी, एवं स्वामी चैतन्यपुरी महाराज जी सहित अनेक संत-महात्मा भी उपस्थित थे। जबलपुरवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर इस संध्या को ऐतिहासिक बना दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा, जिनमें निखिल पाहवा (कोषाध्यक्ष), अरविंद नैय्यर (सचिव), राजेश चंडोक (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), विनीत भाटिया, सुरेश महाजन, नितिन भाटिया (प्रबंधक), कौशल सूरी (यूथ विंग प्रभारी), राकेश महाजन (वित्त प्रबंधक), दीपक लाल, धीरज सभरवाल, जोगेश भाटिया, नीता नारंग (महिला विंग अध्यक्ष), शैली अरोरा (कोषाध्यक्ष), निधि तनेजा (सचिव), एकता नैय्यर, राकेश विग, वरुण नैय्यर, शैलेंद्र कपूर, किरण मल्होत्रा, सतीश वर्मा, अतुल अरोरा, संजय चड्ढा, इंजी. संजय अरोरा, रौनक सभरवाल, संजय भाटिया, दीपक चंडोक आदि शामिल है।

## हिन्दू धर्म सेना ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चेताया

# गरबा के नाम पर अमर्यादा बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

हिन्दू धर्म सेना की महिला इकाई एवं विधि प्रकोष्ठ द्वारा दुर्गोत्सव में गरबा महोत्सव के आयोजन को लेकर परम्परा संस्कृति और मर्यादा का आनिवार्य रूप से पालन कराने के संदर्भ में जिला एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांगे रखी गईं.

कलेक्टर एसपी के नाम सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है की आयोजकों की जवाबदेही तय की जाए. साथ ही गरबा में किसी भी तरह की अमर्यादित या भौंडी संस्कृति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. आधार कार्ड के आधार पर ही प्रवेश सुनिश्चित किया जाए. आयोजन में किसी भी गैर हिन्दू व्यक्ति के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए. आयोजन स्थल पर संबंधित थाने की पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रखी जाए. अशोभनीय व फिल्मी गानों पर पूर्ण प्रतिबंध हो। प्रतिभागियों के वस्त्र पारंपरिक, सांस्कृतिक एवं मर्यादित हों। मर्यादा के उल्लंघन पर हिन्दू धर्म सेना द्वारा खुलकर विरारेध किया जाएगा। इस अवसर पर हिन्दू धर्म सेना की महिला इकाई की श्रीमती अन्नू सिंह, श्रीमती अभिलाषा सिंह, श्रीमती श्री तिवारी, श्रीमती मधु सिंह, श्रीमती अनुराधा सिंह और विधि प्रकोष्ठ के एड ईश्वर सिंह , एड अमित उपाध्याय, एड अनिकेत पांडे, एड अभिषेक उपाध्याय, एड ऋषि चौकसे, सहित नीरज राजपूत, सौरभ रैकवार, छोटू शर्मा, राहुल महावार आदि उपस्थित रहे।



# संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर सांसद से की चर्चा



**जबलपुर।** सांसद आशीष दुबे के जन्मदिन के अवसर पर पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय (निवासी झांसी) ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जबलपुर में प्रस्तावित संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन से जुड़े प्रशांत राय ने सांसद आशीष दुबे से अनुरोध किया कि वे संगठन के आगामी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, जिससे पंचायत स्तर पर जनहित से जुड़े कार्यों को और अधिक गति मिल सके।

## जीव-आत्मा को श्राद्ध कर्म से मिलती है शांति

# पितृपक्ष में तर्पण व श्राद्ध का सिलसिला जारी

**जबलपुर।** पितर पक्ष में पितरों का तर्पण का सिलसिला जारी है। पितर पक्ष की आज दसवीं तिथि है। पूरे पितर पक्ष में अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग तरह से स्वर्ग सिधारने वालों का विशेष श्राद्ध किया जाता है। नवमीं तिथि को महिलाओं का विशेष रुप से श्राद्ध किया जाता है। जिससे मातृऋण से मुक्ति मिलती है। इसी तरह दसवीं तिथि पर वैष्णवों और द्वादशी तिथि में संत-महात्माओं का श्राद्ध करने का विधान है। इन विशेष तिथियों में श्राद्ध कर्म करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।



### अमावस्या को होगी विदाई

ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतामाचार्य ने बताया कि अगामी 21 सितंबर को अमावस्या को पितरों की विदाई की जायेगी। इस दिन पितृमोक्ष अमावस्या में पितरों के निमित्त अंतिम पूजा होगी। उनसे सुख-समृद्धि की और आर्शीवाद की कामना करते हुये उन्हें विदा किया जायेगा।

### एकादशी और द्वादशी का विशेष महत्व

ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतामाचार्य के मुताबिक शास्त्रों में एकादशी को वैष्णवों और द्वादशी को संत-महात्माओं और सन्यासियों का तर्पण करने का विधान बताया गया है। इन विशेष तिथियों में किये गये पिंडदान और तर्पण व श्राद्ध कर्म से जीव आत्मा को शांति मिलती है। श्राद्ध पक्ष में नवमीं एकादशी और द्वादशी के साथ-साथ चतुर्दशी का भी महत्व है। इस तिथि में आग से जलने, पानी में डूबने, पेड़ से गिरने जैसे अकाल मृत्यु को प्राप्त हुये लोगों का श्राद्ध करने से उन्हें मोक्ष प्राप्त होता है।

## नशा करने पैसे नहीं देने पर पीटा

**जबलपुर।** गोहलपुर थानान्तर्गत कृष्णा कालोनी त्रिमूर्ति नगर में कल सुबह लगभग 11 बजे एक युवक अपने पिता व भाई के साथ अपने घर के सामने वाले कमरे में बैठा था। तभी एक व्यक्ति आया और उससे नशे के लिए पांच सौ रूपए मानने लगा। मना करने पर आरोपी ने युवक के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की। इस दौरान पिता व भाई के बीच बचाओं करने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि कृष्णा कालोनी त्रिमुर्ति नगर निवासी शांतनु तिवारी कल सुबह लगभग ११ बजे अपने भाई व पिता के साथ घर के सामने वाले कमरे में बैठा था तभी स्वीपर कालोनी चंडाल भाटा निवासी मनोज मलिक आया और उससे नशा करने पांच सौ रूपए मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने शांतनु के साथ हाथपायी कर गंभीर चोटें पहुंचायी। इस दौरान शांतनु के पिता ओम प्रकाश तिवारी व भाई चेतन के बीच बचाओ करने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

# सड़क, बिजली, और स्वच्छता के कार्यो को कराया जायेगा चाकचौबंद : महापौर

**जबलपुर।** नवरात्रि पर्व पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। महापौर ने स्वास्थ्य विभाग, लोककर्म और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को हिदात देते हुए निर्देशित किया कि नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी 79 वार्डो में पेंचवर्क के कार्यो को गुणवत्ता के साथ कराने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था और स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्हांने समीक्षा बैठक में सभी संबंधितों को 24 घंटे अलर्ट रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। उक्त कार्यो में कोई भी अधिकारी कर्मचारी लापरवाही न बरतें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

महापौर ने लोककर्म विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा कार्यो को पूर्ण करने में हीलाहवाली तथा निर्देशों की अव्हेलना की जा रही है, ऐसी स्थिति में निगम अपने स्तर से कोई ठोस उपाय करके कार्य कराये और कार्यो पर जो व्यय हो उस व्यय राशि को ठेकेदारों के देयकों से की जाये।



महापौर ने सड़कों और चौराहों पर सफेद पेंट से पट्टे डालने के साथ-साथ कैट-आई लगाने के कार्यो को भी और गति प्रदान करने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के साथ-साथ सभी 79 वार्डो में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाये।

महापौर श्री अन्नू ने सड़कों की मरम्मत नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने के पूर्व कराकर गड्ढा मुक्त करने अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शहर के सभी विसर्जन कुण्डों तथा उसके आस-पास के पहुंच मार्गो की भी मरम्मत कराई जाये, प्रकाश, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी अपने-अपने विभाग से संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, एवं संबंधित विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## कार में आए युवक युवतियां आपस में लड़े

**जबलपुर।** ग्वारीघाट रोड पर सोमवार तड़के उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब लग्जरी कारों से उतरे कुछ युवक-युवतियां आपस में भिड़ गए। सुबह 4:50 बजे काली धार और सफेद होंडा सिटी से पहुंचे इन युवाओं ने सड़क पर गाड़ियां रोककर जोरदार गाली-गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। करीब 40 मिनट तक चले इस हंगामे को देखकर तर्पण के लिए जा रहे लोग हैरान रह गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक झगड़े में चार लड़कियां और कई लड़के शामिल थे। लड़कियों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है और सभी उच्च वर्गीय परिवारों से लग रही थीं। झगड़े के दौरान लड़कियों को आपस में कहते सुना गया कि "तू उसके पास क्यों गई थी", जबकि लड़के विवाद शांत कराने की कोशिश करते रहे। अंततः सभी युवक-युवतियां अपने वाहनों में बैठकर वहां से चले गए।

रामपुर पुलिस चौकी और ग्वारीघाट थाना पुलिस ने बताया कि घटना की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। हालांकि पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने की तैयारी की जा रही है ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके।

# रजनी ने फायरिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर शासकीय कॉलेज का किया नाम रोशन

**सिहोरा।** शास.श्यामसुन्दर अग्रवाल स्नातकोतार महाविद्यालय में अंडर ऑफिसर रजनी कोरी के थल सैनिक कैंप दिल्ली में पूर्ण कर वापस आने पर स्वागत कार्यक्रम प्राचार्य प्रो एम के श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा एन सी सी ऑफिसर डॉ.अर्चना नामदेव के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सूबेदार मुकेश कुमार यादव, 5 हरियाणा बटालियन एवं ए आई सी टी एस सी इंचार्ज दिल्ली,पी आई स्टाफ हवलदार पप्पू कुमार वन एम.पी.सिग्नल कम्पनी, पिता संत लाल कोरी एवं माता सुनीता कोरी उपस्थित रही। रजनी द्वारा थल सैनिक कैंप प्रक्रिया से संबंधित अनुभवों को सभी के साथ साझा किया गया कि उन्होंने बताया किस तरह कड़ी मेहनत लगन व परिश्रम के साथ निरंतर 6 कैंप में 1.2 सेटी मीटर ग्रुपिंग के साथ फायरिंग में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर फायरिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित थल सैनिक कैंप 2025 में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि का श्रेय रजनी ने कर्नल-अंकुर वशिष्ठ, वन एम पी.सिग्नल कम्पनी,सी.एच. एम.अनिल साहू, सूबेदार मोहन बहादुर थापा प्राचार्य, एन सी सी ऑफिसर डॉ अर्चना नामदेव एवं माता पिता को दिया गया।



# एलिम्को में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ



**जबलपुर।** औद्योगिक क्षेत्र रिछाई स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को ) में आज सोमवार को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिन्दी दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में एलिम्को के प्रबंधक वी सी केशरवानी भी उपस्थिति थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाई जाए सोनोग्राफी मशीन

बरेला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ सुविधाओं की बढ़ोतरी हेतु सोनोग्राफी मशीन लगाए जाने की मांग नगर वासियों ने क्षेत्रीय सांसद व विधायक से की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नगर एवं पर क्षेत्र की आबादी को सोनोग्राफी कराने हेतु जबलपुर स्तिथ विक्टोरिया और मेडिकल कॉलेज के चक्कर लगाने पड़ते हैं सोनोग्राफी कराने के चक्कर में गरीब गरीब आदमी को दिन दिन भर जबलपुर स्थित शासकीय चिकित्सालय के चक्कर एवं दिन भर की मजदूरी का नुकसान भी उठाना पड़ता है।सोनोग्राफी कराने हेतु आर्थिक रूप से सक्षम हितग्राही प्राइवेट सेंटरों में सोनोग्राफी करवा लेता है वहीं दूसरी और गरीब आदमी सोनोग्राफी कराने के लिए दर दर की ठोकर खाता रहता है।नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी की सुविधा हो जाने से क्षेत्र की गरीब आबादी को जबलपुर जाने के चक्कर से निजात मिल जाएगी वहीं दूसरी ओर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी कराने हेतु आई महिलाओं को समस्या होने पर डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी कराने की सलाह दी जाती है तो उन्हें जबलपुर आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।स्वयं सेवा समिति, जागृति समाज कल्याण समिति, स्वतंत्र प्रतिभा मंच ने स्वास्थ्य सुविधाओं की बढ़ोतरी हेतु स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी कराने की व्यवस्था की मांग की है।

# एसएस कॉलेज में हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोर में भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वावधान में हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी पखवाड़ा (साप्ताहिक)कार्यक्रम का आयोजन। प्राचार्य डॉ.मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया हिन्दी के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य'संगोष्ठी के विषय पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'हिन्दी को सर्वप्रथम हमें आत्मसात करना चाहिए। और इन्हीं शब्दों के माध्यम से 'हिन्दी के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य' के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला गया,कार्यक्रम संचालन डॉ.माया पारस सहा.प्राध्यापक(हिन्दी विभाग एंव डॉ.अजय कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया आभार प्रदर्शन अनिल राजपूत के द्वारा किया गया।

# जिले में 32 केंद्रों पर होगा धान उपार्जन, किसानों का पंजीयन शुरु

जबलपुर। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 32 केंद्र स्थापित किये गये हैं। पंजीयन केंद्रों का निर्धारण जिला उपार्जन समिति की बैठक में किया गया है। जिले में धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया आज 15 सितंबर से शुरू हो गई है। किसान 10 अक्टूबर, तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन रविवार और शासकीय अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों पर किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु किसानों के पंजीयन के लिये जिले में निर्धारित किये गये केंद्रों में आधारताल तहसील के अंतर्गत कृषि उपज मंडी स्थित सहकारी विपणन संस्था को, राँझी तहसील में सेवा सहकारी संस्था उमरिया सोनपुर को तथा कुंडम तहसील में वृहत्ताकर सेवा सहकारी संस्था बघराजी को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

जबलपुर तहसील में स्थापित किये गये पंजीयन केंद्रों में सेवा सहकारी संस्था सिवनी, सेवा सहकारी संस्था मोहास, सेवा सहकारी संस्था सहजपुरी, सेवा सहकारी संस्था सुकरी, सेवा सहकारी संस्था पिंडरई एवं वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था बरगी को शामिल हैं। पनागर तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था नगना, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था सिंगौद, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था कुशनेर पिपरिया एवं सेवा सहकारी संस्था निरंदपुर को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

पाटन तहसील में स्थापित किये गये पंजीयन केंद्रों में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था सरौंद, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सहसन, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था लुहारी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था बोरिया, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था आरछा एवं सेवा सहकारी संस्था कुंवरपुर शामिल हैं। मझौली तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मझौली, सेवा सहकारी संस्था सहजपुरा एवं सेवा सहकारी संस्था लखनपुर को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

शहपुरा तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था शहपुरा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था घुन्सौर, वृहताकार सेवा सहकारी संस्था सहजपुर, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था बिजौरी एवं सहकारी विपणन संस्था शहपुरा को तथा सिहोरा तहसील में वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था सिहोरा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था मझगवां, वृहत्ताकार सेवा सहकारी संस्था फनवानी, सहकारी विपणन संस्था मर्या सिहोरा एवं सेवा सहकारी संस्था कछपुरा को पंजीयन को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार इन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन निःशुल्क किया जायेगा। किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे भी करा सकते हैं अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों या सहकारी विपणन संस्थाओं में जाकर भी अपना पंजीयन निःशुल्क करा सकेगें। जबकि, एमपी ऑनलाइन कियॉस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे।




**श्री चिंतामन कोरी-** शिवनगर गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री चिंतामन कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव-** टैगोर नगर पंचशील नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री माधुरी शर्मा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री ओमकार नाथ शर्मा की पुत्री सुश्री माधुरी शर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला यादव-** कैलाश शर्मा कम्पाउंड सदर निवासी श्री दूधनाथ यादव की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला यादव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री मनोज चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा चौधरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दिनेश कुमार उपाध्याय-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री दिनेश कुमार उपाध्याय (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुलिया साकेत-** बापू नगर प्रेमसागर झंडा चौक निवासी श्री नरबद साकेत की धर्मपत्नी श्रीमती मुलिया साकेत (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र सिंह राजपूत-** गली नं. 3, त्रिमूर्ति नगर दमोहनाका निवासी श्री राजेंद्र सिंह राजपूत (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवराज बंशकार-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री परसू बंशकार के पुत्र श्री शिवराज बंशकार (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री फूलचंद-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री फूलचंद (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया देव-** जोन्सगंज विक्टोरिया अस्पताल के सामने निवासी श्री एनके देव की धर्मपत्नी श्रीमती माया देव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओमकार दास-** नर्मदा नगर नर्मदा रोड निवासी श्री ओमकार दास (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन पारस-** सेठी नगर निवासी श्री जीवन पारस का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार-** चेरीताल हरदौल मंदिर के पास निवासी श्री अशोक कुमार (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सविता कछवाहा-** तुलाराम चौक निवासी श्री राम गोपाल कछवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती सविता कछवाहा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### 26 अक्टूबर से चालू होगा दिल्ली हवाई अड्डे का टर्मिनल-2



**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे का उन्नत टर्मिनल-2 अगले महीने की 26 तारीख से चालू हो जाएगा। इससे कुल वार्षिक यात्री क्षमता 10 करोड़ हो जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल - टी1, टी2 और टी3 हैं। यह देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 88.20 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद छह पैसे बढ़कर 88.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी व्यापार शुल्क को लेकर चिंताओं और फेडरज रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच रुपया 'फंसा' रहा। नियंत्रित करने और इसके त्वरित अवमूल्यन को रोकने में मदद मिली है।

### जेडी केबल्स का आईपीओ बृहस्पतिवार को खुलेगा




**नई दिल्ली।** केबल और कंडक्टर बनाने वाली कंपनी जेडी केबल्स ने सोमवार को कहा कि उसका 95.99 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 सितंबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत मूल्य दायरा 144-152 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ 22 सितंबर को बंद होगा।

### इंडिगो एथेंस के लिए जनवरी से सीधी उड़ानें शुरू करेगी



**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने सोमवार को कहा कि वह अगले साल जनवरी से एथेंस, ग्रीस के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइन ने कहा कि वह इसके लिए अपना पहला एयरबस ए321 एक्सएलआर विमान तैनात करेगी, जिसकी आपूर्ति इस साल के अंत तक होने वाली है। चालू वित्त वर्ष में 10 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी।

### टीवीएस मोटर ने आल्ट मोबिलिटी से किया करार




**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसने पट्टा और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी आल्ट मोबिलिटी के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत चालू वित्त वर्ष में 3,000 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की तैनाती की जाएगी। जबकि आल्ट मोबिलिटी अपने तंत्र के जरिये उन्हें खरीदेगी, पट्टे पर देगी और वित्तपोषण करेगी।

# अब नहीं पड़ेगी एटीएम की जरूरत, फोन पर एक स्क्रैन से निकाल सकेंगे कैश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- क्यूआर कोड स्कैन कर निकाल पाएगे राशि

अब स्मार्टफोन से कैश निकालना और आसान होने जा रहा है। देश में हर जगह इस्तेमाल होने वाला यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस), जो अभी तक पैसे भेजने, बिल चुकाने और ऑनलाइन खरीदारी के लिए इस्तेमाल होता है। अब कैश विड्रॉल के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) अब क्यूआर कोड स्कैन कर कैश निकालने की सुविधा भी शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए लाखों बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसीएस), जैसे कि किराना दुकानदार या छोटे सर्विस प्वाइंट, क्यूआर कोड देंगे। ग्राहक अपने मोबाइल में किसी भी यूपीआई ऐप से कोड स्कैन करके नकद निकाल पाएंगे।

## एनपीसीआई करने जा रहा बड़ी तैयारी

### आरबीआई से मांगी अनुमति

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जो देश में रिटेल पेमेंट्स और सेटलमेंट सिस्टम चलाने वाली संस्था है) ने आरबीआई से अनुमति मांगी है कि यूपीआई के जरिए नकद निकासी की सुविधा बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसी) पर भी दी जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, एनपीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह सुविधा अभी योजना के स्तर पर है और इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

### अभी क्या विकल्प मौजूद हैं

फिलहाल ग्राहक बीसी के पास मौजूद माइक्रो-एटीएम मशीनों से एटीएम कार्ड डालकर पैसा निकाल सकते हैं। लेकिन यह तरीका बहुत कम इस्तेमाल होता है।





*नकदी निकासी आसान होगी : सरकार और बैंकिंग सेक्टर यूपीआई से नकद निकासी को और आसान बनाने पर काम कर रहे हैं। जब कोई ग्राहक बीसी आउटलेट पर जाएगा, तो वह यूपीआई से क्यूआर कोड स्कैन करेगा। ग्राहक के खाते से उतनी रकम डेबिट हो जाएगी। उतनी ही रकम बीसी के खाते में क्रेडिट हो जाएगी। उसके बाद बीसी ग्राहक को नकद कैश दे देगा।*

### बीसी कौन होते हैं

ये छोटे-छोटे केंद्र या लोग होते हैं जो अक्सर दूरदराज या बैंकिंग सुविधाओं से वंचित इलाकों में रहते हैं और बैंक शाखाओं का एक्सटेंशन बनकर काम करते हैं। यानी ये लोगों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में मदद करते हैं। बता दें कि एनपीसीआई ने ही साल 2016 में यूपीआई को बनाया और लांच किया था।

### अभी कुछ चुनिंदा दुकानदारों से संभव

बता दें कि आज की तारीख में यूपीआई से कार्डलेस कैश निकासी सिर्फ उन्हीं एटीएम (जो यूपीआई-एनेबल हैं) या कुछ चुनिंदा दुकानदारों से ही संभव है। वहां भी एक सीमा है। जैसे कि शहरों और कस्बों में हर ट्रांजैक्शन पर सिर्फ 1,000 रुपए तक नकद मिल सकता है। ग्रामीण इलाकों में यह सीमा 2,000 रुपए तक है। अब योजना बनाई जा रही है कि इस सुविधा को पूरे देश के 20 लाख से ज्यादा बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसी) तक फैलाया जाए।

### वित्त मंत्री ने जारी की नीति आयोग की रिपोर्ट

# नियामकीय उपायों से नवोन्मेषण को बढ़ावा मिलना चाहिए : सीतारमण

- एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती है
- सरकार जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियामकीय उपायों की जरूरत पर जोर दिया, जो तकनीकी नवोन्मेषण, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए एआईः तेज आर्थिक वृद्धि के अवसर' जारी करते हुए यह बात कही।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''हम ऐसे नियामकीय उपाय नहीं चाहते हैं, जो सचमुच तकनीक को ही खत्म कर दें। हम ऐसे नियमन चाहते हैं जो जिम्मेदार अनुप्रयोग को बढ़ावा दें।''

### चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं

सीतारमण ने कहा, ''एआई तेजी से बढ़ रही हमारे वक्त की सच्चाई है। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती हैं।'' सीतारमण ने आगे कहा कि चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं हैं, बल्कि इस बात को लेकर भी हैं कि इनका दुरुपयोग कैसे रोका जाए।

### एआई को काबू में रखना आना चाहिए

*वित्त मंत्री ने कहा, ''भारत एक ऐसा देश है, जो किसी भी आने वाली अच्छी चीज को समझ सकता है, लेकिन कोई भी अच्छाई पूरी तरह अच्छी नहीं होती। कोई भी अच्छाई बिना शर्त नहीं होती। हमें इसका इस तरह इस्तेमाल करना चाहिए कि यह आम आदमी के हित में हो।'' उन्होंने कहा कि एआई एक ऐसी चीज है, जिसे हमें अपने काबू में रखना आना चाहिए और इसे आम आदमी की भलाई के लिए काम करना चाहिए।*

**कहा, एआई को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें**

### पीएम के मार्गदर्शन में आई तेजी

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एआई और इससे जुड़े मामलों में तेजी आई है और नीति आयोग इस संबंध में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।



### एआई से शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने की योजना

सीतारमण ने कहा कि एआई मौजूदा शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने और नए शहरी केंद्रों की योजना बनाने के लिए समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत के सभी जिलों में एआई-समर्थित प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ''मैं चाहूंगी कि सभी जिले नवाचार और वृद्धि की कहानी बनकर उभरें।'



### एआई की कई नई भूमिका तैयार


रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं तैयार करेगा, वहीं दूसरी ओर यह कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित भी करेगा। विशेष रूप से लिपिकीय और निम्न कौशल वाले क्षेत्रों में ऐसा होगा। उन्होंने एक संतुलित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है। इससे बहुत अधिक नियमन को रोकने में मदद मिलती है।

### हम नैतिकता से पीछे न हटें

वित्त मंत्री ने कहा कि एआई तेजी से प्रगति कर रहा है और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है, तो नियमन भी तेजी से होना चाहिए।

# बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत रहने का अनुमान : क्रिसिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई




- ऋण वृद्धि दूसरी छमाही में तेजी पकड़ेगी
- खुदरा ऋण मुख्य भूमिका निभाएगी

घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि बैंकों की ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में तेजी पकड़ेगी और समूचे वित्त वर्ष में यह लगभग 12 प्रतिशत तक रह सकती है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में बैंकों के कर्ज वितरण को बढ़ाने में खुदरा ऋण मुख्य भूमिका निभाएगा जबकि कॉरपोरेट ऋण की वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी। इसके साथ ही क्रिसिल ने कुछ चिंताओं की ओर भी इशारा किया है। परिवारों के जमा अंशदान में गिरावट आने से जमा स्थिरता पर असर पड़ सकता है और छोटे व्यवसायों को दिए जाने वाले कर्ज संपत्ति गुणवत्ता के लिए चुनौती हो सकते हैं।


क्रिसिल के मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा, ''पहली तिमाही में ऋण वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत रही, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत के करीब पहुंच चुकी है लेकिन यह अब भी धीमी है।

### घरों का जमा योगदान पिछले पांच वर्षों में घटा

*रेटिंग एजेंसी ने जमा स्थिरता पर कहा कि घरों का जमा योगदान पिछले पांच वर्षों में 64 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत रह गया है। हालांकि, प्रणालीगत तरलता बढ़ाने वाली नीतियों के कारण अपेक्षित ऋण वृद्धि के लिए पर्याप्त जमा उपलब्ध रहेगा।*

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 119 और निफ्टी 45 अंक टूटा
- आईटी और वाहन शेयरों में हुई मुनाफावसूली

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक के नुकसान में रहा और एनएसई निफ्टी में भी आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और यह 118.96 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 44.80 अंक की गिरावट के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों को इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार है। इससे वे बाजार से दूर रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

**फेड की बैठक से पहले निवेशक सतर्क** : जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर रहे।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। जापान का शेयर बाजार अवकाश के कारण बंद रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था।

# बेरोजगारी दर लगातार दूसरे महीने घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर में लगातार दूसरे महीने कमी आई है। अगस्त में यह घटकर 5.1 प्रतिशत रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण जुलाई में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही थी। मई और जून दोनों में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई 2025 में जारी पहले पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। कुल मिलाकर बेरोजगारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए) लगातार दूसरे महीने घटकर अगस्त 2025 में 5.1 प्रतिशत रही।



- अगस्त में 5.1 प्रतिशत पर : सरकारी सर्वेक्षण
- 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के बेरोजगारी दर में आई कमी

*श्रमिक जनसंख्या अनुपात में हुआ सुधार : महिलाओं में श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में लगातार दो महीनों से वृद्धि देखी गई है और यह अगस्त में बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया जो जून में 30.2 था। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर में वृद्धि से समग्र श्रमिक जनसंख्या अनुपात में सुधार हुआ है।*

# चांदी 300 रुपए बढ़कर नए शिखर पर, सोना रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला



- चांदी बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलो के नए शिखर पर
- सोना में 500 रुपए की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से 500 रुपये घट गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला मानक सोना सोमवार को 500 रुपये गिरकर 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जिससे इसकी चार दिनों की बढ़त का सिलसिला टूट गया। शुक्रवार को यह 700 रुपये बढ़कर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसके साथ ही 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये की गिरावट के साथ 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को यह 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सराफा व्यापारियों ने कहा कि चांदी की निरंतर वृद्धि निवेशकों की बढ़ती रुचि और इसकी औद्योगिक मांग के प्रति आशावाद को दर्शाती है, साथ ही कमजोर अमेरिकी श्रम बाजार ने आसान मौद्रिक नीति पर दांव लगाने को बढ़ावा दिया है।

## बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए एलएंडटी को मिला ऑर्डर...



**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए ऑर्डर मिला है। एलएंडटी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसकी परिवहन अवसंरचना इकाई ने नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लि. (एनएचएसआरसीएल) से मुंबई-अहमदाबाद 'हाई स्पीड रेल' गलियारे के लिए 156 रूट किमी (आरकेएम) हाई-स्पीड बैलस्टलेस ट्रैक (पैकेज टी1) के निर्माण का ऑर्डर हासिल किया है। एल एंड टी के लिए मुंबई-अहमदाबाद 'हाई स्पीड रेल' गलियारे में ट्रैक-कार्य पैकेज में यह दूसरा अनुबंध है। एलएंडटी ने कहा कि अप्रैल, 2022 में, एनएचएसआरसीएल ने वडोदरा शहर के दक्षिण से साबरमती डिपो तक पैकेज टी3 (116 किमी) का अनुबंध हासिल किया था और परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA JABALPUR**

No.E.E./Tender/2025/1040 Dated-15/09/2025

**E-TENDER NOTICE**

Online E-Tender are invited form reputed Contrator/ Firm/ Supplier /authorized dealer for Supply of various type Material and Accessories item at J.N.K.V.V., Jabalpur for the financial year up to 2025-26. The detailed list of items and tenders document can be seen and purchase on mptenders.gov.in website by payment of Rs. 2000/- The Purchase Start date 15/09/2025 10:300 AM, to 22/09/2025 06:00 PM, Bid submission end date 22/09/2025 06:00 PM, last date of submission of tenders document (Hard copy) 26/09/2025 PM, Date of opening of the tenders 29/09/2025.

IPRO/EE//2025/67 Executive Engineer

## केनरा रोबेको, हीरो मोटर्स लाने जा रही निर्गम

# छह कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिली

- कंपनियों ने अप्रैल से जुलाई के बीच दस्तावेज दाखिल किए थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी और हीरो मोटर्स समेत छह कंपनियों को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में पाइन लैब्स, ओर्कला इंडिया, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस और एमवी फोटोवोल्टिक पावर भी शामिल हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध अद्यतन सूचना के मुताबिक, इन कंपनियों ने अप्रैल से जुलाई के बीच आईपीओ से संबंधित मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को सेबी ने दो से 12 सितंबर के बीच नियामकीय 'टिप्पणियां' मिलीं।

### हीरो मोटर्स की 1200 करोड़ जुटाने की योजना

हीरो मोटर्स आईपीओ के जरिये करीब 1,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसमें 800 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर और 400 करोड़ रुपये के शेयर ओएफएस के तहत बेचे जाएंगे। एमवी फोटोवोल्टिक पावर 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है।

### केनरा का निर्गम ओएफएस आधारित होगा

नियामकीय भाषा में टिप्पणी मिलने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी है। केनरा रोबेको एएमसी का 4.98 करोड़ इक्विटी शेयरों का आईपीओ पूरी तरह खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसमें प्रवर्तक केनरा बैंक 2.59 करोड़ और ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एनवी 2.39 करोड़ शेयर बेचेंगी। इससे प्राप्त राशि प्रवर्तकों को जाएगी और कंपनी को कोई धनराशि नहीं मिलेगी।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
जबलपुर अंचल कार्यालयः राईट टाउन, जबलपुर– 482001, फोनः 0761- 2480065 ई–मेलः dzmjabalpur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - सकरा<br>उधारकर्ता - श्री अंकुर गुप्ता, श्री राजेंद्र गुप्ता, श्री अंशुल गुप्ता | Rs. 4865907/- (Rupees Fourty Eight Lakh Sixty Five thousand Nine Hundred Seven Only) plus applicable unapplied interest + penal interest thereon and other charges and expenses w.e.f 21.10.2024 | आवासीय बंधक संपत्ति का समस्त भू भाग व अंश 634/1 राम नगर चितरंजन वार्ड, अधारताल में प्लॉट संख्या 88/ए खं. सं. 42, 43, 44, 48, 85/2 मौजाः बेतला एनबी सं. 52/4 पी.एच. सं. 22 महाकौशल गृह निर्माण सहकारी समिति चिरंजन वार्ड (पुराना) नया वार्ड 38 मोतीलाल नेहरू वार्ड, अधारताल जबलपुर में स्थित<br>सीमाः उत्तरः शर्माजी का मकान, पूर्वः गुप्ताजी का मकान, पश्चिमः महाजनजी का खुला प्लॉट, दक्षिणः 30 फीट रोड।<br>स्वामीः श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता | 21/10/2024<br>12/09/2025 Physical |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।
स्थान – जबलपुर, दिनांकः 16/09/2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

**परिशिष्ट ट प्रारुप-ण**
**(नियम 22 (क) (6) देखिए)**
**धारा 30-क के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**
**क्रमांक JBPLP24072540185 / दिनांक/09/SEP/2025**
क्र./1788/नग्रानि/Jabalpur दिनांक 05/SEP/2025

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स- 1. Rohini Gaikwad W/o Dhruva Gaikwad 2. Udit Gaikwad S/o Dhruva Gaikwad 3.Palak Tiwari W/o Udit Gaikwad जो नगर/ग्राम Katanga के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक JBPLP09062376I दिनांक 2023-08-29 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOTTED HOUSING प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक 14, 15, 16 को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती/मेसर्स 1. Rohini Gaikwad W/o Dhruva Gaikwad 2.Udit Gaikwad S/o Dhruva Gaikwad 3.Palak Tiwari W/o Udit Gaikwad जो नगर Gorakhpur ग्राम Katanga के खसरा क्रमांक 36/1/1 में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक JBPLP09062376I दिनांक 2023-08-29 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOTTED HOUSING प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम Katanga खसरा क्रमांक 36/1/1 रकबा 0.0495 भूमि जिसका भूमि उपयोग RESIDENTIAL है, के स्वामी है दुवारा उपरोक्त भू-खण्ड/भू-खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा **https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp-C1Qqe5K9YM1788** पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा **website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx** पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक,**
**नगर तथा ग्राम निवेश,जबलपुर मध्यप्रदेश**
SS

## चिंतन

# अब नहीं हो पाएगा वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार करने के साथ ही साफ हो गया कि एक बड़े फैसले पर मुहर लग गई है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक भी लगाई है। इसके साथ ही सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन कुछ धाराओं को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है। वक्फ के पास भारत में 8.72 लाख एकड़ संपति है। यह संपति इतनी ज्यादा है कि सेना और रेलवे के बाद वक्फ सबसे अमीर संगठन है। 2009 में यह प्रॉपर्टी करीब 4 लाख एकड़ ही थी, जो अब दोगुनी हो चुकी है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2022 में लोकसभा में जानकारी दी थी जिसके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 एकड़ अचल संपतियां हैं। वक्फ की इन जमीनों की अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ से भी ज्यादा है। हालांकि ये सरकारी अनुमान है। असल में यह संपति बाजार भाव के हिसाब से इससे कहां ज्यादा की बताई जा रही है। अब वक्फ संशोधन कानून में यह प्रावधान रहेगा जो सरकार की ओर से नियुक्त अधिकारी को यह निर्धारित करने का अधिकार देता है कि क्या वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति में अतिक्रमण किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड में गैरमुस्लिम को सीईओ नियुक्त करने संबंधी संशोधन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही यह निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्लिम होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के उस प्रावधान पर भी रोक लगाई, जिसमें वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति का 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक बताया गया था। यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा, जब तक राज्य सरकारें यह तय करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि कलेक्टर को व्यक्तिगत नागरिकों के अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। जब तक ट्रिब्यूनल द्वारा निर्णय नहीं हो जाता, तब तक किसी भी पक्ष के विरुद्ध किसी तीसरे पक्ष का अधिकार निर्मित नहीं किया जा सकता। कलेक्टर को ऐसी शक्तियां देने वाले प्रावधान पर रोक रहेगी। हम यह भी मानते हैं कि वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते और कुल मिलाकर 4 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि किसी भी कानून की संवैधानिक वैधता का आकलन उसके पक्ष में ही होता है। केवल दुर्लभ मामलों में ही पूरे कानून पर रोक लगाई जा सकती है। दरअसल, याचिकाकर्ताओं ने इस पूरे कानून को ही रद करने की मांग की थी। मगर, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अब इस्लामी वक्फ बोर्ड के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। शीर्ष अदालत ने एक तरह से इस कानून के जरिये पुराने वक्फ का अंत ही कर डाला है। अब याचिकाकर्ताओं के पास हाथ मलने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। सरकार ने शुरुआत से ही साफ कर दिया था कि वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना व संपति का दुरुपयोग रोकना है। भारत जैसे बड़े देश में जमीन के एक-एक इंच का उचित उपयोग होना चाहिए। संशोधन लागू होने के बाद वक्फ बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी गांव को वक्फ संपति घोषित नहीं कर कर पाएगा, लेकिन कुछ लोग इसे लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे थे। अब सुप्रीम मुहर लगने पर बाद ऐसे मनसूबों पर पानी फिर गया है।

# विद्रोह की पड़ताल आवश्यक



नेपाल

अवधेश कुमार

आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलते रहे हैं जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकताविहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। उन्होंने भी निराश किया।

नेपाल में उथल-पुथल के बीच सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। किंतु इसके पूर्व तीन दिनों में नेपाल जिस अकल्पनीय हिंसा, उथल-पुथल और हृदयविदारक घटनाओं से गुजरा उसने सबको डराया है। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के विरुद्ध जेन जी के बैनर से जारी विरोध प्रदर्शन कितना उग्र, हिंसक, अराजक और अनेक मायनों में आपराधिक हुआ। ऐसा लगता था जैसे उग्र भीड़ नेपाल की राजनीति और सत्ता से संबंधित हर चीज नष्ट करना चाहती हो। संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रपति आवास और उच्चतम न्यायालय जला देना, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, नेताओं के घरों में घुसकर, खींच-खींच कर सड़कों पर दौड़ा - दौड़ा कर पीटना और महिलाओं को भी नहीं बख्शना किसी आंदोलन का पर्याय नहीं हो सकता। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल की पत्नी को जलाया गया। शेर बहादुर देउबा की पत्नी विदेश विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा की बेरहमी पिटाई वाकई हृदयविदारक थी। लगता था जैसे भीड़ किसी भी नेता को नेपाल की धरती पर साक्षात सहन करने को ही तैयार नहीं थी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सेना ने हेलिकॉप्टर से बचाकर निकाला। नेताओं के व्यक्तिगत घर भी जला डाले गए। केवल सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण इस तरह का हिंसक विरोध, जिसने उग्र अराजकता की सीमाएं पार कर दिया गले नहीं उतरता।

जरा सोचिए, 28 अगस्त को नेपाल सरकार ने 26 सोशल मीडिया साइट को प्रतिबंधित किया जिन्होंने वहां रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था और 3 सितंबर को आंदोलन आरंभ हो गया। ठीक है कि सोशल मीडिया नई पीढ़ी और सक्रिय लोगों के जीवन में इतना पैठ बना चुका है कि प्रतिबंध सामान्य तौर पर स्वीकार नहीं हो सकता। नेपाल में सोशल मीडिया के माध्यम से 12 अरब डॉलर माह से ज्यादा का कारोबार हो रहा है। नई पीढ़ी रील बनाने से लेकर अन्य वीडियो आदि से भारी कमाई कर रही है। सोशल मीडिया भुगतान का भी जरिया बन गया है।

तो नेपाल में इसका प्रतिबंधित होना आसानी से स्वीकार नहीं हो सकता था। सरकार का कहना था कि सोशल मीडिया के माध्यम से देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाया जा रहा था, सांप्रदायिक घृणा भी फैलाई जा रही थी। इसलिए इनका नियमन करना जरूरी है। उच्चतम न्यायालय ने निबंधन की बात कही थी कि जिसका आधार बनाकर सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन उग्र विरोध को देखते हुए सरकार ने प्रतिबंध भी हटा लिया। अगर केवल इसका प्रतिबंध विरोध का कारण होता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। पहले दिन ही विरोध प्रदर्शन के बीच 21 लोगों की मृत्यु आग में घी डालने वाला साबित हुआ, इतनी बड़ी संख्या में किसी आंदोलन में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से मृत्यु हो तो गुस्सा, उत्तेजना पैदा होना स्वाभाविक था। बावजूद ऐसी हिंसा, हर विचारधारा की राजनीति और नेताओं को संपूर्ण नष्ट करने की सीमा तक अभियान चलाना किसी दृष्टिकोण से सामान्य नहीं था।

हाल के समय में जहां भी इस तरह की घटनाएं हुई हमने आधार कारणों का विश्लेषण करते हुए प्रकारांतर से उन्हें न्यायसंगत ठहराने की कोशिश की है। नेपाल के संदर्भ में भी नेताओं के भ्रष्टाचार, उनके बच्चों का



विलासितापूर्ण जीवन, राजनीतिक अस्थिरता आदि को इसके पीछे प्रमुख कारण बताया गया। यह तो नहीं कह सकते कि नेपाल में असंतोष और विरोध के कारण नहीं थे। 2006 में माओवादियों के शांति समझौते के बाद 2008 में राजशाही के अंत के साथ आरंभ संसदीय लोकतंत्र का प्रयोग नेपाल में अनेक विद्रूपताओं का शिकार हुआ। 2008 से एक नया दौर आरंभ हुआ तो 2015 में फिर नए संविधान के साथ नेपाल ने कदम आगे बढ़ाया। किंतु 17 वर्षों में 14 सरकारों के आने- जाने से बड़ा प्रमाण राजनीतिक अस्थिरता का क्या हो सकता था। हथियार के दबाव में परिवर्तन लाने वाले पुष्पकमल दहल प्रचंड तीन बार प्रधानमंत्री बने तो कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाल के केपी शर्मा ओली तथा कांग्रेस के शेर बहादुर भी इतनी ही बार।

आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलते रहे हैं जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। नेपाल के ज्यादातर जिलों में इनकी रैलिया हुईं और हजारों लोगों की इनमें भागीदारी थी। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए, तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकता विहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। हाल में नेपाल में मुस्लिम तथा ईसाई समुदाय की बढ़ती आबादी के विरुद्ध भी असंतोष बढ़ा है। मुस्लिम आबादी तराई या मधेश के क्षेत्र में है और उसके कारण समाज में असहज स्थिति पैदा हुई है। 2008 की संविधान सभा सह संसद ने बिना घोषणा के हिंदू राष्ट्र का अंत कर नेपाल को सेक्युलर देश घोषित किया। इसमें बालेंद्र शाह जैसे रैपर तथा सूदन गुरुंग जैसे हामी नेपाल एनजीओ के संचालकों ने नई पीढ़ी को आकर्षित किया। उनकी लोकप्रियता बढ़ी। बालेंद्र शाह ने कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों को पराजित कर काठमांडू के मेयर का चुनाव जीता तथा 2023 में टाइम्स पत्रिका ने उन्हें विश्व के 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल कर दिया। हालांकि इस बीच दुर्गा परसाई जैसे राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक पार्टी के नेता भी उभरे जो संवैधानिक राजशाही की पुनर्स्थापना के समर्थक हैं। बेरोजगारी के कारण युवाओं का विदेशों में पलायन नेपाल के लिए आम बात थी। इस समय नेपाल के लोग दुनिया के अनेक कोने में है। वहां से प्रभावित हैं।

किंतु कई बार हम जल्दीबाजी में तात्कालिक घटनाओं की वास्तविक पृष्ठभूमि, उसके उसके पीछे की सोच, विचारधारा तथा इसके भावी डरावने प्रभावों का आकलन नहीं कर पाते। नेपाल अकेला देश नहीं है जहां राजनीति और सत्ता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी हो और काफी हद तक प्रत्यक्ष दिखाई भी पड़ता हो। इस तरह की स्थिति इसके पूर्व दक्षिण एशिया में श्रीलंका तथा बांग्लादेश में ही पैदा हुई। बांग्लादेश की घटना के पीछे अमेरिका और तथा पाकिस्तान की प्रमुख भूमिका थी।

कहने का तात्पर्य इस तरह के विद्रोहों के पीछे ऐसी सोच, विचारधारा, योजना और तैयारी रही है जिसकी ओर हमारा स ध्यान नहीं जाता। आज भी स्थिति यह है कि अगर आप इस तरह के कृत्यों का तार्किक विरोध करें तो आपको उग्र प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान भारत के प्रति विरोध की भी अनेक घटनाएं सामने आई। साफ है कि नेपाल के पूरे घटनाक्रम के पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल करनी होगी। पूरे विश्व में विरोधों का जैसा चरित्र दिख रहा है उसी क्रम में ही इसे देखा जाना चाहिए।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व ओजोन दिवस

रोहित कौशिक

# ओजोन परत बचेगी तो ही धरती पर हम सब बचेंगे

आज विश्व ओजोन दिवस है। यह दिन हमें पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बहुत कुछ सोचने के लिए प्रेरित करता है। दरअसल ओजोन परत की स्थिति में उतार-चढ़ाव होता रहता है। समय-समय पर ओजोन परत को लेकर विभिन्न अध्ययन सामने आते रहते हैं। कभी-कभी इन अध्ययनों में विरोधाभासी बातें भी सामने आती हैं। यानी कभी ओजोन परत की स्थिति में सुधार का शोध प्रकाशित होता है तो कभी ओजोन परत की स्थिति बदतर होने का शोध प्रकाशित होता है। ऐसी विरोधाभासी शोध हमें भ्रमित करते हैं। मूल बात यह है कि आज जिस तरह से पर्यावरण को हानि पहुंचायी जा रही है, वह ओजोन परत के लिए शुभ नहीं है।


पिछले कुछ दशकों में मानवीय गतिविधियों ने ओजोन परत को काफी नुकसान पहुंचाया है। कुछ समय पहले नासा और यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के वैज्ञानिकों ने यह बताया था कि आजोन छिद्र की स्थिति अब बेहतर हो रही है। यह छेद अंटार्कटिका के ऊपर स्थित है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुमान के अनुसार अंटार्कटिक आजोन परत 2066 के आस-पास 1980 के स्तर पर पहुंच जाएगी, जबकि बाकी दुनिया में 2040 और 2045 के बीच रिकवरी होगी। वहीं विभिन्न शोधों में यह बात सामने आई है कि 1997 के आसपास ओजोन क्षय की दर कम हो गई थी। वैज्ञानिकों ने इस सम्बन्ध में 25 साल के आंकडों का अध्ययन किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगातार खराब होती जा रही ओजोन परत की स्थिति कुछ जगहों पर अब बेहतर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की स्थिति में सुधार 1987 की अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि के कारण ही संभव हुआ है।

वैज्ञानिकों ने सत्तर के दशक में यह खोजा था कि ओजोन परत पतली हो रही है। 1980 के आसपास यह बहुत स्पष्ट हो गया था कि ओजोन परत का तेजी से क्षरण हो रहा है। विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के द्वारा यह बात सामने आई कि क्लोरो फ्लोरो कार्बन नामक गैस ओजोन परत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रही है। यह गैस मुख्यतः वातानुकूलन एवं प्रशीतन, रेफ्रिजिरेशन में काम आती है। इसके अतिरिक्त वातावरण में ऊंचाई पर उड़ने वाले जेट विमान भी क्लोरो फ्लोरो कार्बन छोड़ते हैं। इसलिए इस तरह की गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए 1987 में अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि को लागू किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की सुधरती स्थिति इसी मांट्रियल संधि का नतीजा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मात्र क्लोरो फ्लोरो कार्बन ही ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाती है बल्कि कुछ अन्य कारक भी ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार होते हैं। सूर्य कंलक, सन स्पोट, ज्वालामुखी तथा मौसम जैसे कारक ओजोन परत का स्वरूप निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। नासा तथा कुछ विश्वविद्यालयों का मानना है कि आज कुछ जगहों पर ओजोन परत की बेहतर स्थिति के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन में कमी ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

ओजोन वातावरण के स्ट्रेटोस्फीयर भाग में धरती की सतह से ऊपर 15 किमी से लेकर 40 किमी तक की ऊंचाई में पाई जाती है। यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को सोखकर ऐसे विभिन्न रासायनिक तत्वों को बचाती है जो कि जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक होते हैं। जब वातावरण में आक्सीजन पराबैंगनी किरणों को सोखती हैं तो रासायनिक प्रक्रिया के द्वारा ओजोन का निर्माण होता है। ओजोन परत के क्षरण से सूर्य से निकलने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणें धरती पर पहुंचकर मनुष्यों, जानवरों, पेड़-पौधों तथा अन्य बहुत सारी चीजों को नुकसान पहुंचाती हैं। पराबैंगनी किरणों से त्वचा कैंसर,फेफडों का कैंसर, शरीर की प्रतिरक्षक प्रणाली का कमजोर होना ,आंखों के रोग, डीएनए का टूटना तथा सन बर्न जैसे रोग हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त ये किरणें पेंट एप्लास्टिक तथा सीमेंट जैसी चीजों के लिए भी हानिकारक सिद्ध होती हैं। सर्वप्रथम स्वीडन ने 23 जनवरी 1978 को क्लोरो फ्लोरो कार्बन वाले ऐरोसोल स्प्रे को प्रतिबन्धित किया था। इसके बाद कुछ अन्य देशों जैसे अमेरिका, कनाडा तथा नार्वे ने भी यही कदम उठाए। लेकिन यूरोपियन समुदाय ने इस तरह के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। यहां तक कि अमेरिका में भी प्रतिशीलन, रेफ्रीजेरेशन जैसे उद्देश्यों के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन का उपयोग होता रहा। मांट्रियल संधि के बाद ही सभी देशों ने क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के लिए गंभीरता से सोचा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग करें




संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित

प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। *- अशोक साहू, कोड़ागांव*

## करंट अफेयर

### टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध की घोषणा

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके प्रांत ने इस्लामी शरिया कानून के क्रियान्वयन पर प्रतिबंध लगा दिया है और निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर 'शरिया अनुपालन' थोपने के किसी भी प्रयास की सूचना देने का आग्रह किया। एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम धर्मगुरु लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट नहीं बेचने का आग्रह करते हुए दिख रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास सार्वजनिक जीवन में धार्मिक आचार संहिता लागू करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा।




एबॉट ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैंने टेक्सास में शरिया कानून और शरिया कानूनी प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यवसाय और किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से डरना नहीं चाहिए।' उन्होंने कहा, 'यदि यह व्यक्ति या कोई भी व्यक्ति शरिया अनुपालन थोपने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना स्थानीय कानून प्रवर्तन या टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग को दें।'

## ऑफ बीट

### 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग



वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। फार्टलेक स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है।

## ट्रेंड


### सबसे बड़ी विशेषता



जब नरेंद्र मोदी जी भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री थे, तब वे अक्सर मध्यप्रदेश आया करते थे। उन्होंने पूरे प्रदेश का व्यापक दौरा किया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वर्षों बाद भी वे उन कार्यकर्ताओं को याद रखते हैं और उन्हें सम्मान देते हैं।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### बहुत भावुक क्षण



यह एक बहुत ही भावुक क्षण था। असम के कलाकारों ने प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भूपेन दा की 100वीं जयंती समारोह के दौरान भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका दा की कुछ कालजयी रचनाओं का प्रदर्शन किया।

**-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

### राहत पैकेज मिले



बाढ़ ने पंजाब में भीषण तबाही मचाई है। आज घोनेवाल में गांववासियों से मिला - उजड़े आशियाने, बर्बाद खेत, बिखरी ज़िंदगियां। राज्य और केंद्र बिना देरी पीड़ितों राहत पैकेज और मुआवज़ा दें।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### खेलना सही नहीं



भारत की 26 विवाहित महिलाओं को भारत के कश्मीर में पाकिस्तानियों द्वारा अपने-अपने पतियों की निर्मम हत्या देखने के लिए मजबूर किया गया। भयानक, लेकिन उससे भी भयानक है, तथाकथित कसाइयों पाकिस्तान के साथ बाहर आकर क्रिकेट खेलना।

**- सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### आरोपी के कब्जे से मृतक की मोटर साइकिल बरामद

# पुलिस ने पवई थाना क्षेत्र में हुये अंधे हत्याकाण्ड का किया खुलासा

### आरोपी द्वारा हत्या कारित कर घटना छिपाने के उद्देश्य से मृतक के शव एवं मोटर साइकिल को जमीन में दफनाया था



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना पवई थाना में दर्ज अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा किया जाकर मामले में 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दिनांक 22/07/25 को थाना पवई में फरियादी रामप्यारे चौधरी निवासी ग्राम मुराछ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका पुत्र राजकुमार चौधरी उम्र लगभग 30 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चला गया है। रिपोर्ट पर थाना पवई में गुम इंसान क्रमांक 48/25 कायम किया जाकर जाँच में लिया गया। जांच के दौरान थाना अमानगंज अंतर्गत जड़यिा नाला के पास एक अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पुलिस टीम द्वारा मर्ग कार्यवाही उपरान्त मृतक के कपड़े एवं अन्य आधार पर शव की पहचान राजकुमार चौधरी के रूप में की गई। मामले में मर्ग कायम किया जाकर जाँच में लिया गया। मामला संदेहास्पद प्रतीत होने से थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले में बारीकी से जाँच करने हेतु थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया । मामले में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया । पी एम रिपोर्ट एवं घटना स्थल पर मिले साक्ष्य के आधार पर मामला हत्या का प्रतीत होने से मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया । मामले में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। साथ ही मृतक के परिजनों एवं आसपास के ग्रामीणों से पूँछताछ की गई। मामले में एक संदेही व्यक्ति को चिन्हित किया जाकर पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल से मिली जानकारी अनुसार अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मामले में चिन्हित व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई । पूँछताछ पर संदेही व्यक्ति द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया । पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर संदेही द्वारा बताया गया कि मृतक मेरी पत्नी को लगातार परेशान कर रहा था । इसी बात पर मैने मृतक को मारने की योजना बनाई थी । दिनांक 23/07/25 को मैंने मृतक को फोन करके अपने गांव नयागांव बुलाकर रात में शराब व मांसाहार की पार्टी करने के बाद अपने एक साथी की मदद से मृतक राजकुमार चौधरी की गला दबाकर हत्या कर दी थी । मैने घटना को छिपाने के लिये मृतक राजकुमार के शव को नाले के किनारे गड्ढा खोदकर दफना दिया था। मृतक की मोटरसाइकिल को भी कुछ दूर गड्ढा खोदकर छिपा दिया है । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार मृतक की मोटर साइकिल बरामद की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । मामले के अन्य आरोपी को भी जल्दी ही गिरफ्तार किया जावेगा । मामले में विवेचना जारी है ।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार मृतक की मोटर साइकिल को बरामद किया गया है ।

गिरफ्तार आरोपी - पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी सुखदास आदिवासी, निवासी ग्राम नयागांव थाना अमानगंज को गिरफ्तार किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेंद्र त्रिवेदी, प्रधान आरक्षक गणेश सिंह, अनिल गर्ग, प्रधान आरक्षक चालक नागेंद्र, आर. प्रेम नारायण, महेश चौहान, एनआरएस गोपी, महेंद्र एवं पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## शराब पीकर डंपर चलाने वाले वाहन एवं बिना बीमा बस पर लगा जुर्माना

**सिवनी।** पुलिस मुख्यालय के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाने के चैकिंग दल द्वारा चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP22 H 1502 को चेक करने पर पाया की चालक शराब के नशे में है, जिसका ब्रेथ एनालाइजर मशीन से टेस्ट करने पर शराब का सेवन करने की पुष्टि होने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय में पेश किया गया जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा 10000-00 रुपए का जुर्माना किया गया। साथ ही स्कूल बस क्रमांक MP22 ZD 6753 को चेक करने पर वाहन का बीमा न होना पाया गया जिस पर 3000-00 रुपए का जुर्माना लगाया गया यातायात पुलिस सिवनी द्वारा दिनांक 13/09/25 को 35 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 26600-00 रूपए का जुर्माना किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई हेतु पत्र अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी को भी प्रेषित किया जाएगा।

### संचालक को करीब 1 लाख रुपए की क्षति, दर्ज करवाई एफआईआर

## रेस्टोरेंट में अज्ञात ने लगाई आग



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित नाईट फैमिली रेस्टोरेंट में किसी अज्ञात शरारती तत्व ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी. जिससे रेस्टोरेंट संचालक को करीब 01 लाख रुपए की क्षति पहुंची है. संचालक ने कटंगी थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है. रेस्टोरेंट संचालक को जिस व्यक्ति पर घटना को अंजाम देने का संदेह है उसके द्वारा संदेही का भी नाम पुलिस को बताया गया है. यह पूरी घटना 13 सितंबर की है. सोमवार को रेस्टोरेंट संचालक राजू मासुरकर ने बताया कि 13 सितंबर की रात्रि तकरीबन 11 बजे वह रेस्टोरेंट बंद कर अपने घर चले गए. दूसरे दिन आकर जब रेस्टारेंट खोला तो भीतर का दृश्य देखकर होश ही उड़ गए. राजू ने बताया कि शरारती तत्वों ने एग्जास्ट फैन की जगह से रेस्टोरेंट में पेट्रोल डाला और फिर आग लगा दी. जिससे रेस्टोरेंट में रखा काउंटर, बिजली के उपकरण, कुछ नगदी रकम सब कुछ जलकर बर्बाद हो गया. उन्होंने बताया कि गनीमत की बात यह रही कि कीचन के सिलेण्डर में धमाका नहीं हुआ वरना बड़ा हादसा हो सकता था. शहर के बाद स्थित रेस्टोरेंटb के पास पहले एक किराना दुकान में चोरी की वारदात भी हो चुकी है ऐसे में दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है।

### सोनेवानी चौकी अंतर्गत ग्राम कसंगी का मामला

## दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के दौरान डूबा बालक, हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के कसंगी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दोपहर के समय दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए 9 वर्षीय अंकित की डूबने से मौत हो गई। अंकित दौलत अड़मे का बेटा था।

अंकित अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना से घबराए उसके दोस्त चुपचाप अपने घर लौट आए। उन्होंने किसी को घटना की जानकारी नहीं दी।

जब अंकित घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने जब उसके दोस्तों से पूछताछ की, तब उन्होंने तालाब में डूबने की बात बताई। शाम 5 बजे परिजनों को यह जानकारी मिली। सूचना मिलते ही हट्टा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तालाब से अंकित का शव बरामद किया। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हट्टा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




## आवारा गौवंश को लेकर हुआ विवाद, मारपीट में युवक घायल

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरी मोड़ के पास बीती रात आवारा गौवंश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कहासुनी के बाद मारपीट की स्थिति बन गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रवीण सिंह (36 वर्ष), निवासी ग्राम पल्हान थाना बैकुण्ठपुर शनिवार रात लगभग 9 बजे अपने भाई विनोद सिंह, अमित सिंह और अनुपम शुक्ला के साथ बदरांव गौतमान से पल्हान लौट रहे थे। जब वे उमरी मोड़ के पास पहुंचे, तो वहां उन्हें गौरव गुप्ता, स्वपनिल सोनी, अंशू सिंह और उनके अन्य साथी मवेशियों के झुंड के साथ आते हुए मिले। बताया जा रहा है कि उक्त युवक मवेशियों को रास्ते से होकर खेतों की दिशा में ले जा रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। प्रवीण सिंह ने आरोप लगाया कि उन्होंने मवेशी छोड़ने से मना किया और कहा कि इससे खेतों को नुकसान होगा, जिस पर सामने वाले पक्ष ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। प्रवीण सिंह को सिर में चोट आई है और अन्य लोगों को भी हल्की चोटें लगी हैं। शोरगुल सुनकर प्रवीण के भाई विनोद सिंह, अमित सिंह, अनुपम शुक्ला और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।बीघटना की सूचना तत्काल सिरमौर थाना पुलिस को दी गई, जहां पीड़ित पक्ष की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला अस्पताल से फरार हुए कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह को पुलिस गिरफ्त में

**छतरपुर।** गत 9 सितंबर को जिला अस्पताल के कैदी वार्ड से फरार हुए कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह को बीती रात पुलिस टीम ने एक बार फिर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि फरार होने में आरोपी का कुल 6 लोगों ने साथ दिया था, उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य तीन की तलाश अभी जारी है। पुलिस ने आरोपी को ओरछा रोड थाना क्षेत्र में पनौठा के जंगलों से गिरफ्तार करने का दावा किया है, लेकिन दूसरी ओर चर्चा है कि पुलिस के दबाव में आकर आरोपी ने सरेंडर किया है। बहरहाल जो भी हो लेकिन रविन्द्र सिंह का गिरफ्तार होना पुलिस के लिए राहत की खबर है। सोमवार की शाम को पुलिस लाइन के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक द्वारा अब तक हुई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी मीडिया को दी गई। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि गत 9 सितंबर को कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह छतरपुर जिला अस्पताल के कैदी वार्ड से पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। इस दौरान आरोपी ने एक पुलिसकर्मी की राइफल भी चुरा ली थी। आरोपी के फरार होने के बाद सागर आईजी श्रीमती हिमानी खन्ना ने रविन्द्र सिंह की गिरफ्तारी पर 30,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए 25 सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी, जो उसी दिन से लगातार तलाशी अभियान चला रही थी। एसपी श्री जैन के मुताबिक ग्राम देरी निवासी रविंद्र सिंह परिहार को पुलिस टीम ने रविवार की रात करीब 11 बजे पनौठा के पास जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से चोरी की राइफल बंदूक(पुलिस वेपन), तीन मोबाइल फोन और स्प्लेंडर बाईक बरामद की। एसपी ने बताया कि रविन्द्र सिंह को भगाने में 6 लोगों ने सहयोग किया था, जिनमें छतरपुर के नामी अपराधी जफ्फू उर्फ जाफिर खान, अश्वनी सक्सेना, दीपक परिहार के अलावा चंद्रभान उर्फ गोलू पुत्र विष्णु अनुरागी निवासी ग्राम देरी, प्रदीप सिंह पुत्र जयपाल सिंह चंदेल निवासी ग्राम खीर महेरी और अंगद सिंह पुत्र रघुवीर सिंह सिसौदिया निवासी ग्राम ललौनी शामिल हैं। एसपी के मुताबिक उक्त सह आरोपियों में से चंद्रभान, प्रदीप और अंगद सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जफ्फू, अश्वनी और दीपक की तलाश अभी जारी है। एसपी अगम जैन ने कहा कि यह गिरफ्तारी पुलिस की सतर्कता और टीमवर्क का परिणाम है। आरोपी को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा, और चोरी की राइफल के मामले में अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी।

## राहगीरों को लूटने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

### 11 हजार नकद, हथियार और मोबाइल बरामद



**बमीठा।** थाना क्षेत्र के मड़तला रेलवे ब्रिज के पास पिछले दिनों हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लुटेरों के कब्जे से 11 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, अवैध देशी कट्टा, अपाचे मोटरसाइकिल और एक स्नैचिंग का मोबाइल फोन बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में से एक लिस्टेड गुंडा है और खिलाफ 8 अपराध पहले से दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मड़तला रेलवे ब्रिज के पास आरोपियों ने फरियादी और उसके साथी से मोबाइल फोन व नगद राशि लूटी थी, जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुखबिरों को सक्रिय किया और संदिग्धों की सूचना एकत्र की। जांच में दो आरोपी नितिन उर्फ राजा पुत्र अरविंद पांडेय निवासी ग्राम गढ़ा और नीरज पुत्र रामस्वरूप कुशवाहा निवासी दसईपुरा पर संदेह हुआ, जिसके चलते उनसे पूछताछ की गइ्र। पूछताछ में दोनों ने लूट और मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं स्वीकार कीं। दोनों के कब्जे से लूटे गए 11 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, अपाचे मोटरसाइकिल और राजनगर स्नैचिंग का मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी नितिन उर्फ राजा पांडेय होने के खिलाफ लूट, चोरी, बलवा, अवैध हथियार और अवैध वसूली जैसे 8 अपराध दर्ज हैं, जबकि नीरज कुशवाहा पर लूट व मारपीट के 2 मामले हैं। एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय, उपनिरीक्षक हरदेव सिंह, प्रधान आरक्षक राम कृपाल, सुरबिंद सिंगरौल, राजेश पटेल, आरक्षक उदयवीर, भानु पटेल और शैलेंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## पशु प्रेमी पर डंडों से हमला, वीडियो वायरल

### कुत्ते को बचाने पर हुआ विवाद, मामला दर्ज



**छतरपुर।** बीती रात शहर के हटवारा इलाके में एक पशु प्रेमी पर दो लोगों ने हमला कर दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विवाद तब शुरू हुआ जब पीड़ित पशु प्रेमी एक कुत्ते को पिटाई से बचाने का प्रयास कर रहा था। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरु की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र के मेला जलविहार से गुब्बारे बेचकर लौट रहे 60 वर्षीय रामकिशोर राजपूत निवासी सीताराम कॉलोनी पर हटवारा के पास एक कुत्ते ने हमला कर दिया था और अपने बचाव में रामकिशोर कुत्तों को पत्थर मार रहा था। कुत्ते को पिटता देख स्थानीय पशु प्रेमी बल्लू चौरसिया ने रामकिशोर को रोका और इसके बाद दोनों के बीच वाद-विवाद होने लगा। इसी बीच मौके से गुजर रहे फूड मंत्रा रेस्तरां के संचालक प्रशांत रावत और उनके छोटे भाई सिद्धार्थ रावत रुक गए और रामकिशोर की ओर से बल्लू के साथ विवाद करने लगे। वाद-विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक जा पहुंची। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि प्रशांत और सिद्धार्थ मिलकर पशु प्रेमी बल्लू चौरसिया को पीट रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि प्रकरण में एक व्यक्ति पर मामला दर्ज कर, विवेचना की जा रही है।

### पति-पत्नी का एक ही चिता में हुआ अंतिम संस्कार, पुत्र ने दी मुखाग्नि

## एसआईटी कर रही बिसेन दंपत्ति की हत्या की जांच

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के मोहगांव के बिसेन दंपत्ति की निर्मम हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है. इस विशेष जांच दल में 09 सदस्य शामिल है. शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि बिसेन दंपत्ति व्यवसायी हेमेद्र बिसेन और उनकी धर्मपत्नी योगिता बिसेन की अज्ञात आरोपियों ने कथित तौर पर उन्हीं के घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी है. दोनों के शव रविवार की सुबह साढ़े 08 बजे बेडरुम में खून से लथपथ मिले थे. इस पूरी घटना से क्षेत्र भर में सनसनी फैली हुई है यह कोई बिसेन दंपत्ति की हत्या किसने की, क्यों की यही जानना चाहता है. मगर, पुलिस को घटना के 24 घंटे बाद भी हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिला है. सोमवार बिसेन दंपत्ति का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया दोनों के शवों के लिए एक ही चिता बनाई गई थी. पुत्र वशिष्ट ने अपने माता-पिता को मुखाग्नि दी. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, नाते-रिश्तेदार और राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। बिसेन दंपत्ति की हत्या की जांच एसआईटी को सौंपी गई. वहीं सोमवार को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा फिर एक बार मोहगांव पहुंचे. उन्होंने परिवार के प्रत्येक सदस्य से अलग-अलग बातचीत कर उनके कथन दर्ज करवाए है. एसपी ने उन सभी सदस्यों के कथन दर्ज करवाए जो घटना वाली रात्रि को घर पर मौजूद थे. वहीं एफएसएल की टीम ने भी फिर से मौका-ए-वारदात की सूक्ष्मता से जांच की. पुलिस सूत्रों की मानें तो एफएसएल को भी कोई सबूत हाथ नहीं लगा. मृतक के बड़े भाई ईश्वरी प्रसाद बिसेन और करण बिसेन बताते है घटना के बाद से हेमेन्द्र के गले की सोने की चैन, योगिता का एक सोने का हार और कुछ अन्य सोने के जेवरात गायब है. नकदी रकम के गायब होने की वह पुष्टि तो नहीं करते लेकिन गायब होने अनुमान लगा रहे है. गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक रविवार को भी करीब 3 घंटे तक घटनास्थल पर मौजूद थे. वहीं सोमवार को भी करीब 02 बजे वह मोहगांव आ गए थे और शाम 06 बजे तक अपने समक्ष ही उन्होंने पीड़ति परिवार के कथन दर्ज करवाएं है। पुलिस के लिए यह हत्या बहुत बड़ी गुत्थी बन चुकी है. सूत्रों की माने तो पुलिस को अब तक हत्यारों के घर में एंट्री के कोई साक्ष्य नहीं मिल पाए है. बिसेन दंपत्ति की हत्या के पीछे हत्यारों का क्या मकसद हो सकता है. इसकी पुलिस बहुत ही बारीकी से जांच कर रही है. पुलिस वह तमाम एंगल से हत्या को जोड़कर देख रही है जिससे आरोपियों की पतासाजी की जा सकें. इसलिए पुलिस अधीक्षक ने परिवार के प्रत्येक सदस्य से अलग-अलग कथन दर्ज करवाएं. बिसेन दंपत्ति की हत्या के बाद जमीन खरीदी-ब्रिकी के पैसे आने और इस पैसे की लूट के लिए हत्या की चर्चाएं चल रही थी. इस तरह की चर्चाओं मृतक के भाई करण बिसेन ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अभी कोई जमीन खरीदी-ब्रिकी जैसी बात नहीं हुई है. व्यापारिक लेन-देन और पुरानी रंजिश जैसे मामलों को जोड़कर पुलिस जांच कर रही है।



## ससुर पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** पारिवारिक विवाद ने खूनखराबे का रूप ले लिया। दामाद ने अपने ही ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में घायल ससुर की जान बाल-बाल बची। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, 12 सितंबर की रात करीब 9 बजे फरियादी गुड्डा रजक पिता स्व. गयादीन रजक उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15-17, रजा मोहल्ला धनपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका दामाद सूरज उर्फ संतमान रजक अपने छोटे भाई रौनक रजक के साथ घर में घुस आया और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में फरियादी के सिर, गर्दन और सीने पर गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए और फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना धनपुरी पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 14 सितंबर को पुलिस ने आरोपी सूरज उर्फ संतमान रजक पिता स्व. झूरी रजक उम्र 26 वर्ष निवासी शहडोल को सिंहपुर रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धनपुरी निरीक्षक खेम सिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, आरक्षक अमित सिंह, राजेश शर्मा, गुलाब, थाना कोतवाली से सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी, प्रधान आरक्षक कैलाश प्रजापति तथा साइबर सेल से सत्य प्रकाश मिश्रा की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### गोविंदगंज रामलीला का मुकुट पूजन चल समारोह आज

**जबलपुर।** मध्य भारत की सबसे प्राचीन रामलीला श्री गोविंदगंज रामलीला समिति का 18 दिवसीय रामलीला अनुष्ठान का शुभारंभ आज 16 सितम्बर को मुकुट पूजन के साथ होगा। समिति के अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि आज मंगलवार को शाम 07 बजे प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भगवान के श्री मुकुटों का पूजन अर्चन कर शोभायात्रा का श्रीगणेश करेंगे। शोभायात्रा रामलीला मंदिर से प्रारंभ होकर गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, पांडे चौक, दीक्षितपुरा होते हुए वापस रामलीला प्रांगण पहुंचकर संपन्न होगी। शोभायात्रा में संत, महात्मा, कीर्तन भजन मंडली, दुलदुल घोड़ी सहित झांकियां शामिल होंगी। समिति सदस्यों ने सभी श्रद्धालुजनों से उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

### समरसता संगठन द्वारा विश्वकर्मा पूजन समारोह आज

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सब सबको जाने, सब सबको माने अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर समारोह 16 सितम्बर, मंगलवार को अपरान्ह 03:30 बजे से अग्रवाल धर्मशाला, साकेत धाम के पास, ग्वारीघाट जबलपुर में आयोजित है।

### अंजुमन इस्लामिया का 149वां स्थापना दिवस आज

**जबलपुर।** प्रदेश व नगर की प्राचीनतम शैक्षणिक संस्थाओं में से एक अंजुमन इस्लामिया वक्फ अपना 149वां स्थापना दिवस 16 सितम्बर को मना रही है, शिक्षा के क्षेत्र में अनेक विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न उच्च पदों तक पहुंचाने वाली इस संस्थान के संस्थापकों के इसाले सवाब के लिए विभिन्न शाखाओं में कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया है।

### शराब पीने रूपए नहीं देने पर चाकू मारा

**जबलपुर।** गोहलपुर थानान्तर्गत गाजी नगर में कल एक होटल में बैठे युवक से एक बदमाश ने शराब पीने पांच सौ रूपए की मांग की रूपए देने से मना करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर हाथ एवं जांघ में चोटें पहुंचायी। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि गाजी नगर निवासी गुड्डू अंसारी कल दोपहर लगभग ढाई बजे गाजी नगर में मम्मा होटल में बैठा था। तभी उसकी पहचान का आदिल व सनी आया और उससे शराब पीने पांच सौ रूपए मानने लगा मना करने पर आदिल गाली गलौज करने लगा गालियां देने से मना कर पर उसने गुड्डू पर चाकू से हमला कर गंभीर रूपए से घायल कर दिया।

## पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई श्रीमद् भागवत कथा

# सच्ची मित्रता के प्रतीक हैं श्रीकृष्ण-सुदामा : सुरेंद्र शास्त्री



**जबलपुर।** भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता युगों-युगों से समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रही है। यह मित्रता हमें सिखाती है कि सच्चे रिश्ते धन-दौलत, पद या प्रतिष्ठा के आधार पर नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और निष्ठा पर टिके होते हैं। लक्ष्मीपति होते हुए भी श्रीकृष्ण ने सुदामा जैसे निर्धन ब्राह्मण से मित्रता निभाकर संसार को यह अद्वितीय संदेश दिया कि मित्रता का आधार केवल भावनाओं की पवित्रता है। यही कारण है कि आज भी श्रीकृष्ण-सुदामा की कथा सच्ची मित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

इन्हीं प्रेरणादायी प्रसंगों को प्रसिद्ध कथा वाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज, संस्थापक मां दक्षिणेश्वरी धाम तथा शिव मंदिर कचनार सिटी बड़े शंकर जी के मुख्य आचार्य ने पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रस्तुत किया।

### भागवत कथा का आध्यात्मिक संदेश

शास्त्री जी ने व्यास पीठ से प्रवचन देते हुए कहा कि भागवत महापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला शाश्वत मार्गदर्शक है। इसमें वर्णित प्रसंग हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विशेष रूप से श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि सच्चा मित्र वही है, जो बिना किसी स्वार्थ के हर परिस्थिति में साथ खड़ा हो। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष सहित भागवत के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों का विस्तार से वर्णन हुआ। सात दिवसीय यह भागवत कथा भक्ति-भाव, भजन और प्रवचनों की मधुर लहरियों के बीच संपन्न हुई।

### पूजन और आयोजन-

समापन अवसर पर पूजन कार्य संजय उपाध्याय और अमित उपाध्याय द्वारा संपन्न कराया गया। यह कथा स्व. वायके शर्मा की स्मृति में आयोजित की गई थी। व्यास पीठ का पूजन श्रद्धा भाव से सरला शर्मा और रश्मि शर्मा ने किया।

### भक्तों की सहभागिता-

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का अपार उत्साह और आस्था देखने को मिली। कथा श्रवण करने वालों में शरद शर्मा, अभय शर्मा, नवनीता शर्मा, रानू शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### भक्ति और मित्रता का संगम-

भागवत कथा के समापन पर वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने शास्त्री जी के प्रवचनों से जीवन के सच्चे मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कथा का मुख्य संदेश यही रहा कि जैसे श्रीकृष्ण ने सुदामा के साथ अपनी मित्रता निभाई, वैसे ही हमें भी जीवन में एक सच्चे और निःस्वार्थ मित्र को महत्व देना चाहिए।



# डॉ. सलमा जमाल महोबा बुन्देलखंड में सम्मानित

**जबलपुर।** प्रख्यात सुप्रसिद्ध कवयित्री/ कथाकार डॉ. सलमा जमाल जो कुलपहाड़ में जन्मीं, जिनकी ससुराल महोबा और कर्म भूमि जबलपुर, को बुंदेलखंड में सम्मानित किया गया। यह साहित्य जगत का प्रखर नाम है, जो विदेशों में भी हिंदी साहित्य का अनेक बार परचम लहरा चुकी हैं, वे किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। इन्हीं विशिष्ट उपलब्धियों के लिए आपको पं. बृजमोहन अवस्थी स्मृति संस्थान के द्वारा साहित्य सेवा हेतु "श्रीमती गेंदा रानी अवस्थी साहित्य सेवा सम्मान 2025" से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान होटल आरआरसी परमानंद चौराहा महोबा में महेन्द्र भीष्म के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह सेंगर, सदस्य विधानसभा परिषद (उ.प्र.), हरगोविंद सिंह परिहार वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ, वैभव अरजरिया नगर पंचायत कुलपहाड़, डॉ. चित्रगुप्त जिला पर्यटन अधिकारी महोबा, हितेश मिश्रा अधिवक्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रयागराज, डॉ विवेक कुमार पांडे पत्रकार कानपुर आदि की उपस्थिति रही।

# रोटरी साउथ ने किया अभियंताओं का सम्मान



**जबलपुर।** राष्ट्र की प्रगति और विकास में अभियंताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। पारिवारिक, व्यावसायिक, औद्योगिक और अनेक अन्य क्षेत्रों में पग पग पर इनकी कार्यक्षमता और सहयोग स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। अपने कार्यक्षेत्र में संलग्नता और व्यस्तता के बावजूद इनमें सेवा की भावना इन्हें समाज सेवा की गतिविधियों से जोड़ता है। ऐसे अभियंता अभिनंदनीय हैं।" इस आशय के उद्गार रोटरी क्लब साउथ द्वारा अभियंता दिवस पर आयोजित अभियंताओं के सम्मान समारोह में पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल ने व्यक्त किए। निवर्तमान प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ सदस्य इंजी. अमरेन्द्र नारायण की नवीनतम रचना 'सम्मान पथ' का विमोचन किया गया। अध्यक्ष सारंग भिड़े ने जानकारी दी कि उक्त कृति अभियंता के ग्रामीण विकास में योगदान पर केन्द्रित है। सचिव अखिल खण्डेलवाल के सहयोग से अभियंताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रांतपाल सुनील फाटक ने आभार व्यक्त किया।

## विद्युत कार्यालय में हिन्दी टीप प्रतियोगिता आयोजित

# हिन्दी गीत संगीत ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी महोत्सव के अंतर्गत शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में सोमवार को कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता में कार्मिकों ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अहिन्दी भाषी दंपति डा. तापसी नागराज व मुरलीधर नागराज उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विख्यात गायिका डॉ. तापसी नागराज व मुरलीधर नागराज ने संगीत के माध्यम से हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अप्रतिम योगदान दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन एवं मध्यप्रदेश विद्युत परिवार





हिन्दी समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखलेश अग्रवाल, हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व संयोजक दीपक निगम सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे। हिन्दी गीत संगीत ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया-मुख्य अतिथि डा. तापसी नागराज ने जहां महादेवी वर्मा की एक कविता को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया वहीं मुरलीधर नागराज ने कहा कि किसी भी अभिव्यक्ति के लिए हिन्दी सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि हिन्दी गीत व संगीत ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया है। कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता में नवोदित कार्मिक ने उत्साह से भाग लिया-आज आयोजित कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता में सभी विद्युत कंपनियों के आधा सैकड़ा प्रतिभागियों ने भाग लेकर हिन्दी में आंतरिक कार्यालयीन टीप लेखन में श्रेष्ठता साबित करने का प्रयास किया। इस प्रतियोगिता में नवोदित कार्मिक ने उत्साह से भाग लिया।

# धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन दिवस

## होंगे विविध आयोजन, निकाली जाएगी शोभायात्रा



**जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा भगवान के पूजन दिवस पर उत्सव सा माहौल रहेगा। पूजन दिवस के अवसर पर श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज का प्रमुख आयोजन मानस भवन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिसके उपरांत शाम 4 बजे मानस भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भगवान श्री विश्वकर्मा का संदेश देते हुए पुनः मानस भवन पहुंचेगी। जहां पर प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन में उपस्थिति की अपील श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, ओपी विश्वकर्मा, अरविन्द्र विश्वकर्मा, अजय गोविन्द विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा, संगीता दीपक विश्वकर्मा, प्रभा विश्वकर्मा, निरंजन विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा, हरि मासाब, कमलेश विश्वकर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, बीपी विश्वकर्मा, प्रियांक विश्वकर्मा, एड डी आर विश्वकर्मा, एड अमित विश्वकर्मा आदि ने की है।

## माल गोदाम चौक स्थित प्रतिमा स्थल एवं बंदी गृह स्थल का निगमायुक्त ने किया अधिकारियों के साथ निरीक्षण

# राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस समारोह को लेकर बनाई गई जरुरी व्यवस्थाएं

जबलपुर। अमर वीर शहीद राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की नगर निगम प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी कर कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। मालगोदाम चौक पर स्थित प्रतिमा स्थल एवं बंदी गृह का भी निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निरीक्षण किया और पेयजल, सफाई, प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने संबंधितों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस के पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य के वीर राजाओं का बलिदान दिवस भव्यता के साथ मनाया जाये। निरीक्षण के मौके पर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी किशोरीलाल भलावी, राजेन्द्र चौधरी, नेम सिंह मरकाम के साथ अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, संभागीय यंत्री संतोष पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, अमन तिवारी, दीप्ति मनारिया एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



# सचिन यादव ने जीता स्वर्ण पदक



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन एवं जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अभी हाल ही में 08 से 11 सितम्बर तक गुना में राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर की शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला भरतीपुर में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के छात्र सचिन यादव ने अंडर 14 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर न सिर्फ संस्कारधानी का, बल्कि अपनी शाला के साथ ही शिक्षा विभाग का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए संगठन ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला भरतीपुर में जाकर सभी शिक्षकों और छात्र सचिन यादव को बधाई देते हुए मिष्ठान वितरित कर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, श्रीमती मंजू निगम, रश्मि नेमा, प्रबिता दुबे, संगीता दीक्षित, रिचा श्रीवास्तव, रिंकू पीटर, राजकुमार यादव, शशिरमन स्वामी आदि उपस्थित रहे।





# इंजीनियरिंग कॉलेज में इंजीनियर्स डे पर किताब विमोचित

**जबलपुर।**

जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने इंजीनियर्स डे का उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर डॉ. ए.के. कोरी की पुस्तक "इलेक्ट्रिकल मशीन एंड प्रोटेक्शन सिस्टम" का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में डॉ. राजीव जैन, प्रो. आर.के. जैन, डॉ. ए.के. शर्मा, डॉ. राजीव चंदक तथा विभागाध्यक्ष डॉ. शैलजा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। छात्रों ने "इनोवेशन इन इंजीनियरिंग" विषय पर भाषण एवं कविता प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम ने इंजीनियरिंग नवाचारों के महत्व को रेखांकित किया तथा भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी, जिनके सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है।



# बच्चों को बुद्धधम्म का ज्ञान होना चाहिए : यशजी

**जबलपुर।** बोधिसत्व महाविहार संघ घमापुर में बौद्ध विहार संघ एवं बौद्ध विहार महिला मंडल के तत्वावधान में 67वें दिन वर्षावास में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भन्ते यशजी का श्रीलंका से घमापुर बौद्ध विहार जबलपुर आगमन हुआ। भन्ते यशजी ने विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा और डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर प्रतिमा पर मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर माधुरी एवं सविता लोखंडे, प्रमोद वानखेड़े, राजेश जनबन्धु ने भन्ते यशजी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। यशजी ने तथागत बुद्ध की ध्यान एवं धम्मदेशना में कहा कि उपासक, उपासिकाओं को भगवान बुद्ध की चार जगह की धम्मयात्रा करना चाहिए, बच्चों को बुद्धधम्म का ज्ञान होना चाहिए और बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहिए। उन्होंने 67वें दिन वर्षावास पर उपासक, उपासिकाओं को मंगल आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में राजेश जनबन्धु, सिद्धार्थ उरकुडे, आशीष गजभिये, नितिन गजभिये, रामकृष्ण काम्बले, उज्जवल सूर्यवंशी, वंदना मेश्राम, पूर्णिमा वानखेड़े, हर्षिका गोडाले, आश्वनी चाटे, माधुरी गजभिये, सुचित्रा भोवते, सविता लोखंडे, कविता सहारे, शोभा गोटेकर सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# चौपट सफाई व्यवस्था के विरोध में निगम मुख्यालय में दिया धरना

## कर्मचारियों के घर में नहीं जल रहे चूल्हे

**जबलपुर।** पूर्व पार्षद एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजेश यादव ने बताया कि वार्डों की सफाई व्यवस्था पूर्णतः चौपट हो गई है, न ही घरों से कचरा उठ रहा है और न ही झाडू लगाई जा रही है, नालियां भी साफ नहीं की जा रही है। गोकलपुर वार्ड एवं रांझी जोन के समस्त सफाई मित्रों को 4-5 माह से पेमेंट नहीं मिल रहा है, जिसके विरोध में दो दिन पूर्व रांझी जोन का घेराव किया गया था और 24 घंटे में निराकरण की बात कही गई थी, परंतु निगम प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी क्रम में 15 सितम्बर को रांझी एवं सुहागी जोन के सफाई मित्र एवं पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया। निगम प्रशासन एवं सत्ता पक्ष के खिलाफ नारेबाजी की गई, इस दौरान मुख्य गेट बंद कर दिया गया था। प्रदर्शन के बाद एडीशनल कमिश्नर विद्यानंद वाजपेयी उपस्थित हुए और धरना समाप्त करने की बात कही गई परंतु पार्षद मथुरा चौधरी, रामकुमार यादव, लक्ष्मण गोंटिया, सत्येन्द्र चौबे आदि कमिश्नर को बुलाने पर अड़े रहे। कलेक्टर कार्यालय में मीटिंग होने के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन शाम 05 बजे उक्त सभी पार्षदों से अलग से मिलने का समय दिए जाने की बात पर ज्ञापन एडी. कमिश्नर को सौंपा गया। वहीं कमिश्नर द्वारा शाम को पार्षदों से चर्चा कर आश्वासन दिया गया कि सफाई कर्मचारियों का वेतन जरूर दिया जाएगा। इस प्रदर्शन में राजेश यादव, रामकुमार यादव, मथुरा प्रसाद चौधरी, कमलेश सिंह, लक्ष्मण गोंटिया, सतेन्द्र चौबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




**CHANGE OF NAME**

I, SWABHAVATI is legally Mother of No. 15720383X Rank L/NK Name RAHUL KUMAR PAL presently, residing at VILL-VANDIPUR, PO-SIRKONI, THE-SADAR, DISTT-JAUNPUR (UTTAR PRADESH)-222126 I have changed of my name from SUBHAWATI (name as per my Son army service records) to SWABHAVATI (name as per my AADHAR CARD NO. 268132374150 AND PAN CARD NO. NOGPS8363F), Affidavit dated 15/09/2025 by public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court)

CORRECT NAME- SWABHAVATI
INCORRECT NAME- SUBHAWATI

# पिंक स्टोन से बने शांति शिखर भवन में शांति और सुकून के साथ मिलेगी मेडिटेशन की शिक्षा, 31 को मोदी करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



सात साल की कड़ी मशक्कत के बाद नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ में तैयार हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड- शान्ति शिखर भवन का लोकार्पण 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। जयपुर के पिंक स्टोन की मदद से राजस्थान की नक्काशी को इस भवन में समेटने का प्रयास किया गया है। भवन में भव्य वातानुकुलित ऑडिटोरियम के साथ अलग-अलग क्षमता वाले चार सेमीनार हॉल बनाए गए हैं। मेडिटेशन के लिए तैयार योग अनुभूति कक्ष मन को सुकून और शांति प्रदान करेगा। यहां आगंतुकों के लिए विशेष कक्ष के साथ अन्य सुविधाओं का ख्याल भी रखा गया है।

नवा रायपुर के कयाबांधा सेक्टर-20 में तैयार किए गए इस भवन का आकर्षण और भव्यवता प्रमुख द्वार से ही महसूस होती है। भीतर जाने पर अलग सी शांति और सुकुन का अहसास होता है। इस भवन के निर्माण के लिए आधुनिकता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। भवन में 12 सौ की क्षमता वाले विशाल सभाकक्ष का निर्माण किया गया है जहां व्याख्यान सहित वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा। इसके अलावा छोटी सभाओं के लिए कम क्षमता वाले तीन और सभाकक्ष बनाए गए हैं। मेडिटेशन की शिक्षा लेने वालों के लिए योग अनुभूति कक्ष का निर्माण किया गया है। इसके अलावा बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए विशेष कक्ष और आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है। भवन बनकर तैयार हो चुका है और राज्योत्सव के अवसर पर 31 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर आने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भवन के लोकार्पण का निमंत्रण दिया गया जिसे उन्होंने स्वीकारा है।



### राज्य निर्माण के दौरान की परिकल्पना

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय रायपुर की संचालिका सविता दीदी ने बताया कि इंदौर जोन के डायरेक्टर ओमप्रकाश भाईजी की राज्य निर्माण के दौरान सोच थी कि छत्तीसगढ़ में ईश्वरीय विश्वविद्यालय का एक भवन होए जहां लोगों को तनावमुक्त जीवन में शांति प्रदान करने के लिए मेडिटेशन की शिक्षा दी जा सके। कमला दीदी की मदद से इस परिकल्पना को साकार किया गया।

### मेडिटेशन तनाव मुक्त करने में कारगर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व–प्रसिद्ध आध्यात्मिक शिक्षा संस्थान है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में शांति, प्रेम, सत्य और आत्मिक शक्तियों का जागरण करना है। यह संस्था विगत आठ दशकों से राजयोग ध्यान, मूल्यनिष्ठ जीवनशैली एवं आत्मज्ञान के प्रसार द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।



### जनसंघ के कार्यकर्ता दंपत्ति का भी अभियान के तहत किया सम्मान

अटल जी की जन्मभूमि ग्वालियर, मध्य प्रदेश में एक गौरवपूर्ण प्रेरणादायक प्रसंग घटित हुआ। अभी तक की पूरी यात्रा में यह पहला अवसर है जब ऐसे जनसंघ के कार्यकर्ता दंपत्ति मिले, जिन्होंने साथ मिलकर संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाह किया।अटल स्मृति समिति ने उनके संगठन में किए गए महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करते हुए प्रभारी धीरज पटैरिया ने उनके निवास स्थान पर जाकर इस प्रेरणादायक दंपत्ति का अभिनंदन किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री ध्यानेंद्र सिंह जी (मामा) एवं पूर्व संसद, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, मध्य प्रदेश शासन श्रीमती माया सिंह जी (मामी) को सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया उनके अद्वितीय योगदान को सदैव स्मरण किया जा सके।

# अटलजी की जन्मभूमि में "अटल कार्यकर्ता सम्मान" आयोजित, अनूप मिश्रा का किया अभिनंदन



**अटल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान**

**ग्वालियर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज ग्वालियर में "अटल कार्यकर्ता सम्मान" कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री पटेरिया ने भगवान श्री अचलेश्वर महादेव के दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि शिव दर्शन से अद्भुत ऊर्जा मिलती है जो समाजसेवा के कार्यों में प्रेरणा देती है। इस अवसर पर धीरज पटेरिया ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप मिश्रा के सिंधी कॉलोनी स्थित निवास पर पहुँचकर उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही जनसंघ से लेकर भाजपा तक लगातार सक्रिय रहकर समाज और संगठन के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ नेता श्री वैद्य राजेन्द्र गड़कर जी को भी उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया गया। श्री पटेरिया ने कहा कि अटल जी की विचारधारा और नेतृत्व क्षमता ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी और लाखों कार्यकर्ताओं को प्रेरणा दी।सम्मान समारोह के दौरान भाजपा जिला महामंत्री शिवेन्द्र सिंह राठौर, भूपेन्द्र राजावत, मनोज कटारे, अजय शंकर शर्मा, गोपाल राजावत, ओम पाठक, शान खान, अनिल पारस, भानु चौहान, पृथ्वीराज भानु, अजय तोमर, संजय त्यागी, ध्रुव भदौरिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फार्महाउस गृह निर्माण मंडल के सेवानिवृत्त एक्जीक्यूटिव इंजीनियर का, सात गिरफ्तार

# डर्टी पार्टी के लिए बुक था निजी फार्महाउस 40 से ज्यादा युवा होने वाले थे शामिल

*राजधानी के माहौल में डर्टी पार्टी का विष घोलने वालों का पूरा खुलासा हो गया है। पुलिस ने सात लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें भाठागांव में फार्महाउस उपलब्ध करने वाले से लेकर आगनाईजर, प्रमोटर्स शामिल हैं। पता चला है कि इस पार्टी में 40 युवा शिरकत करने वाले थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने इंस्टाग्राम में अपरिचित क्लब नाम से ग्रुप बनाया था। पार्टी का आयोजन 21 सितंबर को होना था। पुलिस ने जिन सात लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 4 स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध अधिनियम, 67 आईटी एक्ट एवं धारा 79 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

स्ट्रेंजर हाउस, पूल पार्टी आयोजित करने के आरोप में पुलिस ने मोहबाबाजार निवासी संतोष गुप्ता, तेलीबांधा, जोरा निवासी संतोष जेवानी, खम्हारडीह, गायत्री नगर निवासी अजय महापात्रा, अवंति विहार निवासी अवनीश गंगवानी, जेम्स बेक, तेलीबांधा निवासी दीपक सिंह तथा देवेंद्र कुमार यादव को पकड़ा है। पार्टी आयोजित करने वाले प्रमोटर एक सप्ताह पूर्व से सोशल मीडिया में पोस्टर जारी कर डर्टी पार्टी का प्रचार कर रहे थे। पार्टी का प्रमोशन हाईपर क्लब के माध्यम से किया जा रहा था।


रायपुर में न्यूड पार्टी...प्रदेशभर में हंगामा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

### भाठागांव में आयोजित होनी थी पार्टी

गृह निर्माण मंडल में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पद से रिटायर हुए संतोष गुप्ता का भाठागांव में एसएस नाम से फार्म हाउस है। स्ट्रेंजर हाउस, पूल पार्टी का आयोजन उसी फार्म हाउस में 21 सितंबर रविवार को आयोजित होना था। निजी फार्म हाउस में डर्टी पार्टी आयोजित करने का उद्देश्य सामाजिक संगठन तथा प्रशासन की नजरों से बचना बताया जा रहा है।

### महिला आयोग ने लिया संज्ञान

मीडिया रिपोर्ट के आधार पर आयोजित होने वाली न्यूड पार्टी पर महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने संज्ञान लेते हुए पार्टी आयोजित करने वाले, आयोजक, प्रायोजक, और सोशल मीडिया में न्योता भेजने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने तथा एसएसपी तथा साइबर सेल प्रमुख को जांच के निर्देश दिए।

### गिरफ्तार आरोपियों की डर्टी पार्टी में भूमिका

- संतोष जेवानी, अजय महापात्रा - दोनों इवेंट आर्गेनाइज करने वाले थे।
- संतोष गुप्ता - भाठागांव में एसएस नाम से फार्म हाउस है, इवेंट के लिए संतोष गुप्ता ने फार्म हाउस उपलब्ध कराया था।
- अवनीश गंगवानी - 'व्हाट इज रायपुर' नाम से इवेंट का प्रमोशन कर रहा था।
- जेम्स बेक - तेलीबांधा, वीआईपी रोड रायपुर स्थित हाईपर क्लब का संचालक है, जो दीपक सिंह एवं देवेन्द्र कुमार यादव के साथ मिलकर अपने क्लब के माध्यम से इस इवेंट को प्रमोट कर रहे थे।

### पालतू कुत्ते का नाम 'शर्मा जी रखने पर बवाल, मारपीट

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक बेहद अजीब मामला सामने आया है। मामला दरअसल एक पालतू कुत्ते के नाम को लेकर हुआ विवाद है। इस विवाद ने इतना बड़ा रूप ले लिया कि बात पुलिस तक जा पहुंची। घटना शिव सिटी इलाके की है, जहां एक पड़ोसी ने अपने कुत्ते को 'शर्मा जी' कहकर पुकारा। इसी बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

## रोचक खबरें



### फिल्मी अंदाज में पेड़ पर चढ़कर बंदर बरसाने लगा नोटों की गड्डी, लूटने के लिए दौड़ पड़े लोग!

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से बंदरों की शरारत का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां फुटपाथ पर पूजा सामग्री बेच रहे दुकानदार बाल गोपाल की दुकान पर अचानक बंदरों का हुजूम उतर आया। इन्हीं में से एक चालाक बंदर ने ऐसा कारनामा कर डाला जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया। मौदहा कस्बे के मुख्य बाजार की ये घटना बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बंदर दुकानदार के पास रखी 10,800 रुपए की नोटों की गड्डी झपटकर सीधे पीपल के पेड़ पर चढ़ गया। इसके बाद उसने वहां बैठकर फिल्मी अंदाज में नोट एक-एक कर नीचे फेंकने शुरू कर दिए। जैसे ही ऊपर से नोट बरसने लगे, बाजार में अफरातफरी मच गई। लोग नोट लूटने के लिए दौड़ पड़े और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। दुकानदार और स्थानीय लोगों ने बंदर को नीचे लाने के लिए उसे केले भी खिलाए। इसके बाद बंदर ने बाकी नोट फेंक दिए। हालांकि, भीड़ द्वारा कुछ नोट उठाकर ले जाने से दुकानदार का नुकसान हो गया।

## सट्टेबाजी एप मामला

# अभिनेत्री उर्वशी और मिमी को ईडी ने किया तलब



**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और मिमी चक्रवर्ती की मुश्किलों बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें तलब किया है। ये मामला बेटिंग ऐप 1एक्स बेट से जुड़ा हुआ है। इस सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने के आरोप में पहले भी उर्वशी से पूछताछ हो चुकी है। अब एक बार फिर से उन्हें समन जारी हुआ है, साथ ही मिमी चक्रवर्ती को भी तलब किया गया है। उर्वशी रौतेला को पूछताछ के लिए 16 सितंबर को ईडी के दिल्ली मुख्यालय में पेश होना होगा। मिमी को 15 सितंबर को बुलाया गया है। ये मामला पिछले साल से चल रहा है और अवैध सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने के आरोप में इन दोनों के साथ-साथ और भी कई फिल्म स्टार्स और क्रिकेटर्स जांच के घेरे में हैं।दो फिल्मों में दिखीं उर्वशीउर्वशी के प्रोफेशनल लाइफ पर नजर डालें तो वो बॉलीवुड की एक बड़ी अभिनेत्री हैं। आए दिन किसी न किसी वजह से वो सुर्खियों में बनी रहती हैं। साल 2025 में वो दो फिल्मों में नजर आई हैं। इस साल सबसे पहले वो जनवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई फिल्म 'डाकू महाराज' में दिखी थीं।

### ये सितारे भी जांच के घेरे में

इस मामले में अभिनेता और क्रिकेटर्स में विजय देवरकोंडा, प्रकाश राज, हरभजन सिंह, राणा दग्गुबाती, सुरेश रैना, शिखर धवन, युवराज सिंह और हरभजन सिंह जैसे नाम शामिल हैं। इन स्टार्स को भी पहले समन जारी हो चुका है। पहले भी उर्वशी को तलब किया गया है। अब देखना होगा कि 16 सितंबर को जब वो ईडी के सामने पेश होंगी उसके बाद क्या जानकारी सामने आती है।

## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पैन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 8335914373 (रायपुर /19/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता–पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

# नक्सलियों के चंगुल से मुक्त करेंगुट्टा पहाड़ी पर बनेगा जंगल वारफेयर कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले की करेंगुट्टा पहाड़ी, जो कभी नक्सलियों का सबसे सुरक्षित गढ़ मानी जाती थी, इसी पहाड़ी पर जल्द ही देश का दूसरा जंगल वारफेयर कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इस कॉलेज में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी, कोबरा और अन्य सशस्त्र बलों को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। इसका निर्माण केंद्र सरकार करेगी, जबकि एप्रोच रोड और अन्य बुनियादी सुविधाएं राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। प्रदेश में इससे पहले साल 2004 में कांकेर में काउंटर टेररिज्म एंड जंगल वारफेयर कॉलेज खोला गया था। करेंगुट्टा पहाड़ी पर बनने वाला यह नया केंद्र नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को और मज़बूत करेगा।यह वही इलाका है जिसे इसी वर्ष सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराया है। 21 अप्रैल 2025 को शुरू हुए ऑपरेशन के दौरान 21 दिन तक चली कार्रवाई में 31 नक्सली ढेर हुए। सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों ने 214 बंकरों को ध्वस्त कर दिया और माओवादियों की करीब चार तकनीकी इकाइयों को भी नष्ट कर दिया। यह अभियान अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिना जा रहा है।करेंगुट्टा पहाड़ी रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। लगभग 900 मीटर ऊंची इस दुर्गम पहाड़ी में सैकड़ों गुफाएं हैं, जिन्हें नक्सली लंबे समय से अपने कैंप और हथियार बनाने की इकाइयों के लिए इस्तेमाल कर रहे थे।

### सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

दिसंबर 2023 से अब तक नक्सल विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस अवधि में 453 माओवादी मारे गए, 1616 गिरफ्तार किए गए और 1666 ने आत्मसमर्पण किया। राज्य में 65 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं और सड़क, पुल-पुलिया तथा मोबाइल नेटवर्क जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है।

## शब्द पहेली - 5990



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

### शब्द पहेली-5989 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

### सूडोकु नवताल- 6000

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5999 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
16 सितंबर 2025


# सहेली



# वर्चुअल रियलिटी थेरेपी
# रिश्तों में नई सोच की राह

आज अधिकांश कपल्स वर्किंग हैं, बिजी रहते हैं, एक दूसरे को समय नहीं दे पाते, एक कम्युनिकेशन गैप रहता है। इस कारण मैरीड लाइफ में बहुत सी ऐसी बातें पैदा होती हैं, जो तनाव लाकर दूरियां बढ़ाती हैं। ऐसे में वर्चुअल रियलिटी थेरेपी मधुर दांपत्य जीवन की राह बनाती है।



कवर स्टोरी


डॉ. शिवांगी रावत
साइकोलॉजिस्ट, मेंटल हेल्थ एंड रिलेशनशिप थेरेपिस्ट, सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली


पति-पत्नी का रिश्ता केवल साथ रहने भर का ही नहीं, भावनात्मक जुड़ाव और आपसी समझ का भी प्रतीक है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी और बढ़ती व्यस्तताओं में यह जुड़ाव कई बार कमजोर पड़ जाता है। छोटी-छोटी गलतफहमियां, संवाद की कमी या अहंकार रिश्ते में दूरियां ले आते हैं। ऐसे में रिश्ते को फिर से जोड़ने और पुरानी मधुर यादों को ताजा करने के लिए कपल्स को कई बार रिलेशनशिप एक्सपर्ट या साइकोलॉजिस्ट से सलाह की जरूरत पड़ती है, जो विभिन्न थेरेपी के माध्यमों से दोनों के गिले-शिकवे दूर कर सामंजस्य बैठाने की कोशिश करते हैं, कपल्स इसके बाद बेहतर जिंदगी गुजार पाते हैं। इन्हीं में से एक थेरेपी है-वीआरटी मतलब वर्चुअल रियलिटी थेरेपी।

## क्या है वीआरटी

यह थेरेपी वैवाहिक जीवन को अधिक प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने का अवसर प्रदान करती है। इसमें तकनीक और मनोविज्ञान को जोड़कर पति-पत्नी को एक नियंत्रित और सुरक्षित वर्चुअल वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। दोनों साथी न केवल अपने दृष्टिकोण और भावनाओं को नए सिरे से पुनर्जीवित करते हैं, वास्तविक जीवन की जटिल परिस्थितियों का सजीव अनुभव लेकर, व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव लाते हैं। वीआरटी, एक नई प्रकार की थेरेपी है, जिसमें प्रभावित कपल को कंप्यूटर जनरेटेड वर्चुअल एनवॉयर्नमेंट के माध्यम से थेरेपी सेशन दिए जाते हैं। इन सेशंस के दौरान निजी और सुरक्षित वातावरण में उनके आपसी संबंधों पर कार्य किया जाता है।

## थेरेपी का तरीका

इस थेरेपी में प्रभावित पति-पत्नी को एक वीआर हेडसेट पहनाया जाता है। जिसके जरिए थेरेपिस्ट उन्हें उनकी समस्या से जुड़े एक रियलिस्टिक वर्चुअल वर्ल्ड में ले जाता है। उनकी प्रॉब्लम के हिसाब से वर्चुअल सीन बनाए जाते हैं, जैसे कम्युनिकेशन प्रैक्टिस, ट्रस्ट-बिल्डिंग टास्क, कॉनफ्लिक्ट सिचुएशन, रिलैक्सेशन एनवॉयर्नमेंट या बॉन्डिंग एक्टिविटीज। थेरेप्यूटिक इंटरैक्शन के जरिए दोनों पार्टनर को उन सींस में एक साथ मिल कर पार्टिसिपेट करवाया जाता है। थेरेपिस्ट दोनों पार्टनर से उनकी समस्या और अपेक्षाओं के बारे में बात करता है। रिलेशनशिप की समस्याएं, इमोशनल पैटर्न और व्यक्तिगत मानसिक असामान्यता की स्थिति (जैसे-एंग्जाइटी, डिप्रेशन आदि) का आकलन किया जाता है। थेरेपिस्ट उनके रिएक्शन और इंटरैक्शन को मॉनिटर करता है। जरूरत पड़ने पर उन्हें इमोशनल रिस्पॉन्स और कम्युनिकेशन सुधारने के बारे में समझाता है। इस सेशन के बाद साइकोथेरेपिस्ट, थेरेपी के दौरान किए गए व्यावहारिक बदलावों को उन्हें असल जिंदगी में अपनाने की सलाह देता है।

## किन स्थितियों में है उपयोगी

पति-पत्नी के बार-बार के झगड़ों या टकराव के बाद संवाद की कमी हो या इमोशनल डिस्टेंस बढ़ा हो और पुराने झगड़े के कारण बॉन्डिंग कमजोर हो गई हो या फिर जब पार्टनर सीधे बातचीत के लिए तैयार न हों, पर रिश्ते को बचाना चाहते हों। ऐसी कंडीशंस में वीआरटी की जरूरत पड़ती है।

### केवल तकनीकी अनुभव नहीं

वर्चुअल रियलिटी थेरेपी, कपल्स के लिए केवल एक तकनीकी अनुभव नहीं रहता, बल्कि एक साझा भावनात्मक यात्रा बनती है। कपल अपने ट्रॉमैटिक या इमोशनल एक्सपीरियंस को सिम्युलेट (पुनः अनुभव) करते हैं, थेरेपिस्ट की मदद से उनका समाधान ढूंढते हैं। थेरेपिस्ट की मदद से



संवाद, समझ और तनाव प्रबंधन के कौशल सीखते हैं। उन्हें न केवल एक-दूसरे के दृष्टिकोण को बेहतर समझने में मदद मिलती है, वे वास्तविक जीवन की समस्याओं को आपसी सामंजस्य से सुलझाना भी सीखते हैं। उनके बीच आपसी विश्वास और समझ मजबूत होती है।

## रिसर्च के नतीजे हैं पॉजिटिव

अध्ययनों से भी साबित हो गया है कि वीआरटी न सिर्फ व्यक्ति के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं के समाधान में मददगार है, पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूती प्रदान करने में भी कारगर है। भारत में मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु जैसे शहरी मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी कपल्स काउंसलिंग में वीआरटी का प्रयोग हो रहा है। इसका फीडबैक काफी पॉजिटिव रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना में की गई एक स्टडी में पाया गया कि जिन कपल्स ने छह सप्ताह के संयुक्त वीआरटी थेरेपी सेशन लिए, उनकी आपसी समझ, भावनात्मक-वैचारिक तालमेल, कम्युनिकेशन लेवल और सामंजस्य में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। साइकोलॉजी एंड काउंसलिंग रिसर्च, जापान में कपल्स पर वीआरटी के उपयोग से पति-पत्नी में ऑक्सीटोसिन बॉन्डिंग हार्मोन के लेवल में वृद्धि हुई। जिससे उनमें एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और क्षमा करने की क्षमता में सुधार देखा गया। उनमें भावनात्मक जुड़ाव यानी बॉन्डिंग मजबूत हुई। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कपल थ्योरी में ब्राउन एंड हार्टले का मानना है कि जिन कपल्स ने तीन महीने तक वीआरटी प्रैक्टिस सेशन लिए, उनमें काफी पॉजिटिव बदलाव दिखे। इससे उनमें बार-बार होने वाली नोक-झोंक में कमी आई। वे पहले से ज्यादा शांत हो गए, इनमें एक-दूसरे को सुनने-समझने की क्षमता का विकास हुआ।

## क्या हैं फायदे

वर्चुअल रियलिटी थेरेपी के बहुत से ऐसे फायदे हैं, जो दांपत्य संबंधों को मधुर और मजबूत बनाने में सहायक रहते हैं। इस थेरेपी के क्या फायदे हैं, जानिए-

**बॉन्डिंग होती है मजबूतः** वर्चुअल रियलिटी थेरेपी से तमाम कश-म-कश के बावजूद पति-पत्नी को एक-साथ समय बिताने का मौका मिलता है। उनमें समझ और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होता है। यह उनकी आपसी प्रतिबद्धता, विश्वास और समस्या हल करने की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे उनकी बॉन्डिंग मजबूत होती है।

**सिक्योर एक्सपोजरः** पति-पत्नी अपनी इमोशनल या ट्रॉमैटिक यादों का सामना बिना किसी डर या खतरे के करते हैं।

**सामंजस्यपूर्ण भागीदारी बढ़नाः** वीआरटी का वर्चुअल एंवॉयर्नमेंट पति-पत्नी को असल जिंदगी में एक-दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित करना सिखाता है। गुस्से या दुख में तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय, ठहरना सीखने में मदद कर रिलेशनशिप में स्थायित्व और भावनात्मक स्थिरता लाता है।

**बेहतर कम्युनिकेशनः** कपल को अपनी फीलिंग्स बिना किसी जजमेंट के व्यक्त करने का अवसर मिलता है। उनका मनमुटाव खत्म होता है।

**स्ट्रेस कम होनाः** न्यूरोसाइंस के मुताबिक वीआरटी के रिलैक्सेशन मॉड्यूल से दोनों पार्टनर के शरीर में हैप्पी हार्मोन ऑक्सीटोसिन, डोपामाइन का स्राव बढ़ जाता है, जिससे उनका तनाव और एंग्जायटी कम होती है। a

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

# तनाव कम करने में मदद करती हैं यात्राएं

अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच कभी-कभी यात्रा के लिए निकलना बहुत जरूरी है। इससे हमें एक ताजगी मिलती है, हम नई ऊर्जा से भरते हैं, मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। साथ ही हम जगह-जगह की संस्कृति से परिचित भी होते हैं।

जीवनशैली


बुशरा फातमा




अगर रोजमर्रा के जीवन में कोई एक बात आज आम हो गई है तो वो है लोगों में स्ट्रेस यानी तनाव। काम-काज का बढ़ता दबाव, घरेलू जिम्मेदारियां, कॉम्पिटिशन और बढ़ते डिजिटल दुनिया का प्रभाव मानसिक रूप से हम सबको खूब थका रहा है। इसलिए इन सब के बीच में छोटी-सी यात्रा, सैर-सपाटा मन को शांत और प्रफुल्लित करता है, थकान मिटाकर नई ऊर्जा से भरता है। हेल्थ और फिटनेस के लिए वर्ल्ड इंफ्लुएंसर्स एंड ब्लॉगर अवार्ड से सम्मानित प्रमीला ओल्सन यात्राओं को एक दवा की तरह मानती हैं, जो जिंदगी जीने को आसान बनाती है।

**स्वयं के साथ समय बिताने का अवसरः** जो लाइफस्टाइल हम आज फॉलो कर रहे हैं, वो कहीं न कहीं हमें खुद से भी दूर ले जाती है। यात्राएं हमें खुद के करीब लाती हैं। यात्राओं के दौरान हमें आत्ममंथन करने का अवसर मिलता है, जो बहुत जरूरी है। जब भी जीवन का शोर-शराबा मन को अशांत करने लगे, तनाव को जन्म दे तो किसी यात्रा पर निकल जाएं। बेशक फैमिली के संग या सोलो ट्रैवल कीजिए, लेकिन एक छोटी-सी ट्रिप आपके तनाव को कम करने में बहुत मददगार साबित होगी।

**प्रकृति के करीब मिलती है शांतिः** सच कहा जाए तो नेचर, स्वास्थ्य का सबसे बड़ा साथी है। आप अपने ट्रैवल के लिए ऐसी जगहों का चुनाव करें, जो प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हों। याद रखें नदी, पहाड़ या समंदर इंसान को हील करने का काम करते हैं। अगर आप किसी मेंटल ट्रॉमा से भी गुजर रही हैं तो प्रकृति इससे उबारती है। इसलिए जब भी तनाव आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगे, तो छोटे ही सही कम से कम एक ट्रिप जरूर प्लान कीजिए, यह बहुत अच्छा ऑप्शन है।

**रिश्तों में नजदीकियां बढ़ाती हैं यात्राएंः** हम सब अपनी-अपनी जिंदगी में इतने मसरूफ हो जाते हैं कि एक घर में रहते हुए भी साथ समय नहीं बिता पाते। छोटे-छोटे ट्रिप, पारिवारिक संबंधों के लिए भी अच्छे हैं। साथ बिताया हुआ समय यादगार साबित होता है। ये समय रिश्तों को भी नई ताजगी से भरता है। इसलिए साल में कम से कम एक बार परिवार के साथ कहीं घूमने जरूर जाएं। यात्राएं जगह-जगह की संस्कृति से रूबरू कराती हैं। जब भी हम कहीं घूमने जाते हैं तो उस जगह की संस्कृति, खाना-पीना हमारी सोच को भी नया आयाम देती है। नई चीजें, बातें हमेशा हमें सकारात्मकता की तरफ ले जाती हैं। यात्राएं जीवन के बहुत से ऐसे पहलुओं से हमें रूबरू करवाती हैं, जिनसे हम अनभिज्ञ होते हैं। जीवन को शांत और मेंटल हेल्थ को अच्छा बनाने का सबसे अच्छा और सुगम तरीका है यात्राएं। a




### हैप्पी हॉर्मोन बढ़ाती हैं यात्राएं

अगर आप साल में एक-दो छोटे ट्रिप भी करती हैं तो यह संभव है कि आप तनाव को अच्छे तरीके से संभाल लेंगी। भागती हुई जिंदगी में तनाव स्वाभाविक है, लेकिन इसे मैनेज करने का तरीका आना चाहिए। यात्राएं हमारे हैप्पी हॉर्मोन को बढ़ाती हैं, स्ट्रेस कम करने में मदद करती हैं। बेशक दूसरे खर्चे थोड़े कम हो जाएं, लेकिन अपनी मेंटल हेल्थ सही रखने के लिए ट्रैवलिंग के लिए थोड़ी सेविंग जरूर करें।

# जब नी-स्किन दिखने लगे डार्क
# अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

खूबसूरती के मामले में हम चेहरे को ज्यादा प्राथमिकता देते हैं जिसकी वजह से घुटने, कोहनी जैसे पार्ट इग्नोर हो जाते हैं। लेकिन इनकी डार्कनेस आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। इसीलिए हम आपको यहां कुछ घरेलू नुस्खे बता रहे हैं, जिससे आपकी नी-स्किन हो जाएगी क्लीन-सॉफ्ट।



केयर


शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट


अगर ध्यान ना दिया जाए तो घुटनों की त्वचा यानी, नी-स्किन डार्क दिखने लगती है। अगर आप कुछ घरेलू उपाय करेंगी तो आपके घुटनों की रंगत निखर सकती है।

**कॉफी और नारियल तेलः** कांच की कटोरी में 1 चम्मच कॉफी डालें और इसमें करीब आधा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को संतरे के छिलके की मदद से काले घुटनों पर 10 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें। आप चाहें तो इसे पानी से भी धो सकती हैं। आप इस स्क्रब का इस्तेमाल हफ्ते में 2 से 3 बार कर सकती हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से घुटनों का कालापन कम हो जाएगा।



**नीबू और बेकिंग सोडाः** एक कटोरी नीबू के रस में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर कॉटन की मदद से घुटनों पर लगाकर हल्के हाथों से घुटने की मसाज करें। बेहतर परिणाम के लिए इसे आप हफ्ते में दो बार उपयोग कर सकती हैं। इससे घुटने का कालापन कम हो सकता है।

**नारियल तेल और चीनीः** स्क्रब करने के लिए एक कटोरी में 1 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच चीनी मिलाएं। इस मिश्रण को घुटनों पर हल्के हाथों से 5-10 मिनट तक गोलाकार में मसाज करने के बाद साफ पानी से अच्छी तरह पोंछ लें। मिश्रण में मौजूद नारियल तेल त्वचा को पोषण देता है, जबकि चीनी मृत कोशिकाओं को हटाती है।

**नीबू का रस और शहद :** एक चम्मच नीबू के रस में आधा चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को घुटनों पर लगाकर करीब 15 मिनट तक हल्के हाथों से रगड़ें। फिर इसे साफ पानी से धो लें। तीन से चार हफ्तों के अंदर इसका असर दिखने लगेगा। दरअसल, नीबू एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है, जो त्वचा पर जमी मैल को आसानी से कम करता है। वहीं इस पैक में मौजूद शहद त्वचा में नमी बनाए रखता है, ड्रायनेस दूर करता है।

**टूथपेस्ट और कॉफी पावडरः** थोड़ा सा टूथपेस्ट लेकर इसमें थोड़ा सा सोडा पावडर मिलाकर बने मिश्रण में आधा चम्मच कॉफी पावडर मिला लीजिए। अब इसमें कुछ बूंदें टमाटर के रस की मिला लें और अंत में कुछ बूंदें नीबू के रस की भी मिलाकर एक मिश्रण बना लीजिए। इस मिश्रण को घुटनों की काली जगह पर 10 मिनट तक लगाने के बाद घुटनों को हल्के-हल्के रगड़ते हुए ताजे पानी से धो डालिए।

**कच्चा दूधः** कच्चे दूध से आप अपने घुटनों की मसाज करें। इस तरह से मसाज करने पर धीरे-धीरे घुटनों का रंग साफ हो जाएगा।

**खीरा और नीबूः** खीरे का रस निकाल लें। अब 3 चम्मच खीरे के रस में आधा चम्मच नीबू का रस मिलाए। इस पेस्ट को अपने घुटनों पर मालिश करते हुए लगाएं। 15 मिनट बाद पानी से धो लें और त्वचा को मॉयश्चराइज कर लें। खीरा और नीबू त्वचा का कालापन हटाते हैं और त्वचा कोमल और मुलायम भी बनाते हैं। a


बैद्यनाथ नागपुर
आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!
रहें चुस्त और एक्टिव हमेशा




बैद्यनाथ
मेरी सखी
(पूर्व की सुन्दरी सखी)

बैद्यनाथ मेरी सखी बहुमूल्य जड़ी – बूटियों से युक्त, महिलाओ के लिए एक संतुलित व पोषक तत्वों से भरा टॉनिक है जो उन्हें पूरे माह एक्टिव, फिट और स्वस्थ रखने में सहायक है।

पूरे माह सक्रिय रखने में सहायक।

**श्रीमती राखी मिराशी, राजनांदगांव**
प्र. मेरी बेटी की उम्र 24 साल है, सफेद पानी कि शिकायत है, मासिक धर्म नियमित रूप से नही आता।
उ. **बैद्यनाथ मेरी सखी** 2–2 चम्मच समभाग जल में सुबह–शाम भोजन के बाद देवें। **बैद्यनाथ प्रदरान्तक रस** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन के बाद देवें।

**श्रीमती गूंजन राठी, धमतरी**
प्र. बरसात के दिनों में सर्दी, खाँसी की तकलीफ बनी रहती है। कृपया आयुर्वेदिक उपचार बतायें।
उ. **बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस (नारदीय)** 1–1 टॅब पीसकर शहद + अदरक रस के साथ लेवें। **बैद्यनाथ कासविन** 2–2 चम्मच सुबह शाम लेवें। रात को सोने के पूर्व **बैद्यनाथ सितोपलादी चूर्ण** आधा चम्मच शहद के साथ लेवें।

**श्रीमती अपर्णा मकवाना, बिलासपुर**
प्र. मेरी 4 माह पूर्व डिलिवरी हुई है। शरीर में कमजोरी बहुत है। दूध भी कम आता है व थोडी सफेद पानी की शिकायत भी है। कृपया आयुर्वेदिक दवां बताये।
उ. महोदया, आप **बैद्यनाथ सुपारी पाक** 1–1 चम्मच सुबह–सायं सेवन करें। साथ ही **बैद्यनाथ शतावरी ग्रेन्युल्स्** 1–1 चम्मच सुबह शाम दूध के साथ सेवन करें। 3 माह तक इसका नियमित सेवन करें।

**श्री गोकुल अधिकारी, दुर्ग**
प्र. मुझे शारीरिक कमजोरी लगती है। चैक किया गया तो डॉ. ने कैल्शियम की कमी बतलाई। कृपया उपाय बतायें।
उ. उम्र के 50 वर्ष बाद कैल्शियम की कमी होना सामान्य है। **सिद्धायु कैल्सिएक्टीव टॅबलेट** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लगातार 3 माह तक सेवन करें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

AU-A121/09/25/282

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 | www.baidyanath.co






अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

## खबर संक्षेप



### स्पष्ट होती है अक्षर की रणनीति : सूर्यकुमार

**दुबई।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद हरफनमौला अक्षर पटेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बाएं हाथ के इस स्पिनर की बाएं हाथ के बल्लेबाजों से निपटने के लिए अभ्यास के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रयास और बल्लेबाजी के प्रति उनकी स्पष्टता की भी सराहना की। अक्षर ने कुलदीप यादव (18 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर भारत को सात विकेट से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिनमें खतरनाक फखर जमां का विकेट भी शामिल है, जिनका बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि वह (अक्षर) काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह काफी लंबे समय से भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसलिए वह अपना काम अच्छी तरह जानते हैं। उनकी रणनीति पूरी तरह से स्पष्ट होती है।'

### सिमंस बैंक ओपनः शीर्ष 20 में रेहान थॉमस



**फ्रेंक्लिन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस सिमंस बैंक ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ संयुक्त 20वें स्थान पर रहे। दुबई में पले बढे 24 वर्ष के रेहान ने 11 अंडर पार स्कोर किया । इस प्रदर्शन से उन्हें 17000 से अधिक अमेरिकी डॉलर और महत्वूपर्ण अंक मिले। जाक बाउचोउ ने 23 अंडर पार 257 के स्कोर के साथ खिताब जीता।

### 9 दिसंबर से एफआईएच प्रो लीग का नया सत्र




**लुसाने।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग का 2025- 26 सत्र 9 दिसंबर से अर्जेंटीना और आयरलैंड में शुरू होगा, जिसमें दस मेजबान देशों में रिकॉर्ड 144 मैच खेले जाएंगे। लीग के सातवें सत्र में दो नई टीमें आयरलैंड महिला टीम और पाकिस्तान पुरुष टीम होगी जिन्हें एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024 . 25 से प्रमोट किया गया है। पुरुष और महिला लीग की विजेता टीम सीधे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। सत्र के पहले मैच में जर्मनी का सामना बेल्जियम पुरुष टीम से आयरलैंड में होगा जबकि पुरुष वर्ग की चैंपियन नीदरलैंड टीम पदार्पण करने वाली पाकिस्तानी टीम से खेलेगी।

### विश्वकप जीत सकती है भारतीय टीम : सुलक्षणा

**मुंबई।** भारत की पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सुलक्षणा नाइक ने कहा कि भारतीय महिला टीम घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने में सक्षम है, बशर्ते वह दबाव से निपट सके। भारतीय महिला टीम अभी तक



वनडे विश्व कप नहीं जीत पाई है तथा वह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट में ट्रॉफी का यह इंतजार खत्म करने की कोशिश करेगी। भारत के लिए दो टेस्ट, 46 वनडे और 31 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली नाइक ने कहा, 'यह टीम विश्व कप जीतने में पूरी तरह सक्षम है। मैं केवल दबाव को लेकर चिंतित हूं। उन्हें दबाव नहीं लेना चाहिए।' नाइक ने कहा, 'भारतीय महिला टीम को इसकी आदत डालनी चाहिए। भारतीय पुरुष टीम इसकी आदी हो चुकी है। उन्हें इसकी परवाह नहीं है।

# बांग्लादेश का अफगानिस्तान के खिलाफ करो या मरो वाला मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा।

### अफगानिस्तान की टीम आत्मविश्वास से भरी

अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

**एशिया कप :** बांग्लादेश को करना पड़ेगा अफगानिस्तान के स्पिनरों की चुनौती का सामना



### श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश का शीर्ष क्रम विफल

बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था।अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा।

### संभावित टीमें

**बांग्लादेशः** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदयोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

**अफगानिस्तानः** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारुकी।

### सारांश प्लेयर ऑफ द सीरीज और यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने

# सेंट्रल जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब पाटीदार ने 10 साल बाद टीम को बनाया विजेता

**सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया**

एजेंसी ▶▶| बेंगलुर

सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराकर दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया। रजत पाटीदार और उनकी टीम को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए मुकाबले के पांचवें दिन दो घंटे से भी कम समय में मैच अपने नाम कर लिया। सेंट्रल जोन ने पहले दिन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और साउथ जोन को पहली पारी में महज 149 रनों पर ढेर कर दिया। सारांश जैन को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। जबकि यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने। साउथ जोन को हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव सेंट्रल जोन ने हासिल किया।



### सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता

सेंट्रल जोन के सामने 65 रन का मामूली लक्ष्य था लेकिन साउथ जोन के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में सेंट्रल जोन को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता।

### साउथ जोन के बॉलरों का रहा बोलबाला

बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा ने दानिश मालेवार (05) को आउट किया। उनकी गेंद तेजी से घूमी और बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास पहुंची। बाद में उन्होंने सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार का विकेट भी लिया, जो जल्दबाजी में स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर एमडी निधिश के हाथों कैच आउट हो गए। भारत ए टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुभम शर्मा और सारांश जैन (जिन्हें बाद में सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया) के विकेट चटकाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राठौड़ और वाडकर ने इसके बाद सेंट्रल जोन को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### पाटीदार का कप्तान के रूप में वर्ष का दूसरा खिताब

पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी और वह इससे काफी खुश हैं। उन्होंने मैच के बाद रजत ने कहा कि, हर कप्तान को ट्रॉफी जीतना पसंद होता है। हमारे खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त जज्बा दिखाया और मैं इससे बहुत खुश हूं।

**क्रिकेट**

# सिराज के सिर सजा आईसीसी का अवॉर्ड, चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई।

### रैंकिंग में भी हुआ फायदा

ओवल टेस्ट में मोहम्मद सिराज ने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 46.3 ओवर गेंदबाजी की थी। बताते चलें कि सिराज एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज रहे, जो इंग्लैंड टूर पर सभी 5 टेस्ट मैचों में खेले थे। इस पूरी सीरीज में उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी की, जो सबसे ज्यादा रही। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 23 विकेट लेने के बाद सिराज को रैंकिंग में भी फायदा हुआ था। इस कमाल के प्रदर्शन के बाद वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर आ गए थे। दुनिया में नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

### मेरे लिए विशेष सम्मान की बात : सिराज

भारतीय तेज गेंदबाज सिराज ने कहा, 'आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी, जिनका मैं हिस्सा रहा हूं।' सिराज ने कहा,'मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।' सिराज ने ये खास सम्मान मिलने पर खुशी जताई और कहा कि उनके टीम मेंबर्स भी इस अवॉर्ड के उतने ही हकदार हैं जितने वो खुद हैं।

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

# फाइनल की दौड़ से बाहर श्रीशंकर और पारुल



एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारत के लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके और 14वें स्थान पर रहे।

तीसरी बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे श्रीशंकर ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में तीन प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ कूद 7.78 मीटर की ही लगा सके, जो पिछले तीन साल से अधिक समय में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। वह 37 प्रतियोगियों में 25वें स्थान पर रहे। स्वतः क्वालीफिकेशन का 8.15 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों ने फाइनल में जगह बनाई। श्रीशंकर अमेरिका के यूजीन में 2022 में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सातवें स्थान पर रहे थे।

घुटने की चोट और सर्जरी के कारण वह पेरिस ओलंपिक समेत 2024 में अधिकांश टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 8.41 मीटर है, जो उन्होंने 2023 में किया था।

### पारुल और अंकिता स्टीपलसचेस में नौंवे ओर 11वें स्थान पर




राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी महिलाओं की स्टीपलसचेस स्पर्धा में अपनी हीट में क्रमशः नौवे ओर 11वें स्थान पर रही। पारुल कुल 20वें और अंकिता 35वें स्थान पर रही। पारुल ने नौ मिनट 22.24 सेकंड का समय लिया जबकि उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 12.46 सेकंड का है। वह बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचकर दसवें स्थान पर रही थीं। अंकिता को चैपियनशिप में दूसरे देशों के कुछ एथलीटों के ऐन मौके पर नाम वापिस लेने के बाद जगह मिली थी। उसने दस मिनट 03.22 सेकंड का समय लिया । पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस शिरसे आठ खिलाड़ियों की हीट में छठे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके।

# एएसआईपी सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष बने बत्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) के सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है, जिसमें विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता लंबी कूद की खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज भी शामिल है। एआईपीएल के प्रबंधन बोर्ड ने बैठक में सलाहकार बोर्ड के गठन को मंजूरी दी।सलाहकार बोर्ड भारतीय खेलों के इकोसिस्टम से जुड़े हर पेशेवर को एकजुट करने के एएसआईपी के मिशन के लिये रणनीतियां बनाएगा।



एआईपीएस के अनुसार सलाहकार बोर्ड उच्च स्तरीय रणनीतिक रोडमैप और अग्रणी नीतियां तैयार करेगा, हितधारकों को जोड़ने पर सलाह देगा और वाणिज्यिक विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके अलावा नई पहल, अनुसंधान पहलों और क्रॉस-सेक्टर साझेदारियों के लिए एक साउंडिंग बोर्ड के रूप में कार्य करेगा। बत्रा अनुभवी खेल प्रशासक हैं जबकि अंजू भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सीनियर उपाध्यक्ष हैं । उनके अलावा लॉयड मथियास, मोलिना अस्थाना और हिमांशु गौतम भी बोर्ड में हैं ।

# भारतीय टीम के हाथ न मिलाने से बौखलाया पाक

**पाकिस्तान ने आईसीसी से की मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत**

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के मुकाबले में हाथ न मिलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस मसले पर अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की शरण में पहुंच गया।

पाकिस्तान की तरफ से मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत की गई है। पीसीबी ने आरोप लगाया कि मैच रेफरी ने आईसीसी की आचार संहिता तोड़ी है। उन्हें एशिया कप के बाकी मैचों से हटा दिया जाए। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस के समय भी हाथ नहीं मिलाया और मैच समाप्ति के बाद भी ऐसा कुछ ही हुआ। इसके बाद नाराज होकर पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा पोस्ट मैच प्रजेंटेशन से दूर रहे।



### कौन है एंडी पायक्रॉफ्ट

पायक्रॉफ्ट जिम्बाब्वे के क्रिकेटर रहे हैं। उन्होंने 1983 से 1992 के बीच तीन टेस्ट और 20 वनडे मुकाबले खेले। बाद में वे जिम्बाब्वे ए टीम के कोच भी बने। 2009 में वह आईसीसी मैच रेफरी एलिट पैनल का हिस्सा बन गए थे।

### पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट ने दर्ज कराया विरोध

पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी जो संयोग से एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन भी हैं उन्होंने पायक्राफ्ट की शिकायत की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, पीसीबी ने आईसीसी के सामने मैच रेफरी की शिकायत की है, जिन्होंने आईसीसी आचार संहिता और खेल भावना को लेकर एमसीसी के नियम तोड़े। पीसीबी की मांग है कि एशिया कप से मैच रेफरी को फौरन हटा दिया जाए। इससे पहले पीसीबी की तरफ से एक बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा था कि उनकी तरफ से मैच रेफरी को लेकर आधिकारिक शिकायत की गई है। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नावीद अकरम चीमा ने यह शिकायत की।

**आज से शुरू हो रहा चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

# लय कायम रखने उतरेंगे लक्ष्य और सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶| शेनजेन (चीन)

हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में यह लय कायम रखने उतरेंगे। पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा।

अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आए हैं। उन्होंने हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा। उन्होंने कहा ,' मुझे अधिक आत्मविश्वास रखना होगा। पहले ही दिन से प्रक्रिया पर अडिग रहना होगा।'





### मलेशिया से पहले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला

आठवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचे, विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य जीता और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे। एशियाई खेल चैंपियन जोड़ी हालांकि इस सत्र में खिताब नहीं जीत सकी है। उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। पिछले 16 महीने में यह उनका पहला फाइनल था। सात्विक ने कहा,' हम जिस तरह से खेल रहे हैं, हम जीत सकते हैं ।

### डेनमार्क की जूली से सिंधू की टक्कर

पिछले सप्ताह जापान के कोडाइ नराओका को हराने वाले आयुष शेट्टी का सामना चीनी ताइपै के छठी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की टक्कर डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन से होगी। तीस वर्ष की सिंधू विश्व चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी लेकिन लाइन क्रिस्टोफरसेन से हार गई। महिला युगल में श्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा की टक्कर मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन तिंग से होगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और शिवानी गाड्डे का सामना जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगा जबकि ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की टक्कर चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से होगी।

### हाईकोर्ट ने सुझाव पेश करने को कहा

# जबलपुर से फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने के लिए विमानन कंपनियों की केन्द्र से क्या हैं अपेक्षाएं

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के मामले में इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) व अन्य विमान कंपनियों से पूछा है कि फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने के लिए वे केन्द्र व राज्य से क्या रियायतें चाहते हैं। कंपनियों की केन्द्र से क्या अपेक्षाएं है, इस संबंध में वे सुझाव पेश करें। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि कंपनी यह बताएं कि केन्द्र को ऐसे कौन से कदम उठाने चाहिए जिससे विमान कंपनियों को कमर्शियल फायदा हो। अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।



नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से 2024 में जनहित याचिका दायर कर जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई है। इस मामले में एक विधि छात्र पार्थ श्रीवास्तव की ओर से याचिका दायर की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी और अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। जबलपुर हवाई अड्डा अन्य शहरों से अच्छी तरह से नहीं जुड़ पा रहा है और जबलपुर से केवल 9 उड़ानें संचालित हो रही हैं। वहीं तुलनात्मक रूप से जबलपुर से छोटे भोपाल एयरपोर्ट से प्रतिदिन 40 से अधिक उड़ानें हैं। हाल ही में भोपाल व इंदौर के लिए फ्लाइट भी बंद कर दी गई है। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू, रायपुर आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी।

सुनवाई के दौरान विमान कंपनियों की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि इस मामले में अभी तक केन्द्र की ओर से कोई जवाब पेश नहीं किया गया है। जिस तरह राज्य सरकार ने एयरपोर्ट पर कुछ रियायतें घोषित की हैं, उसी तरह केन्द्र को भी आगे आकर अपनी बात रखनी चाहिए। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश कर बताया गया था कि प्रदेश के विभिन्न हवाई अड्डों से नई घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने शुरू कराने के लिए विमानन निदेशालय ने निविदा जारी की है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने रजिस्ट्री को यह निर्देश भी दिए कि कंपनी की ओर से सीलबंद लिफाफे में पेश किए गए डाटा को स्कैन कर रिकॉर्ड पर लें। कोर्ट ने कहा कि उक्त रिपोर्ट में कुछ भी गोपनीय नहीं है।



### मोबाइल झपटमार गिरोह का पर्दाफाश, तीन शातिर गिरफ्तार, 11 मोबाइल और चोरी की स्कूटी बरामद

# सस्ते दामों पर मोबाईल बेचकर पूरी करते थे नशे का शौक

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में बढ़ रही मोबाइल झपटमारी की वारदातों पर नकेल कसते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह ने बताया कि मदन महल थाना पुलिस ने तीन शातिर झपटमारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 मोबाइल और चोरी की एक्सिस स्कूटी बरामद की है। जब्त सामान की कीमत करीब 3 लाख 20 हजार आंकी गई है।

#### वारदात के पीछे नशे की लत

एएसपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोबाइल झपटकर उन्हें सस्ते दामों में बेच देते थे। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि इस पैसे से वे अपना नशे का शौक पूरा करते थे। गिरोह का सरगना शानू उर्फ इमरान अंसारी पहले से ही कई वारदातों में लिप्त रहा है। उसके खिलाफ रेलवे समेत शहर के विभिन्न थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

#### लिंक रोड और स्टेशन क्षेत्र में की थी वारदात

13 सितंबर को प्रदीप कुमार ठाकुर, निवासी धनपुरी और संतोष कुमार सिंगरौर निवासी नव निवेश कॉलोनी, के मोबाइल लिंक रोड और स्टेशन क्षेत्र से झपट लिए गए थे। शिकायत मिलते ही टीआई संगीता सिंह के नेतृत्व में टीम सक्रिय हुई। स्टेशन क्षेत्र में जब पुलिस ने संदिग्ध एक्सिस स्कूटी को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी प्लेटफार्म नंबर 4 की ओर भागे। इसी दौरान स्कूटी डिवाइडर से टकराकर गिर गई और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को दबोच लिया।

#### शातिर गिरोह की पहचान

टीआई सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शानू उर्फ इमरान अंसारी, मोहम्मद माजिद और सरफराज कुरैशी सभी निवासी हनुमानताल के रूप में हुई। उन्होंने कबूल किया कि स्कूटी उन्होंने कैंट क्षेत्र से चोरी की थी और उसी का इस्तेमाल झपटमारी के लिए कर रहे थे।

#### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में टीआई संगीता सिंह, एसआई केएन राय, एएसआई राजेश राय, प्रमोद पांडेय, प्रधान आरक्षक बल्देव विश्वकर्मा, आरक्षक साकेत, मोहित और मनीष की भूमिका उल्लेखनीय रही।

### धूप-छांव के बीच शुरु हो जाती है बारिश

# पल-पल बदल रहे मौसम के मिजाज

हरिभूमि, जबलपुर।

कभी धूप कभी छांव तो कभी एकदम से बारिश शुरु हो जाती है कभी मौसम ठंडा तो कभी गर्म हो जाता है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक 1 जून से 30 सितंबर तक मौसम वर्षा काल का माना जाता है। उसके पहले और उसके बाद होने वाली बारिश की गणना बेमौसम बारिश के खाते में जाती है। पिछले 3-4 दिनों से मौसम के मिजाज वैज्ञानिक भी नहीं समझ पा रहे। पश्चिमी मध्यप्रदेश के जिलों में हो रही बारिश से पूर्वी मध्यप्रदेश के क्षेत्र भी लगातार मौसम की मार झेल रहे है। बीच-बीच में कड़ी धूप निकल आती है और कुछ ही देर में बादल छा जाते है और बूंदाबांदी होने लगती है। मौसम के कॉकटेल से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मकानों में सीड़न आ रही है। बच्चे-बूढ़े सब बीमार हो रहे है।



#### पश्चिमी मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय

मौसम कार्यालय के मुताबिक पश्चिमी मध्यप्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के कारण पूर्वी मध्यप्रदेश में हल्की बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहेंगे। मौसम कार्यालय के मुताबिक बंगाल की खाड़ी और राजस्थान के ऊपर मानसून सक्रिय होने से पश्चिमी मप्र और पूर्वी मप्र के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। कम दबाव के प्रभाव से पूर्वी मध्यप्रदेश के शहरों में अनवरत बारिश का सिलसिला चल रहा है।

#### तापमान में घट-बढ़

मौसम के अनिश्चितता की वजह से तापमान में घट-बढ़ चल रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.01 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 24.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 89 प्रतिशत और सायंकाल 93 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 9.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1136.06 मिमी लगभग 45.4 इंच दर्ज की जा चुकी है। सूर्योदय सुबह 5.57 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.13 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पूर्वी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

### रक्तदान करने ऑनलाइन कराया जा सकेगा पंजीयन

**जबलपुर।** सेवा पखवाड़ा की पहले दिन जिले में एक साथ तेरह स्थानों पर आयोजित किये जा रहे रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने के इच्छुक व्यक्ति अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा लिंक जारी की गई है। रक्तदान करने का इच्छुक व्यक्ति न केवल इस लिंक के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है, बल्कि अपनी सुविधानुसार उस शिविर का चयन भी कर सकता है, जहाँ वह रक्तदान करना चाहता है। शिविरों में रक्तदान करने के इच्छुक रक्तदाता जिला प्रशासन द्वारा जारी लिंक **https://shorturl.at/bDine** पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।प्रशासन द्वारा रक्तदाताओं को अपना पंजीयन कराने के लिये क्यूआर कोड की सुविधा भी दी गई है। क्यूआर कोड को स्कैन कर भी रक्तदान के इच्छुक व्यक्ति शिविरों के आयोजन के पूर्व अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे।

### कट्टा व चाकू अड़ाकर लूट करने वाले बदमाश पकड़ाए

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत कछपुरा में चाकू कट्टा अड़ाकर लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लार्डगंज पुलिस के मुताबिक कछपुरा शिवमंदिर के पास बैठे राजेश पटेल को यश तिवारी ने कट्टा और मुक्कू उर्फ मुकेश पटेल ने चाकू अड़ाकर जेब से 15 हजार रुपए लूट लिए थे। घटना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपी यश तिवारी और मुक्कू पटेल को गिरफ्तार कर लूटी रकम से 5 हजार रुपए जब्त कर लिया है। लूट की रकम में से यश ने 3 हजार और मुकेश ने 2 हजार रुपए खर्च कर लिए। उल्लेखनीय है कि दोनो आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के है थाना मदनमहल, गढा, लार्डगंज, संजीवनी नगर में यश तिवारी के डेढ दर्जन एवं मुकेश पटेल के विरूद्ध 1 दर्जन से अधिक अपराध हत्या के प्रयास, अवैध वसूली, मारपीट, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के पंजीबद्ध है। दोनों आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 कट्टा, 1 कारतूस, 1 बटनदार चाकू भी जब्त कर लिए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# एम.पी. ट्रांसको के कार्य 1 वर्ष पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य

**जबलपुर।** सिंहस्थ-2028 के आयोजन को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) उज्जैन में अपनी पारेषण प्रणाली को और सुदृढ़ बना रही है। इस संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और उन्हें समयसीमा व उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्ययोजना इस प्रकार बनाई जाए कि सिंहस्थ आयोजन से एक वर्ष पूर्व सभी कार्य पूर्ण हो जाएं, जिससे पारेषण तंत्र की स्थिरता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो सके। बैठक में इंदौर और उज्जैन मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

#### चिंतामन सबस्टेशन का निर्माण कार्य प्रारंभ

अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल ने जानकारी दी कि सिंहस्थ अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पहले चरण में 132 के.व्ही. चिंतामन सबस्टेशन के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। त्रिवेणी बिहार, उज्जैन में प्रस्तावित सबस्टेशन के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा 220 के.व्ही. शंकरपुर सबस्टेशन पर वर्तमान 20 एम.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर को अपग्रेड कर 50 एम.व्ही.ए. का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

#### 400 के.व्ही. ताजपुर सबस्टेशन का विस्तार

श्री अग्रवाल ने बताया कि 400 के.व्ही. ताजपुर (उज्जैन) सबस्टेशन में 132 के.व्ही. नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। इसमें 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर 33 के.व्ही. के चार नए फीडर निकाले जाएंगे।

### 2 जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला

# मकान बेचने का झांसा देकर 10 लाख हड़पे

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत दो जालसाजों ने एक महिला को प्लाट पर मकान बनाकर देने का झांसा देकर किसी ओर को मकान बेचकर अमानत में ख्यानत कर महिला की दस लाख रूपए बुकिंग राशि हड़प ली। महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत व अन्य धाराओं के तहत मामला विवेचना में लिया गया। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि महादेव परिसर धनवंतरी नगर निवासी मधुवाला तिवारी एक विज्ञापन देखकर डूप्लेक्स या सिंगलेक्स खरीदने एरिना डेबलपर्स के शेख जिलानी व अतुल साहू से सम्पर्क किया जिन्होंने महिलाको बताया कि ये जमीन सत्येन्द्र यादव की है जिसमें दोनों जमीन डेव्लप कर सिंगलेक्स बनाकर बेच रहे हैं। मधुवाला तिवारी ने साइड की विजिट की तो उन्हें पता चला कि उक्त जमीन सत्येन्द्र की ही है। जमीन पर डेब्लेप करने व मकान की बिक्री की जिम्मेवारी का काम एरिना डेब्लेपर्स को सौंपा गया है। इस काम के लिए ऐरिना डेब्लेपर्स ने शेख जिलानी व अतुल साहू को नियुक्त किया है दोनों ने मधुवाला को साइड पर दस्तावेज दिखाये तो मधुवाला तिवारी को विश्वास हो गया कि यहां प्लाट व डूप्लेक्स किया जा सकता है। मधुवाला ने साइड पर ही प्रथम एडवांस राशि 21 हजार रूपए नगद दी। उसके बाद मधुवाला के निज निवास धनवंतरी नगर महादेव परिसर में अतुल साहू व शेख जिलानी के पिता व पत्नी आये थे जिन्हें मधुवाला ने 3 लाख रूपए के दो चैक व 7 लाख रूपए नगदी कुल दस लाख रूपए दे दिये। दस लाख रूपए लेने के बाद बुक किये गये प्लाट व सिंगलेक्स में महिला की



मनपसंद टाईल्स भी लगायी गई जब मधुवाला ने अतुल साहू व शेख जिलानी से मकान की रजिस्ट्री कराने कहा तो दोनों बोलों जमीन सीलिंग की है अभी रजिस्ट्री नहीं हो सकती। महिला के पूछने पर शेख जिला ने कहा कि मुझे धोखे में रखकर जमीन पर डेव्लेप कराया गया है शंका होने पर मधुवाला ने जब शेख जिलानी दस लाख रूपए बुकिंग के वापिस मांगे तो वह बोला कि मकान 13 लाख रूपए में दूसरे ने खरीद लिया है। मैं तुम्हे दस लाख रूपए के बदले 14 लाख रूपए वापिस कर दूंगा। जिलानी ने मधुवाला को 5-5 लाख रूपए के दो चैक दिए और शेख चार लाख रूपए रजिस्ट्री के बाद देने को कहा। मधुवाला के चैक बैंक में लगाने पर दोनों चैक बाउंस हो गये। इस तरह दोनों जालसाजों ने महिला को प्लाट पर मकान डेव्लप कर देनें का झांसा देकर उसके दस लाख रूपए हड़प लिए।

### लोकायुक्त ने सहायक ग्रेड-2 को रंगे हाथ दबोचा, कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्था में कार्रवाई

# रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर मांग रही थी रिश्वत

हरिभूमि, जबलपुर।

भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के निर्देशों के तहत लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं जबलपुर संभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 प्रीति ठाकुर को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त एसपी अंजूलता पटले ने बताया कि आवेदक 65 वर्षीय शिवप्रसाद



कुशवाहा निवासी ग्राम कौड़िया, तहसील स्लीमनाबाद, जिला कटनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी संस्था परमलोक धाम आश्रम सेवा समिति के रजिस्ट्रेशन के एवज में सहायक ग्रेड-2 45 वर्षीय प्रीति ठाकुर द्वारा पांच हजार की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत की पुष्टि होने पर सोमवार को लोकायुक्त की टीम ने आरोपी प्रीति ठाकुर को पांच हजार लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद आरोपी महिला अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(B), 13(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी नीतू त्रिपाठी ने किया। दल में टीआई रेखा प्रजापति, टीआई बीएस नरवरिया सहित लोकायुक्त पुलिस की टीम मौजूद रही।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240